वर्ष 73 ▸ अंक 166 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 16 मार्च, 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> जीवन आपको बार-बार कुचलता है और आत्मा को थका देता है, लेकिन कला आपको याद दिलाती है कि आपके पास एक आत्मा है।
> – स्टेला एडलर

## ऑफ बीट

### वर्ल्ड रिकॉर्डः अंगूठों के सहारे किए 64 पुशअप



*स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के फिट इंडिया कार्निवल के दूसरे दिन पंजाब के कपूरथला जिले के खिलाड़ी हरप्रीत सिंह उर्फ विक्की देओल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने महज 40 सेकेंड में अंगूठों के सहारे 64 पुश-अप्स लगाकर अपना ही पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। विक्की देओल ने यह रिकॉर्ड हवा में तीन लोहे की रॉड पर संतुलन बनाते हुए बनाया। करीब तीन फीट ऊंचाई पर लगी तीन लोहे की रॉड पर शरीर को हवा में संतुलित रखते हुए उन्होंने केवल अंगूठों के सहारे पुश-अप्स लगाए। उनके इस प्रदर्शन को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। विक्की देओल ने इससे पहले 15 अगस्त 2021 को इसी तरह का रिकॉर्ड बनाया था। उस समय उन्होंने 40 सेकेंड में 40 पुश-अप्स लगाए थे।*

## संक्षिप्त खबरें

### एयर इंडिया का बड़ा फैसला
### अबू धाबी की सभी और दुबई की 5 उड़ानें रद्द



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एयरपोर्ट अथॉरिटी के निर्देशों के बाद एयर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने दुबई और अबू धाबी के लिए अपनी अधिकांश उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने बताया कि दिल्ली-दुबई रूट पर अब केवल एक रिटर्न फ्लाइट संचालित होगी, जबकि तय पांच उड़ानों में से चार रद्द कर दी हैं। वहीं एयर इंडिया एक्सप्रेस की दुबई के लिए निर्धारित छह में से पांच उड़ानें और अबू धाबी के लिए सभी पांच उड़ानें रद्द कर दी हैं। साथ ही एयर इंडिया, इंडिगो के बाद अकासा ने भी फ्यूल सरचार्ज बढ़ा दिया है।

### एच-1बी वीजाः सैलरी के आधार पर होगा चयन

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका ने विदेशी पेशेवरों के लिए जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा की चयन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब तक इस वीजा के लिए आवेदकों का चयन रैंडम लॉटरी सिस्टम के जरिए होता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया वेतन (सैलरी) के आधार पर तय की जाएगी। अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी ने इसके लिए फॉर्म आई-129 का नया सिस्टम लागू करने की घोषणा की है, जो 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य होगा। नए नियम के तहत कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल की जाने वाली याचिका में नौकरी से जुड़ी विस्तृत जानकारी देनी होगी। इसमें वेतन, पद और कार्य की प्रकृति जैसे विवरण शामिल होंगे। इस बदलाव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अधिक अनुभवी और उच्च वेतन वाले प्रोफेशनल्स को एच-1बी वीजा मिलने की संभावना ज्यादा हो। नई प्रक्रिया में आवेदकों को चार अलग-अलग वेतन स्तरों में बांटा जाएगा। इसमें शुरुआती स्तर के पेशेवर, मध्यम अनुभव वाले कर्मचारी और सबसे अनुभवी और उच्च वेतन वाले प्रोफेशनल्स होंगे।

### चुनाव आयोग ने किया पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान

# पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान, सभी नतीजे 4 मई को

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरलम, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। पांचों राज्यों में मतदान अप्रैल में होगा, जबकि सभी चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही इन राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि इन पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में कुल 17.4 करोड़ मतदाता हैं। यहां 824 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। सभी सीटों पर वोटों की गिनती 4 मई को होगी।

इन पांच राज्यों के चुनावों को आगामी राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने वाला भी माना जा रहा है, क्योंकि यहां के नतीजे आने वाले वर्षों में राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि इन सभी विधानसभाओं का कार्यकाल मई-जून 2026 के दौरान समाप्त हो रहा है, इसलिए उससे पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

गौरतलब है कि पिछली बार यानी 2021 के विधानसभा चुनावों का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था। उस समय पश्चिम बंगाल में 8 चरणों में मतदान हुआ था, जबकि असम में 3 चरणों में चुनाव हुए थे। तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में तब भी एक ही चरण में वोटिंग हुई थी।

**05 राज्यों में चुनावः** असम, केरलम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होंगे।
**04 मई को नतीजेः** सभी राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

**03 तारीखों में मतदानः** असम, केरल, पुडुचेरी में 9 अप्रैल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल (पहला चरण) में 23 अप्रैल और पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा।


**824 सीटों पर मतदानः** पांच राज्यों में कुल 824 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग कराई जाएगी।
**17.4 करोड़ मतदाताः** करीब 17.4 करोड़ वोटर मताधिकार का प्रयोग करेंगे।




रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग ने चुनावी तारीखों का ऐलान किया।

### चुनाव शेड्यूल

| राज्य | सीटें | वोटिंग |
|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | 294 | 23-29 अप्रैल |
| तमिलनाडु | 234 | 23 अप्रैल |
| असम | 126 | 9 अप्रैल |
| केरलम | 140 | 9 अप्रैल |
| पुडुचेरी | 30 | 9 अप्रैल |




51 दिन चलेगी चुनाव के ऐलान से नतीजों तक पूरी चुनाव प्रक्रिया

**रिजल्ट** 4 मई 2026

**मतदाता सूची संशोधन में नाम कटेः** चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 74 लाख 7 हजार 207 नाम हटाए गए। पश्चिम बंगाल में करीब 58 लाख, केरलम में लगभग 8 लाख, असम में 2 लाख, जबकि पुडुचेरी में सबसे कम 77 हजार मतदाताओं के नाम हटे हैं।



- **तमिलनाडु** में राजनीति लंबे समय से डीएमके और एआईएडीएमके के बीच केंद्रित रही है। फिलहाल राज्य में एमके स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके की सरकार है, जिसने 2021 के चुनाव में कांग्रेस और वामपंथी दलों के साथ गठबंधन कर सत्ता हासिल की थी।



- **केरलम** में परंपरागत रूप से हर चुनाव में सत्ता बदलती है, लेकिन 2021 में वाम मोर्चे ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाई।



- **असम** में 10 सालों से भाजपा सत्ता में है। भाजपा को रोकने के लिए कांग्रेस ने कई विपक्षी दलों के साथ गठबंधन बनाया है।



- **पुडुचेरी** में 2021 में भाजपा ने गठबंधन से सत्ता हासिल की। पहली बार था जब भाजपा सत्ता में सीधे तौर पर भागीदार बनी।

### चार बार सीएम बनने वाली पहली नेता बन सकती हैं ममता

पश्चिम बंगाल में पिछले तीन कार्यकाल से ममता बनर्जी मुख्यमंत्री हैं और उनकी पार्टी टीएमसी का मुकाबला मुख्य रूप से भाजपा से है। यदि इस बार भी टीएमसी जीतती है तो ममता बनर्जी लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बनने वाली देश की पहली महिला नेता बन सकती हैं।



### लंबी कतारेंः खत्म नहीं हो रही एलपीजी की किल्लत

# कालाबाजारीः 35 सौ में बिका 950 का सिलेंडर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध का असर अब भारत में भी दिखाई देने लगा है। देश के कई राज्यों में एलपीजी गैस की किल्लत बढ़ गई है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब-चंडीगढ़, हरियाणा, राजस्थान और बिहार समेत कई जगहों पर लोग सुबह से ही गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आए। गैस की कमी के चलते कालाबाजारी भी तेजी से बढ़ रही है। रविवार को बाजार में करीब 950 में मिलने वाला घरेलू गैस सिलेंडर ब्लैक में 3500 रुपए तक बेचा जा रहा है, जबकि करीब 2000 का कमर्शियल सिलेंडर 5000 रुपए तक में बिकने की खबरें सामने आ रही हैं।

**उत्तर प्रदेशः** कानपुर में एक गैस एजेंसी के बाहर सुबह 9 बजे 'आज गैस नहीं मिलेगी' का नोटिस लगाए जाने के बाद लोगों ने हंगामा कर दिया। लखनऊ में रिसॉर्ट से 88 सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

**राजस्थानः** एलपीजी और सीएनजी स्टेशनों पर भी एक-एक किलोमीटर लंबी लाइनें लग रही हैं। कई वाहन चालक पूरी रात स्टेशन के बाहर इंतजार करने को मजबूर हैं।

**बिहारः** पटना में लोग सुबह 4 बजे से गैस एजेंसी के बाहर लाइन में खड़े दिखाई दिए। नाराज लोगों ने सड़क जाम किया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ।



### मध्य प्रदेशः सिलेंडर के लिए सुबह से कतारें

मध्य प्रदेश में भी गैस की कमी से आम लोगों और कारोबारियों दोनों को परेशानी हो रही है। कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से कई होटलों और ढाबों के चूल्हे ठंडे पड़ गए हैं। इटारसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस संकट को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ विरोध जताया।

**पंजाब-चंडीगढ़ः** बरनाला में एक चाय विक्रेता के ठेले से सिलेंडर चोरी होने की घटना सामने आई है।

**हरियाणाः** पेट्रोल पंपों पर डीजल की बिक्री सामान्य से ज्यादा हो रही है, लोग अतिरिक्त स्टॉक करने लगे हैं।

### पीएनजी उपभोक्ताओं को एलपीजी नहीं मिलेगा

देश में गहराते गैस संकट के बीच सरकार ने सप्लाई नियमों में बदलाव किया है। नए निर्देश के मुताबिक जिन घरों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का कनेक्शन है, उन्हें अब एलपीजी सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। सरकार का कहना है कि इससे सीमित गैस आपूर्ति को बेहतर तरीके से उन घरों तक पहुंचाया जा सकेगा जहां केवल एलपीजी पर ही खाना बनता है।

### जंग का 16वां दिनः ईरान का बड़ा आरोप

# एपस्टीन गैंग रच रहा 9/11 जैसी साजिश

**वॉशिंगटन/तेहरान, जेएनएन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग रविवार को 16वें दिन में प्रवेश कर गई। इस बीच, ईरान के वरिष्ठ अधिकारी अली लरिजानी ने दावा किया है कि अमेरिकी कारोबारी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े कुछ लोग 9/11 जैसे हमले की साजिश रच रहे हैं और इसका आरोप ईरान पर लगाने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने कहा, ईरान किसी भी आतंकी हमले का समर्थन नहीं करता, उसका अमेरिकी जनता से युद्ध नहीं है। ईरान ने इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया है। मिसाइल के टुकड़े गिरने से उस इमारत को नुकसान पहुंचा है जहां अमेरिकी राजनयिक काम करते हैं। इधर ईरान के खार्ग आइलैंड पर अमेरिकी हमले के बावजूद तेल टैंकरों में कच्चा तेल लोड करने का काम जारी है। वहां 5 टैंकर पहले ही फ्यूल ऑयल भर चुके हैं, जबकि 2 लोड होने का इंतजार कर रहे हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने चेतावनी दी कि कोई भी देश ऐसा कदम न उठाए जिससे जंग का विस्तार हो।



### ईरानः सुप्रीम लीडर को लेकर अफवाहें खारिज

ईरान ने सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई के घायल होने की खबरों को खारिज किया है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि वे पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं लगी है।

**नेतन्याहू को 'ढूंढकर मारने' का ऐलानः** साथ ही ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेकर बड़ा बयान दिया है। आईआरजीसी ने कहा है कि अगर 'बच्चों की हत्या करने वाला अपराधी नेतन्याहू जिंदा है तो उसे ढूंढकर मार दिया जाएगा।' नेतन्याहू की सेहत को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि अफवाहों के बीच वे रविवार को कॉफी पीते दिखाई दिए हैं।

### होर्मुज स्ट्रेट खोलने की कोशिश

ब्रिटेन के ऊर्जा मंत्री एड मिलिबैंड ने कहा है कि उनके देश समेत कई सहयोगी देश मिलकर होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने के विकल्पों पर काम कर रहे हैं। इस अहम समुद्री रास्ते के बाधित होने से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो इसका असर सिर्फ मध्य पूर्व ही नहीं बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ सकता है।

### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकी ढेर

**पुंछ/उरी, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की एक और कोशिश नाकाम कर दी है। बारामूला जिले के उरी सेक्टर में चल रहे 'ऑपरेशन डिग्गी-2' के दौरान एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया गया। वहीं पुंछ जिले में जारी 'ऑपरेशन शेरीकलां' के दौरान एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) शहीद हो गए। सेना के मुताबिक उरी सेक्टर में एलओसी के पास संदिग्ध गतिविधि देखे जाने के बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। 14-15 मार्च की रात बुछार इलाके में घुसपैठ कर रहे आतंकियों को रोकने के दौरान मुठभेड़ हुई।

**पुंछ ऑपरेशन में जेसीओ शहीद**

### नेपानगर में जनजातीय सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने की घोषणा

# प्रोसेसिंग हब बनाया जाएगा बुरहानपुर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुरहानपुर जिला मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण है। हम बुरहानपुर को एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश के जनजातीय वर्ग का समग्र विकास हमेशा से ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है। विकास तभी सार्थक है, जब इसके प्रकाश का पूरा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री रविवार को बुराहनपुर जिले के नेपानगर में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने बताया कि नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं को शासकीय मंजूरी दी गई है। यह योजनाएं क्षेत्र के 34 हजार 400 किसान परिवारों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि किसी अनर्गल प्रलाप से कतई प्रभावित न हों। इन परियोजनाओं के निर्माण में हमारी सरकार किसी भी व्यक्ति या किसान को घर से बेघर नहीं होने देगी। हम सबके हितों का बराबर ध्यान रखेंगे। प्रदेश के वनवासियों को दिए गए वन अधिकार पट्टों को अब राजस्व विभाग के माध्यम से संपत्ति की रजिस्ट्री के रूप में बदला जाएगा।



### राहुल गांधी पर साधा निशाना

सीएम ने सम्मेलन के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष को देश की प्रगति पच नहीं पा रही है। विपक्ष देश की साख गिराने का काम कर रहा है। विशेषकर राहुल गांधी अपनी नादानियों से पद की गरिमा का मान लगातार गिरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र का मजाक बनाती है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में हमारे नेता अटल बिहारी वाजपेयी ने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया, लेकिन राहुल गांधी क्या कर रहे हैं, यह पूरा देश देख रहा है।

# भारतीय श्रद्धालुओं की बस खाई में गिरी

### नेपालः मनकामना मंदिर से लौटते समय हादसा, सात की मौत

**काठमांडू, जेएनएन।** नेपाल के गंडकी प्रांत के गोरखा जिले में शनिवार रात भारतीय तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य यात्री घायल हो गए। सभी यात्री प्रसिद्ध मनकामना मंदिर में दर्शन करने के बाद लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार श्रद्धालुओं को लेकर जा रही माइक्रोबस मंदिर से वापस आ रही थी, तभी अचानक वाहन नियंत्रण खो बैठा और करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गया। हादसे के बाद मौके पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया।

दुर्घटना में घायल सात लोगों को भरतपुर स्थित चितवन मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक बस में एक दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। प्रशासन ने बताया कि बस मनकामना मंदिर से तनहुन जिले के अंबुखैरेनी इलाके की ओर जा रही थी। घटना के बाद देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलता रहा। हादसे में बस का ड्राइवर सुरक्षित बच गया, जबकि उसका सहायक घायल हुआ है। नेपाल में पहाड़ी भूगोल और खराब सड़कों के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम हैं। विश्व बैंक के मुताबिक 2007 के बाद सड़क हादसों से आर्थिक नुकसान तीन गुना बढ़ गया है।



**सभी मृतक भारतीय नागरिक**

गोरखा जिला ट्रैफिक पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज अर्याल के मुताबिक मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं और सभी भारतीय नागरिक थे। जिला पुलिस प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार मृतकों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामालिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलरसी (60) के रूप में हुई है।

### राहुल ने की कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक और दलित नेता कांशीराम को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग एक बार फिर उठाई है। उन्होंने कांशीराम को सामाजिक सशक्तिकरण और उम्मीद का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनके योगदान को देश का सर्वोच्च सम्मान मिलना चाहिए।

राहुल गांधी ने कांशीराम की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर यह मांग की। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि कांशीराम ने भारतीय लोकतंत्र की नींव को मजबूत किया और समाज के वंचित वर्गों में राजनीतिक जागरूकता पैदा की।

**कारगर तकनीक** — लक्षद्वीप में बन रहा अनोखा प्लांट; मीठे पानी के साथ 24 घंटे मिलेगी बिजली

# अब समंदर का खारा पानी भी बनेगा पीने लायक

**कवरत्ती, जेएनएन।** चारों ओर समुद्र से घिरे द्वीपों के सामने आमतौर पर दो बड़ी चुनौतियां होती हैं- पीने के लिए मीठे पानी की कमी और सस्ती तथा भरोसेमंद ऊर्जा का अभाव। अब लक्षद्वीप में इन दोनों समस्याओं का समाधान खुद समुद्र से ही मिलने वाला है। राजधानी कवरत्ती में एक ऐसा अत्याधुनिक प्लांट तैयार किया जा रहा है, जो समुद्र के तापमान के अंतर से बिजली पैदा करेगा और उसी प्रक्रिया में समुद्री पानी को शुद्ध कर पीने योग्य भी बनाएगा।

यह महत्वाकांक्षी परियोजना पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत काम करने वाले नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी) द्वारा विकसित की जा रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह प्लांट इस साल के अंत तक तैयार हो सकता है और पूरी दुनिया के लिए एक नई तकनीकी मिसाल बनेगा।

### ओटीईसी तकनीक पर आधारित होगा प्लांट

कवरत्ती में बन रहा यह प्लांट ओशन थर्मल एनर्जी कन्वर्जन (ओटीईसी) तकनीक पर आधारित है। इस तकनीक में समुद्र की सतह के गर्म पानी और गहरे समुद्र के ठंडे पानी के बीच तापमान के अंतर का उपयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया में पहले समुद्र की सतह से लिए गए गर्म पानी को वैक्यूम चेंबर में डाला जाता है, जहां वह भाप में बदल जाता है। यह भाप टरबाइन को घुमाती है, जिससे बिजली पैदा होती है। इसके बाद गहरे समुद्र से लाए गए बेहद ठंडे पानी से इस भाप को ठंडा किया जाता है। इस प्रक्रिया के दौरान संघनन से मीठा पानी तैयार होता है। इस तरह यह प्लांट एक साथ दो काम करेगा- बिजली उत्पादन और समुद्री पानी को मीठे पानी में बदलना।



### रोज बनेगा एक लाख लीटर मीठा पानी

नए प्लांट से हर दिन करीब एक लाख लीटर पीने योग्य पानी तैयार होगा। सबसे खास बात यह है कि इसे चलाने के लिए न तो डीजल की जरूरत होगी और न ही बाहर से बिजली लेनी पड़ेगी। यह प्लांट अपनी बिजली खुद पैदा करेगा।

### बिजली जरूरत भी पूरी होगी

वर्तमान में लक्षद्वीप में बिजली उत्पादन के लिए मुख्य रूप से डीजल जनरेटरों पर निर्भर रहना पड़ता है। मुख्य भूमि से जहाजों के जरिए डीजल लाना महंगा होने के साथ-साथ समुद्री पर्यावरण के लिए भी जोखिम भरा होता है। नया प्लांट रोजाना करीब 65 मेगावाट बिजली पैदा करने में सक्षम होगा। पूरे लक्षद्वीप की दैनिक बिजली जरूरत 10 से 12 मेगावाट ही है। यह प्लांट यह जरूरत पूरी करने के साथ अन्य द्वीपों को भी अतिरिक्त स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध करा सकेगा।

### पहले से इस्तेमाल हो रही है दूसरी तकनीक

लक्षद्वीप के आठ द्वीपों में अभी लो टेम्परेचर थर्मल डीसैलिनेशन (एलटीटीडी) तकनीक से समुद्री पानी को मीठा बनाया जा रहा है। इस तकनीक में समुद्री पानी को भाप बनाकर और फिर ठंडा करके मीठा पानी तैयार किया जाता है। हालांकि इन प्लांटों को चलाने के लिए डीजल जनरेटर से बिजली लेनी पड़ती है, जिससे लागत बढ़ जाती है और पर्यावरण पर भी असर पड़ता है।

### समुद्र की 1000 मीटर गहराई से आएगा ठंडा पानी

परियोजना का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा समुद्र की गहराई से ठंडा पानी लाना है। इसके लिए वैज्ञानिक 3.8 किमी लंबी पाइपलाइन बिछा रहे हैं। 900 मिमी व्यास की हाई डेंसिटी पॉलीएथीलीन पाइपलाइन 1000 मीटर गहराई से समुद्र का ठंडा पानी ऊपर लाएगी। कवरत्ती के लैगून क्षेत्र में इस पाइपलाइन को जोड़ने और समुद्र में स्थापित करने का काम तेजी से चल रहा है।

# 25 साल पुरानी चुनावी रंजिश पिता की पत्थर मारकर हत्या

### सागरः बेटे को साइकिल की चेन से पीटा, भोपाल रेफर

**जागरण, सागर।** सरपंची के चुनाव को लेकर 25 साल पुरानी रंजिश में पांच लोगों ने शादी से लौट रहे पिता-पुत्र पर प्राणघातक हमला कर दिया। आरोपियों ने सड़क पर पड़े बड़े-बड़े पत्थरों से पीट पीटकर पिता की हत्या कर डाली। जबकि बेटे पर साइकिल चेन से कई वार किए। बुरी तरह घायल बेटे को भोपाल रेफर किया गया है। हमले के बाद पांचों आरोपी फरार हो गए।

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बम्होरी तिगड्डे का है। पुलिस के मुताबिक बाग खैजरा निवासी प्रदीप पांडेय (40) बेटे रचित (21) के साथ गांव में शादी समारोह में पहुंचे थे। समारोह में मौजूद अनिल पांडेय ने पुरानी रंजिश को लेकर विवाद शुरू कर दिया। दोनों के बीच झूमाझटकी होते देख अन्य लोगों ने विवाद शांत करा दिया। बाद में प्रदीप बेटे के साथ लौट रहे थे, तभी अनिल ने 4-5 साथियों के साथ मिलकर पिता-पुत्र पर अचानक हमला कर दिया। दोनों को आरोपियों ने बुरी तरह पीटा। सूचना मिलने पर परिजन, पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। अस्पताल ले जाने पर प्रदीप की मौत हो गई, जबकि रचित को तत्काल भोपाल रेफर किया गया है। बताया जाता है कि दोनों परिवारों के बीच 25 साल पुराना विवाद चला आ रहा है। गांव के सरपंच पद के चुनाव में आमने-सामने रह चुके हैं।



प्रदीप पांडेय, मृतक

# साहित्य सृजन

## छोड़ छांड़ के सिलेंडर के आस



चला छबीले खेली तास,हमका तोहका कभौ न मिली
छोड़ा गैस केर तू आस !चला छबीले खेली तास !!
कंडा लकड़ी के दिन आबा, भले करय तू मोदी बाबा,,
हम देउतन से इहै मनाई,कबहू गाँव न परय उपास !
चला छबीले खेली तास !!
लिहे चलित हे दरी बिछौना हम तू अठ होइजाब बबौना
पेड़ के नीचे बढ़ियाँ बईठब पान सुपाड़ी हमरे पास !
चला छबीले खेली तास !!
उनखर सेटिंग हबै ऊपर तक लाइन लगे हमा ब्योहर तक
नेता चाही आपन पिट्ठू , अफसर चाही आपन खास !
चला छबीले खेली तास !!
हमका तोहका कभौ न मिली छोड़ा गैस केर तू आस !!

**आशीष तिवारी, 'जुगनू' अमाव त्योंथर**

## होगा फिर तुमसे मिलन



आँखो में आँसू भरे, चूल्हा पड़ा उदास!
खड़ा सिलेंडर दे रहा, उसको झूठी आस!!
मैं भी तो मजबूर हूँ, खाली खाली पेट!
होगा फिर तुमसे मिलन, घट जाने दो रेट!!
दोनों की सुनकर व्यथा, बोली प्याज लजाय!
मुझको पिय छूता नहीं, कौने दिया छुपाय!!
लाया भैस खरीद कर, बेची अपनी कार !
चला रहा अब सायकिल, बैठा बीवी यार!!
पाया था कल मुफ्त में, बाइक भैयालाल!
वापिस कर ससुराल में, हुआ आज खुशहाल!!
दुआ करो मिलकर सभी, चूल्हा कभी न रोय!
बने सिलेंडर भी सुखी, गले मिले फिर दोय!!

**सुरेश गुप्त,'ग्वालियरी', विंध्य नगर बैढ़न**

## बेटी बचाओ



बेटी के कोख बचाने का संकल्प अमर कर दो
खुशहाल रहे घर आंगन श्रृंगार अमर कर दो
रोशन करती वतन बेटियाँ नभ में जल में थल में
हिमिगिर की तुंग शिखर में जीवन के सुन्दर तल में
रजनी की दीप शिखा सी, गोधूलि की बेला सी
चन्दा की चंद्र किरण सी तन, मन की परछाई सी
तपसी में शिवा उमा सी तपबल में अनुसुइया सी
सुख दुःख में क्षमा धरा सी क्रन्दन में ध्रुपद सुता सी
मानस की जनक सुता सी महाभारत की कुन्ती सी
तुम हो, जननी, जगदम्बा, सिन्दूर हो वीर शहीदों की
आरधन में मीरा सी, पगनूपुर के कलरव सी
सरगम में पंचम स्वर सी, लज्जा कि लालिमा सी...
हो तुम, माँ, भगिनी, पुत्री, पत्नी, जीवन की मधुवन सी...
हो मर्यादा के बंधन सी, घूंघट के अवगुंठन सी...
उर्मिला, मण्डवी, गार्गी, का इतिहास अमर कर दो...
मंदिर की सजी आरती सी उपवन में मधुगुंजन सी...
वेदों की वेद ऋचा सी, गंगा की पावन धारा सी...
तुम सरस्वती, लक्ष्मी, दुर्गा मुहबोली लक्ष्मीबाई सी...
तुम शान तिरंगे की हो नीर भरी बदली सी हो...
उन अश्रु भरे नयनों का सिंदूर अमर कर दो...
सिसक रही ममता करुणा बेटी की लाज बचा लो अब...
लुट रही देश की मानवता गांडीव उठाओगे फिर कब...
वो गौरवमय अतीत भारत का पुनः हमें लौटा दो...
वे सप्तपदी मंडप के अरमान अमर कर दो...
नव गति, नवलय, नवल-कंठ, को नव पर नव स्वर दो...
खुशहाल रहे घर आंगन श्रृंगार अमर कर दो

**डॉ. जवाहर सिंह गहरवार, हिनौता**

## वक्त बीता है आज़माने में



जीने की आस दे गया कोई। मन को मधुमास दे गया कोई।।
थे अधर जिसकी चिर प्रतीक्षा में। प्यार की प्यास दे गया कोई।।
फर्क उद्गम में है मुहाने में। वक्त बीता है आजमाने में।।
रूठकर भी गले से वो लगता। कुछ कमी रह गयी मनाने में।।
फूलों के न चुभन के होते हैं। हम न पतझर चमन के होते हैं।।
प्यार से जो भी पुकारे हमको। उसी सुरभित सुमन के होते हैं।।

**आशीष त्रिपाठी, मैहर**

## फौजी की अभिलाषा



न मैं सिंहासन का स्वप्न देखूं,न स्वर्ण मुकुट का मान मुझे।
न मेरी चाह कि भीड़ कहे कितना महान जवान मुझे।
बस इतनी-सी अभिलाषा है,जब सीमा पर दुश्मन खड़ा हो।
तिरंगे की आन बचाने को,मेरा जीवन ही न्योछावर हो।
न फूल चढ़ें मेरी तस्वीरों पर,न गीत लिखे जाएं नाम मेरे।
मां भारती कह दे रोकर,मेरा बेटा था काम मेरे।
तिरंगा मुझको ओढ़ा देना, बंदूक मेरी सहचरी हो।
मेरी सांस थमें उस पल ही, जब जय-भारत की गूंज भरी हो।
जो नाम मिला है जीवन में, वो बस पहचान निभाता है।
मैं रहूं न रहूं इस धरती पर, भारत मुझमें जीवित जाता है।।

**अभिनय शुक्ला, त्योंथर**

## कौन है? मां है!



जीवन दिया, पालन किया, बड़ा किया, पढ़ाया लिखाया,
कौन है? मां है!
फटेहाली में दर्द लिए पर, देती खुशियां दूसरों के लिए
कौन है? मां है!
अपना क्या? पराया क्या? खाया नहीं, मेरे लिए,
कौन है? मां है!
गुमसुम सी आहट लिए, सहमी सी मुस्कुराहट लिए,
कौन है? मां है!
जूठन जिसकी भूख मिटाए,हमको लेकर जिसको नींद न आए
कौन है? मां है!

**रोहित सिंह चंदेल 'अलंकर', सीधी**

## नववर्ष



नव पल्लव वृक्ष सुहाय रहे,नव उत्सव भूमि मनाय रही।
नववर्ष सुहावन पावन ये,नव गीत धरा हँस गाय रही।
वन बाग सजे नव दुल्हन से ,नव कुंज विलोक लजाय रही।
नवरात्रि सुपावन उत्सव में ,नव रूप धरे जनु आय रही।
सबके हित आशिष हाथ लिए,जग की जननी हरषाय रही।
नववर्ष क पावन उत्सव है,निज शक्ति कृपा बरसाय रही।
यह भारत का नववर्ष अहै,सज सृष्टि सनी सरसाय रही।
शत कोटि बधाइ महर्षि कहैं ,लिखि लेखनि भी करसाय रही।।

**हरिकान्त अग्निहोत्री, 'महर्षि' रीवा**

## अपना किरदार



मुझको पलकों में सजा कर देखो, तुम नज़र मुझ पे जमा कर देखो।।
अपना किरदार अगर देखना है, आइना खुद को बना कर देखो।।
राख से फिर भी उठूँगा मैं ही, चाहे सौ बार गिरा कर देखो।
घर गरीबों के गिराने वालों,कोठी अपनी भी गिरा कर देखो
पहले तुम खुद ख़ाक करो हस्ती फिर,
ख़ाक में ख़ाक मिला कर दैखो।।

**गुरु नागेन्द्र मिश्र 'मणि'**

## बघेली नीति बचन



मानहिं बेद न धर्म, असुभ बचन बोलैं सदा।
करहिं सदा दुष्कर्म, जे पापी अरु अधम अति॥
करैं सदा अपघात, मातु पिता गुरु बंधु से।
जिनहीं प्रिय जाजात, तेइ कहाबत अधम नर॥
नहिं विवेक नहिं ज्ञान, नहिं गुण शील न दान तप।
पसु बिन पूँछ बिसान, ते विचरत महि भार सम॥
जे न पढ़ाबय बाल,मातु बैरि पितु सत्रु सम।
बागैं बने मराल, बगुला सम जानहु तिनहिं॥
माधव खोट बिकाय, खर कै कतहूँ पूँछ नहि।
कपिला मारी जाय, खेत खाय हरहा निपट॥

**डॉ. अशोक त्रिपाठी 'माधव', शहडोल**

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

### आठ सत्र सम्पन्न



**जागरण, अमदरा**

मंडल अमदरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग 2026 का आयोजन ओरिजन एकेडमी विद्यालय अमदरा में किया गया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम और दूसरे दिवस में कुल आठ सत्र सम्पन्न हुए जिनमें संगठन की विचारधारा कार्यपद्धति और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र में जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने मुख्य वक्ता रहे जबकि अध्यक्षता रामेश्वर सिंह ने की। द्वितीय सत्र में जिला मंत्री जितेंद्र शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और अध्यक्षता शिवकुमार शुक्ला ने की। तृतीय सत्र में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कैलाश गौतम मुख्य वक्ता रहे तथा अध्यक्षता विष्णु अग्रवाल ने की। चतुर्थ सत्र में अशोक चौबे ने अपने विचार रखे और अध्यक्षता जगबंधु शिवहरे ने की।कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन मंडल अध्यक्ष सुजीत शिवहरे द्वारा किया गया। इसके बाद आयोजित दूसरे दिन पंचम सत्र में पूर्व जिला उपाध्यक्ष सनत गौतम मुख्य वक्ता रहे जिन्होंने बैठक प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यसमिति प्रवास आंदोलन मन की बात कार्यशाला कार्यालय के विषय में जानकारी दी तथा अध्यक्षता अधिवक्ता रमाकांत दुबे ने की। षष्ठम सत्र में जिला उपाध्यक्ष गोरेलाल पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और अध्यक्षता नत्थूलाल ने की। सप्तम सत्र में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए जिसकी अध्यक्षता श्रीचंद्र पटेल ने की। इस अवसर पर विधायक श्री चतुर्वेदी ने प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, लाड़ली बहना योजना किसान हितैषी योजनाओं सहित अन्य विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। अष्टम सत्र में अमित राय मुख्य वक्ता रहे और अध्यक्षता आशा सिंह ने की। इस अवसर पर मंडल प्रभारी उत्तम पटेल मंडल अध्यक्ष सुजीत शिवहरे मंडल महामंत्री विवेक दीपू तिवारी कामता सोनी सुजीत शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाज सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# कसौधन समाज के जिला स्तरीय होली मिलन समारोह के मुख्यातिथि संरक्षक जीपी गुप्ता रहे



**जागरण, सतना।** कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज गुप्ता जिला अध्यक्ष द्वारा की गई। अतिथि के रूप में जी पी गुप्ता ऋषिकेश गुप्ता,सुरेश गुप्ता जितेंद्र गुप्ता निधिघोपाल अशोक गुप्ता मंचासीन रहे। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए संयोजक ऋषिकेश ने कहा जब तक हमारा समाज संगठित रूप से सामूहिक प्रदर्शन नहीं करता तब तक हमारे समाज की ताकत बिखरी हुई रहेगी। कसौधन समाज द्वारा पूरे जिले जन जागरण रथ यात्रा निकाली जाएगी। हर ग्राम में रथ यात्रा का विश्राम होगा। रथयात्रा का संचालन जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं उनकी पूरी टीम करेगी। 15 सितंबर ऋषि पंचमी कश्यप जयंती समारोह को रथयात्रा का समापन होगा। सामाजिक बंधुओ द्वारा हास्य व्यंग्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई साथ ही फाग पारंपरिक गीतों की रंगीन फुहारों के साथ होलिमिलन समारोह मे चार चांद लगाए। एक दूसरे से गले मिलते हुऐ रंग गुलाल लगाकर सराबोर होकर मेल मुलाकात हुई। कार्यक्रम में रामजी गुप्ता अजय गुप्ता निधिगोपाल गुप्ता दिलीप गुप्ता रामानंद चंद्रभान ज्ञानचंद ऋषिकेश विनोद गंगा गुप्ता दिलीपराज समाज के सभी मंडलों के पदाधिकारी कृपाशंकर श्यामनगर कृष्णगढ़ से राजू गुप्ता जैतवारा से अजय राकेश राजेश मनोज रमेश अन्य सहयोगिगण बिहरा से सुरेश ज्ञानी अन्य सभी सहयोगीगण सभी सहयोगीजन रामपुर से अशोक गुड्डू राजेश अटरा से शिवकुमार डा अशोक सज्जनपुर से द्वारिका एयरपोर्ट के डायरेक्टर अशोक रामेश्वर प्रद्युम्न करुणानिधान आदि सैकड़ों सामाजिक बंधुओं ने जिनके नामो का उल्लेख हम नहीं कर पा रहे हैं उन सभी ने होलिमिलन समारोह के एतिहासिक कार्यक्रम में जीवंत उपस्थिति दर्ज़ करते हुए समर्पण भाव से अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य किया।

# राज्य मंत्री ने भीमराव की प्रतिमा का किया अनावरण



**जागरण, उचेहरा।** जनपद के ग्राम पंचायत अटरा में बीते दिन सादे किन्तु गरिमामय आयोजन में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के मुख्य आतिथ्य में यह आयोजन सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस नेत्री डॉ रश्मि सिंह ने की जबकी विशिष्ट अतिथि के रुप मे जिला पंचायत के सभापति ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू कृषि विभाग के एडिशनल डायरेक्टर आर एस चर्मकार सरपंच श्रीमती सुषमा सिंह रही। बाबा साहब सामाजिक संगठन के अध्यक्ष सुरेश कुमार रैदास शैलेन्द्र सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह सतीश रजक प्रशांत प्रिंस सिंह जागेंद्र सिंह सुखेन्द्र कुशवाहा शिवलाल सिंह रामविश्वास कुशवाहा मनोज प्रजापति रामकुमार चौधरी राजेंद्र चौधरी शंखू दाहिया मंच संचालक राजकिशोर सिंह, निशांत गुप्ता राकेश केवट अभिषेक उपाध्याय लालमन सिंह, धीरू चौधरी उपसरपंच श्रीमती आराधना सिंह सविता रजक विद्या सिंह राजा बाई सीमा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी मौजूद रहे। आयोजन में उपस्थित जन प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर आयोजन समिति ने सम्मान किया गया। मेन मार्केट अटरा में हुये चौक के निर्माण उपरांत प्रतिमा का अनावरण बी एस एस कमेटी द्वारा किया गया है।

# एकेएस में कोनियाप्स 32 का समापन

### युवा शोधकर्ताओं ने प्रस्तुत किए नवाचार



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस संकाय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 32वें अंतरराष्ट्रीय भौतिक विज्ञान सम्मेलन कोनियाप्सङ्क32 का रविवार को समापन हुआ। विज्ञान प्रौद्योगिकी गणित तथा संयुक्त राष्ट के सतत विकास लक्ष्यों पर केंद्रित इस सम्मेलन में देश-विदेश के सैकड़ों वैज्ञानिकों शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान कुल 50 मौखिक प्रस्तुतियां और 50 पोस्टर प्रस्तुतियां की गईं, जिनमें समकालीन वैज्ञानिक शोध और नवाचारों पर चर्चा हुई।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि फ्यूचर लिमिटेड के चेयरमैन प्रो आरएन भटनागर ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान और गणित के व्यावहारिक अनुप्रयोगों के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों को प्रभावी रूप से हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. प्रेम प्रकाश सोलंकी और प्रो सीके मिश्रा ने की। इस अवसर पर प्रो एनपी सिंह तथा डॉ अनिल श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों, अतिथियों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सम्मेलन के तीसरे दिन आयोजित मौखिक प्रस्तुति सत्र में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए 50 प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्धा हुई। इसमें मणिपुर विश्वविद्यालय चाचिपुर की बेबी रसोदा अहोंगशांगबम प्रथम बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के रविंद्र सिंह द्वितीय तथा जया रानी तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रस्तुति सत्र में कुल 50 पोस्टर प्रस्तुत किए गए। इसमें आईआईटी बीएचयू के प्रमोद कुमार प्रथम, सेंट एलॉयसियस कॉलेज, जबलपुर की आर्या दुबे द्वितीय तथा अनिका मेहरोत्रा तृतीय स्थान पर रहीं। पीजी वर्ग में एकेएस विश्वविद्यालय के अभिषेक प्रजापति एवं समूह प्रथम ईशा तिवारी द्वितीय और नीलम पटेल तृतीय स्थान पर रहीं। बीएससी वर्ग में सौरभ चतुर्वेदी समूह भौतिकी तथा आलोक त्रिपाठी गणित को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। पोस्टर सत्र का समन्वयन डॉ सीपी सिंह और डॉ मनोज शर्मा ने किया।

# झिरिया आश्रम खोढ़री में निरंतर 19 वर्षों से भागवत महोत्सव

### विशाल भंडारे में उमड़ा हजारों श्रद्धालुओं का जन सैलाब



**जागरण, सतना।** रामनगर क्षेत्र के ग्राम खोढ़री स्थित राम दरबार झिरिया आश्रम में आश्रम के महंत अंजनी नंदन शरण महाराज की अगुवाई में विगत 19 वर्षों से ज्ञान यज्ञ श्रीमद्भाभागवत महोत्सव एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष भी 6 मार्च से 12 मार्च तक प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने के बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त किया।श्रीमद्भाभागवत महोत्सव के दौरान कई संत-महात्माओं का निरंतर आगमन होता रहा, जिससे आश्रम का वातावरण भक्तिमय बना रहा।कथा समापन के उपरांत 13 मार्च को सीता वल्लभ शरण महाराज के मुख्य अतिथि में विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न हुआ। हवन पूर्णाहुति के पश्चात भगवान का भोग अर्पित कर विशाल एवं भव्य भंडारे का शुभारंभ किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के दौरान बड़ा अखाड़ा मैहर के सीतावल्लभ शरण महाराज का राम दरबार झिरिया आश्रम में आगमन हुआ। महाराज श्री के आशीर्वचन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। यह आयोजन आश्रम के महन्त अंजनी नंदन शरण महाराज के अगुवाई में संपन्न हुआ कार्यक्रम का सफल संचालन विजय शंकर पांडे ने किया। भंडारे में मुख्य रूप से जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश्वर पटेल पूर्व विधायक कल्पना वर्मा जिला कांग्रेस कमेटी मैहर के अध्यक्ष धर्मेश घई वरिष्ठ समाजसेवी सीधी उमेश तिवारी रविंद्र सिंह सेठी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी रामनिवास उरर्मालिया प्रदीप समदरिया प्रभात द्विवेदी राजभान सिंह राम भुवन शर्मा आरके सिंह गेंद लाल पटेल कृष्णनम सिंह किरण सेन पूनम कुशवाहा दीपा मिश्रा राम सुशील पटेल कृष्ण कांति सिंह तिवारी संतोष पांडे, हेमलता सिंह, के के कुशवाहा संदीप सिंह सत्येंद्र शर्मा राममणि शुक्ला सुरेश बैश्य देवराज सिंह इंद्रभान तिवारी रामखेलावन पांडे रामनाथ गौतम मनसुख चौरसिया महिपाल सिंह तिवारी कोमल चौरसिया मधुबन पांडे जितेंद्र सिंह जीतू अहीर गांव रामपाल कुशवाहा सरदार सिंह संजय पांडे यादवेंद्र सिंह ठाकुर दादू राकेशेश्वर सिंह धर्मेंद्र सिंह देवड़ा हाउस रामू गुप्ता देवराज नगर जयपाल सिंह दीपू मिश्रा दिवाकर सिंह सुधीर सिंह डागा रिंकू त्रिपाठी विनोद सिंह अम्लीया कल्लू सिंह कमलेश गुप्ता भीम सोनी विनय चौरसिया अनिल पाठक अखिल मिश्रा रमेश प्रजापत मनोकामना द्विवेदी मुन्ना पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# स्वास्थ शिविर का आयोजन कर एचपीवी वैक्सीन के प्रति किया जागरूक




**जागरण, सतना।** रविवार को श्री राम होम्योपैथी क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर द्वारा बिरला कॉलोनी स्टेट बैंक के सामने स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर की मुख्य विशेषता एचपीवी वैक्सीन के प्रति जनजागरूकता रही। शिविर के दौरान डॉ ऋतुराज दहायत ने उपस्थित लोगों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन विशेष रूप से महिलाओं और किशोरियों को गंभीर बीमारियों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है इसलिए समय पर टीकाकरण कराना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर लोगों को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक किया गया तथा समाज में इसके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया। शिविर में बिरला कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्रों के लगभग 100 लोगों ने पहुँचकर अपने स्वास्थ्य की जाँच कराई। मरीजों को चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया तथा आवश्यक होम्योपैथिक दवाओं का निशुल्क वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। क्षेत्रवासियों के सहयोग और सहभागिता से यह शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह के निधन पर राज्यमंत्री ने जताया शोक

### कचनार पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



**जागरण, सतना।** नागौद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेता यादवेंद्र सिंह के निधन पर प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार स्व. यादवेंद्र सिंह का 73 वर्ष की आयु में भोपाल स्थित चिरायु अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार दोपहर निधन हो गया था। वे लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे, जिनमें हाई डायबिटीज और हृदय संबंधी बीमारी शामिल थीं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम कचनार में किया गया। इस दुखद घटना के बाद राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ग्राम कचनार स्थित उनके निज निवास पहुंचीं। उन्होंने दिवंगत नेता की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की कामना की। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि यादवेंद्र सिंह का निधन क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है और उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

# कोई भी पात्र बेटी टीकाकरण से नहीं रहे वंचित

### एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए निर्देश



**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण में सतना जिला रीवा संभाग में सबसे निचले स्थान पर होकर प्रदेष के जिलों में आखिरी पायदान पर है। टीकाकरण कार्य से जुडे विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझें और महिला बाल विकास षिक्षा सर्व षिक्षा विभाग संयुक्त कार्ययोजना बनाकर 14-15 वर्षीय बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का हर पात्र बालिकाओं को टीका लगवायें। रविवार को कलेक्टर ने स्वास्थ्य महिला बाल विकास शिक्षा सर्व शिक्षा संकुल प्राचार्यो की बैठक लेकर टीकाकरण कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देष दिये। बैठक में एसडीएम अनिकेत शांडिल्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शुक्ला जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नलिनी शुक्ला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।नकलेक्टर ने कहा कि पूरे देश में 14-15 आयु वर्ग की बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण का कार्य चल रहा है। मध्यप्रदेश में एक लाख बालिकाओं को टीके लगाये जा चुके है। सतना और मैहर जिले की उपलब्धि मात्र 4 प्रतिषत है जो अत्यंत अफसोसजनक है। टीकाकरण अभियान 28 फरवरी से प्रारंभ होकर 31 मई तक चलेगा। टीकाकरण की पात्रता आयु के अनुसार 1 दिसम्बर 2010 से 31 मई 2012 के बीच जन्म लेने वाली बेटियां ही टीकाकरण की पात्र होगी। इनमें 95 प्रतिषत बालिकायें मिडिल अथवा हाईस्कूल में अध्ययनरत होगी। शैक्षणिक सत्र समाप्त होने तक इन्हें आसानी से चिन्हित कर शत -प्रतिशत लक्ष्य का टीकाकरण किया जा सकता है। दोनों जिले में एचपीवी टीकाकरण के लिए 18 केन्द्र बनाये गये है। किसी पीएचसी, उप स्वास्थ्य केन्द्र के नजदीकी शैक्षणिक संस्था अथवा ग्राम में 20 से अधिक बालिकायें होने पर जिले के 280 स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर और टीम भेजकर सेषन कराया जा सकता है। इसके अलावा आरबीएसके के माध्यम से बालिकाओं के मोबीलाइजेषन की व्यवस्था स्वास्थ्य केन्द्र तक की जा सकती है। जनपद पंचायत के सीईओ और एसडीएम के माध्यम से ग्राम पंचायतों का भी सहयोग लिया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अनेक हास्टल और स्कूलों ने अपनी जिम्मेदारी बेहतर समझी है और उन्होंने उनके यहां दर्ज सभी पात्र बच्चियों का टीकाकरण करा लिया है। संकुल प्राचार्य और जन शिक्षक लक्षित वर्ग की बालिकाओं को शत-प्रतिशत टीकाकरण की कार्य योजना बनाये। अगली बैठक में जन षिक्षक वार समीक्षा की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि कोई पात्र बच्ची टीकाकरण से वंचित रहती है तो हम उसके सुरक्षित भविष्य का हक छीन रहे है। बेटियों का 15वां जन्मदिन होने से वह टीकाकरण के लिए अपात्र हो जायेगी।

# डिजिटल जनगणना: तैयार होगी परिवार की कुंडली

जागरण जनगणना

## परिवार से पूंछे जाएंगे 33 प्रश्नों के जवाब

### इंसान के साथ ही मवेशियों की सुविधाओं की होगी गिनती




जागरण, सीधी

देश की 16वीं जनगणना का आगाज हो चुका है। वर्ष 2011 के बाद पहली बार होने जा रही ये जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक होने वाली हैं। क्योंकि यह पूरी तरह से डिजिटल होगी। जिले में 1 मई 2026 से इस महाअभियान की शुरुआत होगी। डिजिटल जनगणना में 33 सवाल पूंछे जाएंगे और तीन मोबाइल ऐप से परिवार की कुंडली तैयार की जाएगी। जनगणना के कार्य में लगा प्रशासनिक अमला घर-घर जाकर न सिर्फ आबादी बल्कि जीवन स्तर, आवास, मवेशियों के साथ सुविधाओं और संसाधनों से जुड़ी विस्तृत जानकारी जुटाएगा। इस बार जनगणना केवल सिर गिनने तक सीमित नहीं रहेगी। जिले में हर परिवार की मुकम्मल कुंडली तैयार की जाएगी। यह कागज-कलम की जगह मोबाइल ऐप से डाटा फीडिंग होगी और पूरी प्रक्रिया की रियल टाइम मानीटरिंग की जाएगी। जनगणना के डिजिटल स्वरूप के लिए तीन विशेष ऐप विकसित किए गए हैं। हाउसिंग आपरेशन ऐप से मकानों का सूचीकरण और गणना होगी। जनगणना ऐप के जरिए परिवार और लोगों का विवरण दर्ज किया जाएगा।

डीएलएन ऐप से जीपपीएस आधारित डिजिटल मैप पर ब्लॉक सीमाएं कैप्चर की जाएंगी। डिजिटल सिस्टम के चलते आंकड़ों के प्रकाशन में वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सीएमएमएस पोर्टल से उच्च स्तर पर निगरानी होगी। जिससे त्रुटियों की गुंजाइस न्यूनतम रहेगी। जनगणना का कार्य दो चरणों में होगा। प्रथम चरण में 1 मई 2026 से मकान सूचीकरण व मकान गणना, द्वितीय चरण फरवरी 2027 से जनसंख्या गणना एवं मार्च 2027 में अंतिम आंकड़े प्रकाशित किए जाएंगे। सीधी जिले पर नजर दौड़ाई जाए तो यहां की जनसंख्या 11 लाख 27 हजार 33 है। जिसमें 5 लाख 75 हजार 912 पुरुष एवं 5 लाख 51 हजार 121 महिलाएं हैं। सीधी जिले की शहरी जनसंख्या 93 हजार 121 है। वहीं ग्रामीण जनसंख्या 10 लाख 33 हजार 912 है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की जनसंख्या 11 लाख 27 हजार 33 थी। अब वर्ष 2026 में अनुमानित जनसंख्या सीधी जिले की करीब 18 लाख आंकी जा रही है। प्रथम चरण में 33 सवाल पूंछे जाएंगे। इनमें मकान/भवन नंबर, फर्श-दीवार, छत की सामग्री, मकान का उपयोग, हालत और स्वामित्व, परिवार के सदस्यों की संख्या, मुखिया का नाम, लिंग, साइकिल, बाइक, कार जैसे वाहनों की उपलब्धता, टेलीफोन, स्मार्टफोन, इंटरनेट, कम्प्यूटर, रसोई घर, एलपीजी कनेक्शन, पेज जल स्त्रोत, शौचालय की उपलब्धता आदि शामिल रहेंगे।

> 1 मई 2026 से प्रथम चरण में घरों की गणना एवं नंबरिंग का कार्य शुरू किया जाएगा। तत्संबंध में संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिले में 4 मास्टर ट्रेनर चयनित किए गए हैं। जिन्हें प्रशिक्षण के लिए भोपाल भेजा गया है। जनगणना कार्य के लिए शिक्षकों सहित अन्य शासकीय कर्मचारियों को प्रगणक बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित तहसीलदार तथा नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका अधिकारी चार्ज अधिकारी होंगे।
>
> **बीपी पाण्डेय, अपर कलेक्टर सीधी**

### अधिकारियों को मिल चुका है प्रशिक्षण



आगामी भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों के अंतर्गत जिला सीधी में जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारियों के लिए डीसीएचबी एवं सीएमएमएस हैंड्स ऑन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 11 मार्च 2026 को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में अधिकारियों को जनगणना से संबंधित डिजिटल सिस्टम के उपयोग एवं डाटा मैनेजमेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को डीसीएचबी एवं सीएमएमएस के संचालन, डाटा एंट्री, संधारण तथा मॉनिटरिंग संबंधी प्रक्रियाओं से अवगत कराना था, ताकि आगामी जनगणना कार्यों को व्यवस्थित, सटीक एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा अधिकारियों को जनगणना कार्य की विभिन्न प्रक्रियाओं, डाटा कलेक्शन, डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग तथा जानकारी के ऑनलाइन अपडेट की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही प्रतिभागियों को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से पोर्टल पर प्रैक्टिकल अभ्यास भी कराया गया, जिससे वे सिस्टम के संचालन को बेहतर तरीके से समझ सकें। कार्यक्रम में बताया गया कि जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर शासन की विभिन्न योजनाओं का निर्माण, संसाधनों का वितरण तथा विकास की नीतियों का निर्धारण किया जाता है। इसलिए जनगणना से जुड़े सभी कार्यों को पूरी सावधानी, सटीकता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न करना आवश्यक है। प्रशिक्षण में अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में जनगणना से संबंधित गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला एवं चार्ज स्तर के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस की स्ट्राइक: एक ही रात में 65 वारंटी गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पूरे जिले में चला कॉम्बिंग गश्त का महाभियान

### गुंडा-बदमाशों के ठिकानों पर दी गई ताबड़तोड़ दबिश

जागरण, सीधी

जिले में कानून-व्यवस्था को अभेद्य बनाने और अपराधियों के मन में खौफ पैदा करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन में सीधी पुलिस ने बीती रात विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाकर बड़ी सफलता अर्जित की है। जिले के चप्पे-चप्पे पर तैनात पुलिस बल ने रात भर चली इस कार्रवाई में कुल 65 वारंटियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं जिले के समस्त अनुभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारियों ने अपनी टीमों के साथ शहरी और दुर्गम ग्रामीण इलाकों में एक साथ धावा बोला। पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से अपराधियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। पुलिस ने पूरी मुस्तैदी दिखाते हुए 17 स्थायी वारंटियों और 48 गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा। ये अपराधी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर थे। अभियान के दौरान पुलिस ने 55 गुंडा बदमाशों और 31 निगरानी बदमाशों के ठिकानों पर औचक दबिश दी। उनकी वर्तमान गतिविधियों की सूक्ष्मता से जांच की गई और उन्हें सख्त लहजे में हिदायत दी गई कि किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड और होटलों की तलाशी ली गई। साथ ही संदिग्ध वाहनों की कड़ाई से चेकिंग की गई। दबिश के साथ-साथ पुलिस बल ने रिहायशी इलाकों में पैदल गश्त की। इस दौरान आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का अटूट भरोसा दिलाया गया। पुलिस की इस सक्रियता से जहां आमजन ने राहत की सांस ली है, वहीं आपराधिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी ने कहा कि जिला पुलिस आम नागरिकों की सुरक्षा और जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह समर्पित है। हमारी यह कॉम्बिंग गश्त अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में एक निरंतर प्रक्रिया है। समाज की शांति भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध पुलिस का यह कड़ा रुख भविष्य में भी इसी प्रकार जारी रहेगा।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## मातृशक्ति का सम्मान कर मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**जागरण, सीधी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की जिला इकाई सीधी द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई हाईस्कूल सीधी में मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय की सकारात्मक सोच एवं प्रयास से हुआ। कार्यक्रम में समाज निर्माण और राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में सक्रिय मातृशक्तियों का शाल, श्रीफल, उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सर्वश्रीमती आरती पाण्डेय प्राचार्य, रंजना द्विवेदी प्राचार्य, रचना मिश्रा संचालिका, मंजू रामजी शुक्ला संचालिका, रंजना शर्मा शिक्षिका एवं कवित्री तथा वीणा दीक्षित शिक्षिका एवं समाज सेविका को उनके सामाजिक एवं राष्ट्रनिर्माण में योगदान के लिए अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में संघ के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन मातृशक्ति द्वारा किए जा रहे राष्ट्र निर्माण के कार्यों के प्रति कृतज्ञ है और उनके योगदान को नमन करता है। संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं साहित्य प्रकोष्ठ के प्रांत प्रमुख राजबहोर पाठक ने अपने संबोधन में मातृशक्तियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि मातृशक्ति करुणा, दया, क्षमा और सृजन की प्रतीक है तथा समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम में आरती पाण्डेय, कमलेश शुक्ल तथा कमलापति गौतम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के पूजन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। अतिथियों को बैच लगाकर सम्मानित करने में संघ की पदाधिकारी बहनें निकिता सोनी और साधना मिश्रा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संघ के जिला सचिव रामजी शुक्ल ने किया तथा आभार प्रदर्शन विकासखण्ड सीधी के अध्यक्ष कुमुद पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी, संगठन मंत्री शिव शंकर सिंह चौहान, श्रावण शुक्ल, आदर्श शुक्ला, संजय तिवारी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## अपहरणकर्ता के चंगुल से बचाई गई नाबालिग बालिका



**जागरण, सीधी।** महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति कटिबद्ध सीधी पुलिस ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना जमोड़ी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने न केवल एक नाबालिग बालिका को आरोपी के चंगुल से मुक्त कराया, बल्कि आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचाने में भी कामयाबी हासिल की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला थाना जमोड़ी अंतर्गत क्षेत्र का है, जहां एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को एक युवक द्वारा शादी का झांसा देकर और बहला-फुसलाकर संभ्रमित करते हुए साथ ले जाया गया था। जैसे ही पुलिस को इस घटना की सूचना मिली, थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में तत्काल विशेष टीमों का गठन किया गया। आरोपी बालिका को जिले से बाहर गुजरात ले जाने की फिराक में था। पुलिस ने अपनी खुफिया तंत्र और तकनीकी विश्लेषण का सहारा लेते हुए आरोपी के हर संभावित ठिकाने पर दबिश दी। पुलिस की बढ़ती दबिश और सक्रिय घेराबंदी के कारण आरोपी स्वयं को चारों ओर से घिरा हुआ महसूस करने लगा। जमोड़ी पुलिस की सक्रियता का ही परिणाम था कि आरोपी बालिका को लेकर कहीं भाग नहीं सका। पुलिस ने नया बस स्टैंड सीधी के पास संदिग्ध गतिविधि देखते हुए योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और आरोपी को रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपी बालिका को लेकर राज्य से बाहर भागने की अंतिम कोशिश में था, जिसे पुलिस की सतर्कता ने नाकाम कर दिया। बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर उसे परिजनों के सुपुर्द करने की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने में उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी थाना प्रभारी जमोड़ी, उप निरीक्षक वर्षा यादव, प्रधान आरक्षक सुनील बागरी, आरक्षक अंकित सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## छात्र नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता



**जागरण, सीधी।** भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर विभिन्न छात्र नेताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के हाथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मध्य भारत में विद्यार्थी परिषद के विभिन्न दायित्वों पर काम करने वाले अरुणेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने अपने साथी छात्र नेताओं आकाश सिंह चौहान, प्रिंस द्विवेदी, अनीश सिंह परिहार, विवेक सिंह चौहान, अनी गहरवार, सुनील सिंह ने भाजपा कार्यालय में पहुंचकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. मनीला सिंह चौहान, जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, बृजेश सिंह चौहान, श्रवण सिंह चौहान सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**जागरण, सीधी।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशों के परिपालन में रविवार 15 मार्च 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरीश मिश्रा अध्यक्ष विन्ध्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद सीधी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी कलेक्टर प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी प्रियल सिंह ने की। मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रियल सिंह ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए उपभोक्ताओं से सदैव जागरूक एवं सजग रहने की अपील की तथा उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित प्रावधानों की जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर खाद्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, निरीक्षक नापतौल, विद्युत विभाग के प्रतिनिधि, जन अभियान परिषद के सदस्य, वेयरहाउस एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन सीधी के प्रबंधक, मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन सीधी के प्रबंधक सहित जिले के जागरूक नागरिक उपस्थित रहे।

# विंध्य प्रदेश की बेटी साक्षी पाण्डेय बनीं लेफ्टिनेंट

## चुरहट विस. क्षेत्र के पड़खुरी गांव की है लाड़ली बेटी



जागरण, सीधी

जिले के चुरहट विधानसभा के रामपुर नैकिन थाना के पड़खुरी गांव की लाडली बेटी साक्षी पाण्डेय पिता हरिप्रसाद पाण्डेय माता अमृता पाण्डेय का गत वर्ष सेना में अधिकारी के पद पर हुआ था। साक्षी पाण्डेय चेन्नई में प्रशिक्षण पूरा कर लेफ्टिनेंट बन गई हैं। सेना में लेफ्टिनेंट बनी साक्षी का जन्म पड़खुरी गांव में हुआ तो साक्षी पाण्डेय की शिक्षा दीक्षा सीधी शहर के गांधी हाई स्कूल में हुई। वहीं हाई स्कूल की शिक्षा 9वीं 10वीं मॉरिशन पब्लिक स्कूल एवं 11वीं 12वीं ज्योत्सना पब्लिक स्कूल सीधी में हुई। स्नातक शिक्षा मैथ से ग्रहण किया। संजय गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी से बीएससी की परीक्षा पास कर जॉब की तैयारी करने लगीं। साक्षी ने दिल्ली में रहकर तैयारी की, सेना के लिए आवेदन कर परीक्षा दी तो पहले ही प्रयास में उनका चयन हो गया जो सितंबर 2025 में ट्रेनिंग के लिए चेन्नई गयी थीं। 7 मार्च को प्रशिक्षण पूरा हुआ। उनके माता-पिता को बुलाकर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। साक्षी के प्रशिक्षण उपरांत आज सीधी पहुंचने की खबरें हैं। जहां उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत अभिनंदन की तैयारी थी।

## 31 मार्च तक विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करें: डीईओ



**जागरण, सीधी।** नए शैक्षणिक सत्र को लेकर जिला उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में जिले के समस्त हाई स्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र, जो 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो रहा है, के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इसके अंतर्गत 1 अप्रैल को प्रवेशोत्सव आयोजित करने, 2 अप्रैल को एसएमडीसी की बैठक करने, सामुदायिक सहभागिता के लिए जिला, विकासखंड एवं स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार करने, शिक्षकों द्वारा अभिभावकों से संपर्क स्थापित करने तथा शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए व्यापक जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही विद्यालयों की साज-सज्जा, शिक्षकीय स्टाफ की बैठक, पाठ्यपुस्तकों का वितरण, विद्यार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम का विश्लेषण, शैक्षणिक कैलेंडर का क्रियान्वयन, ब्रिज कोर्स का संचालन, सीसीएलई गतिविधियां, विद्यालय समय-सारणी तथा अन्य अकादमिक गतिविधियों के आयोजन और प्राचार्य चार्टर के क्रियान्वयन के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह ने प्राचार्यों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 23 मार्च को कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए तथा 31 मार्च तक शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एडीपीसी ओशो उत्सव, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एसएन त्रिपाठी, एपीसी रमसा डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा, उत्कृष्ट विद्यालय के विजय सिंह चौहान सहित जिले के समस्त हाई स्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर की पैनिक बुकिंग न करें, अफवाहों पर ध्यान न दें: कलेक्टर

## जिले में गैस वितरण व्यवस्था सुचारु, नागरिकों से संयम बरतने की अपील



जागरण, सीधी

जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि गैस सिलेंडर की घबराहट में बुकिंग (पैनिक बुकिंग) न करें तथा घरेलू गैस का उपयोग आवश्यकता अनुसार ही करें। साथ ही गैस एजेंसियों को कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने गैस वितरकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाए। वहीं होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को कमर्शियल गैस की संभावित कमी को देखते हुए वैकल्पिक ईधन के उपयोग की सलाह दी गई है। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि गैस सिलेंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक बुकिंग करने से बचें। घरेलू सिलेंडरों का मितव्ययिता पूर्वक उपयोग करें ताकि वितरण व्यवस्था पर अनावश्यक दबाव न पड़े। उन्होंने राजस्व अधिकारियों, जिला आपूर्ति अधिकारी तथा गैस वितरकों को निर्देश दिए हैं कि कालाबाजारी या निर्धारित कीमत से अधिक बिक्री की शिकायत मिलने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस को गैस गोदामों तथा वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर द्वारा जिला आपूर्ति अधिकारी को यह भी निर्देशित किया गया है कि गैस वितरण से संबंधित सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा गैस वितरण एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर प्रतिदिन गैस वितरण और उपलब्ध भंडार की जानकारी संधारित की जाए। वर्तमान में जिले में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। घरेलू उपभोक्ताओं को नियमित गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एलपीजी वितरण व्यवस्था में कुछ अतिरिक्त कदम उठाए गए हैं। इसके अनुसार शहरी क्षेत्रों में पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नई बुकिंग स्वीकार की जा रही है। साथ ही एलपीजी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि बुकिंग के बाद ही सिलेंडर होम डिलीवरी के माध्यम से प्राप्त करें तथा संबंधित गैस एजेंसी से संपर्क करें। जिन उपभोक्ताओं ने बुकिंग नहीं कराई है वे अनावश्यक रूप से एजेंसियों में भीड़ न लगाएं। शासन के निर्देशों के पालन में खाद्य विभाग के अधिकारियों, जिला आपूर्ति अधिकारी तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों द्वारा 14 मार्च 2026 को लीना इंडेन गैस एजेंसी, प्रताप गैस एजेंसी एवं शिव शक्ति गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया, जिसमें सिलेंडरों का वितरण सुचारू रूप से किया जाना पाया गया। इसी क्रम में 15 मार्च 2026 को भी लीना इंडेन गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया, जहां निर्धारित दर पर सिलेंडरों का वितरण किया जाना पाया गया तथा मौके से कालाबाजारी की कोई शिकायत नहीं मिली। निरीक्षण की प्रक्रिया लगातार जारी है।

## बैंक ने सेमरिया स्वास्थ्य केंद्र को दी मेडिकल सामग्री

**जागरण, सीधी।** आईडीबीआई बैंक द्वारा अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत 13 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया को आवश्यक एवं उपयोगी मेडिकल सामग्री प्रदान की गई। आईडीबीआई बैंक सीधी शाखा द्वारा लगभग तीन लाख रुपये की लागत से 12 चौनल वाली ईसीजी मशीन, मल्टीपैरा बीपी मॉनिटर, तीन व्हीलचेयर तथा पांच हॉस्पिटल बेड मैट्रेस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया को प्रदान किए गए। ये उपकरण स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों के उपचार एवं सुविधाओं को बेहतर बनाने में सहायक होंगे। आईडीबीआई बैंक सीधी के शाखा प्रमुख अनुराग किशोर पाण्डेय ने बताया कि बैंक द्वारा हेल्थकेयर आउटरीच प्रोग्राम फॉर एवरीवन अभियान के तहत यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की मूल का निर्माण, जीवन को स्वस्थ बनाना है। उन्होंने कहा कि बैंक अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आईडीबीआई बैंक सीधी शाखा द्वारा पूर्व में भी शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न सीएसआर गतिविधियां संचालित की जा चुकी हैं। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी नागेन्द्र दुबे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया के सीबीएमओ डॉ. शिवेंद्र पटेल, अन्य स्वास्थ्यकर्मी तथा क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 1 अप्रैल के नए शिक्षा सत्र की तैयारियां हो गईं तेज

## जिले में एक अप्रैल को मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव

### शाला त्यागी बच्चों को स्कूल से जोड़ने चलेगा अभियान



जागरण, सीधी

जिले में नए शिक्षा सत्र 2026-27 की तैयारियां तेज हो गई हैं। नए सत्र में जिले के शासकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। एक अप्रैल को जिले भर की सभी सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ना और पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्य धारा में लाना है। शिक्षा विभाग ने जिले के सभी विकासखंडों के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों को इस अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिला स्तर से शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्कूल प्रबंधन समितियों के सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया है ताकि गांव-गांव और मोहल्लों तक पहुंचकर ऐसे बच्चों की पहचान की जा सके जो अभी तक स्कूल में नामांकित नहीं हैं या किसी कारण वश पढ़ाई छोड़ चुके हैं। अभियान के तहत शिक्षकों की टीम घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क करेगी और उन्हें बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करेगी। साथ ही स्कूलों के कैचमेंट एरिया में सर्वे कर बच्चों की सूची तैयार की जाएगी। जिससे अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन स्कूल में सुनिश्चित किया जा सके। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का प्रयास है कि जिले में कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। शिक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान गांव और बस्तियों में जागरुकता रैली निकालकर लोगों को जागरुक किया जाएगा कि अपने आसपास के अप्रवेशी एवं शालात्यागी बच्चों को शाला में नामांकन कराने के लिए प्रेरित करें। कक्षा पहली के बच्चों का स्वागत समारोह प्रवेश उत्सव के दौरान किया जाएगा। वहीं स्कूल छोड़ चुके बच्चों को दोबारा जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। जिससे ऐसे बच्चे भी फिर से स्कूल से जुड़ सकें।

### प्रवेश उत्सव के दौरान होंगे विविध कार्यक्रम

सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव के दौरान एक अप्रैल को विद्यालयों में कई जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत गांव और बस्तियों में रैली निकाली जाएगी। वहीं अभिभावकों के साथ बैठक कर जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा के महत्व के बारे में लोगों को जागरुक किया जाएगा। इसके अलावा कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यालयों में विशेष स्वागत किया जाएगा। स्कूलों को सजाकर नए विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर और मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया जाएगा। ताकि बच्चों में स्कूल के प्रति उत्साह और आत्मीयता का भाव विकसित हो सके। एक अप्रैल को मनाए जाने वाले स्कूलों के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को लेकर सरकारी स्कूलों में विशेष तैयारियां अभी से शुरू की जा रही हैं। जिससे एक अप्रैल को कार्यक्रम के आयोजन को पूरी तरह से सफल बनाया जा सके। वर्तमान में स्कूलों में परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस वजह से शिक्षकों की व्यस्तता परीक्षा एवं बाद में परीक्षाफल घोषित करने को लेकर बनी हुई है।

# हेडलाइंस की भारी कीमत चुकाता है समाज



सनसनीखेज खबरें पीड़ितों और समाज को कैसे आहत कर रही है, यह सबके सामने है। आज का मीडिया को दुखद घटनाओं को दिखाने से आगे बढ़कर कामकर रहा है और इसे वो पब्लिक सेफ्टी और सोशल बदलाव का एक अहम ज़रिया बनने का रास्ता बताने वाली रचनात्मक पत्रकारिता का नाम दे रहा है।

● शशि थरूर ●

ये देश के एक बड़े अखबार की एक ही दिन की हाल की हेडलाइंस हैं– 'लापता चार साल की बच्ची की लाश नाले में मिली', 'आदमी ने होटल के कमरे में गर्लफ्रेंड का मर्डर किया', 'आदमी को लूटने के आरोप में दो लोग अरेस्ट हुए', 'आदमी छत से गिरकर मर गया', 'आग में मरे तीन लोगों में बच्चा भी शामिल', और 'पत्नी और उसके प्रेमी ने कैब ड्राइवर का सिर काट दिया'। हमारे अखबार हमारे समाज की डरावनी बातों का एक डरावना लेखा-जोखा बन गए हैं। वे न्यूज़ इंडस्ट्री के काम करने के तरीके और पढ़ने वाले लोगों की देखने की साइकोलॉजी के बारे में भी बहुत कुछ बताते हैं।

खून के बारे में रोज़ाना के अखबारों की यह दिलचस्पी दिखाती है कि हमारा समाज तेज़ी से आ रहे हिंसक बदलाव से गुज़र रहा है। इनमें से कई क्राइम, खासकर घरेलू धोखे या होटल के कमरों में मर्डर वाले, मॉडर्न शहरी ज़िंदगी के मनोवैज्ञानिक दबाव को दिखाते हैं क्योंकि ट्रेडिशनल सपोर्ट सिस्टम खत्म हो रहे हैं। कुछ कहानियाँ लापरवाही के इंफ्रास्ट्रक्चर की ओर इशारा करती हैं जहाँ इंसानी ज़िंदगी को अक्सर एक सस्ती चीज़ समझा जाता है। ये हमेशा मामूली हादसे नहीं होते; ये अक्सर एक ऐसे सिस्टम पर इल्ज़ाम होते हैं जहाँ शहरीकरण की भागदौड़ में सुरक्षा मानकों और सोशल सेफ्टी नेट को नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है

एक बड़े नेशनल अखबार के लिए, क्राइम पर यह फोकस कुछ हद तक कमर्शियल ज़रूरत की वजह से है। डिजिटल ज़माने में जहाँ ध्यान ही प्राइमरी करेंसी है, क्राइम स्टोरीज़ हाई-ऑक्टेन कंटेंट देती हैं जो ध्यान खींचती हैं। भारतीय पत्रकारिता ने 'हाइपर-लोकल' क्राइम रिपोर्ट में मास्टरी हासिल कर ली है, जो अक्सर पुलिस की भाषा की नकल करती है। यह एक 'असलियत का थिएटर' बनाता है जहाँ दिल दहला देने वाली डिटेल्स 'सिर काटना और गंदी हरकतें' गलत कामों में इंसान की असली दिलचस्पी को छू रही हैं। हालांकि, खतरा यह है कि ऐसी रिपोर्टिंग अक्सर ऊपर-ऊपर ही रुक जाती है, बिना किसी ठोस वजह के शॉक देती है और बिना इन्वेस्टिगेशन के हेडलाइन बनाती है।

आईए हम पाठकों की ओर भी मुड़ते हैं। हम ये कहानियां कई वजहों से पढ़ते हैं। सुबह की चाय पीते हुए किसी दुखद घटना के बारे में पढ़ने से एड्रेनालाईन का एक छोटा सा झटका लगता है जो रोज़मर्रा की जिंदगी की बोरियत को दूर करता है। फिर भी, इस सनसनीखेज खबर पर अपना ध्यान देकर, हम अनजाने में एक ऐसे मीडिया माहौल को बढ़ावा देते हैं जहां मानसिक स्वास्थ्य, शहरी योजनाएं और गरीबी जैसे सिस्टम से जुड़े मुद्दों को अगली ड्रामाटिक हेडलाइन के लिए नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है।

क्या हमारा मीडिया सनसनीखेज रिपोर्टिंग से रचनात्मक पत्रकारिता की ओर बढ़ सकता है जो पढ़ने वाले को सोच-समझकर नागरिक जुड़ाव की तरफ ले जाए? 'लापता चार साल की बच्ची की लाश नाले में मिली' जैसी डरावनी डिटेल्स के बजाय, क्या रिपोर्टर यह पता लगा सकता है कि नाला खुला क्यों छोड़ा गया था, नगर निगम की लापरवाही की हिस्ट्री को ट्रैक कर सकता है, और आस-पड़ोस का सेफ्टी ऑडिट मैप देकर लोकल अधिकारियों पर मरम्मत के लिए दबाव डाल सकता है?

इसी तरह, क्या 'आग में मरे तीन लोगों में एक बच्चा' जैसी हेडलाइन के स्थान पर, शहर में आग से सुरक्षा के नियमों का पालन कराने के लिए मीडिया लाशों की गिनती से आगे बढ़ सकता है?

## रचनात्मक पत्रकारिता के सिद्धांत को अपनाएं समाचार पत्र

पत्रकारिता का एक बेहतर तरीका यह होगा कि उस शहर की कितनी इमारतों ने ज़रूरी सर्टिफिकेशन को नज़रअंदाज़ किया है, इस पर एक खोजी लेख हो और पढ़ने वालों को यह गाइड किया जाए कि वे अपनी इमारतों में आग के खतरों को कैसे पहचानें। इस सोशल इम्पैक्ट मॉडल को अपनाकर, भारतीय अख़बार सिर्फ़ मौत की कहानी बताने से बदलकर पब्लिक सेफ़्टी के ज़रूरी ज़रिया बन सकते हैं। पढ़ने वाले को लाचारी और निराशा की भावना में छोड़ने के बजाय, ख़बरें बेहतर समाज की मांग करने के लिए ज़रूरी टूल—डेटा, जवाबदेही और सुधार के उदाहरण देंगी। जब पत्रकारिता किसी अपराध को एक ज़रूरी दुखद घटना के तौर पर नहीं, बल्कि एक ऐसी सिस्टम की नाकामी के तौर पर देखती है जिसे रोका जा सकता है, तो यह पीड़ित की इज़्ज़त और पढ़ने वाले की एजेंसी को वापस लाती है। यह हमें देखने वालों के देश से एक्टिव नागरिकों के देश में ले जाती है। पत्रकारिता के ज़्यादा रचनात्मक रूप की ओर बढ़ने के लिए, इंडस्ट्री को सिर्फ़ 'क्या हुआ' को डॉक्यूमेंट करने से हटकर 'ऐसा क्यों होता रहता है' इसकी खोज करनी होगी। सिर्फ़ पुलिस ब्रीफिंग पर निर्भर रहने के बजाय, अख़बार रचनात्मक पत्रकारिता के सिद्धांत अपना सकते हैं, अपराध की सामाजिक-आर्थिक जड़ों पर फ़ोकस कर सकते हैं और सफल कम्युनिटी दखल या पॉलिसी की नाकामियों को हाईलाइट कर सकते हैं। क्राइम को सिर्फ़ डरावनी घटनाओं के एक सिलसिले के बजाय एक सामाजिक मुद्दे के तौर पर दिखाकर, पत्रकारिता सिर्फ़ दुखद घटना दिखाने के बजाय बदलाव लाने वाले के तौर पर अपनी भूमिका निभा सकती है। हम एक ऐसे समाचार चक्र के हक़दार हैं जो हमारे डर को जितना सावधान करे, उतना ही हमारी अंतरात्मा को भी चेताए।

# क्या जंग की आहट से खत्म हो गया दुबई का सपना?

जब दुबई के एयरस्पेस को अनिश्चित काल के लिए बंद करने और एयरपोर्ट को हफ़्तों के लिए बंद करने की बातें चल रही थीं, तब शेखों और उनके बड़े लोगों ने स्थिति को पूरी तरह से संभाल लिया, अलग-थलग महलों और ऑफिसों में बैठकर नहीं, बल्कि मॉल और कॉफी शॉप में जाकर, लोगों से मिलकर और सामना करने के लिए अपनी तैयारी दिखाकर। शायद उन्होंने सीखा है कि किसी भी मुसीबत का शांति से सामना करें। सभी फंसे हुए यात्रियों का खर्च उठाने का ऑफर एक और मास्टर स्ट्रोक था। बढ़ते संकट के लिए शीर्ष लोगों का प्रैक्टिकल तरीका घबराए हुए लोकल लोगों का भरोसा लौटाता है, और वे अपने रूटीन में वापस आ जाते हैं... आगे क्या होगा, यह कोई नहीं जानता।

● शोभा डे ●

दुबई, अबू धाबी, बहरीन और तेहरान के आसमान को रोशन कर रही घातक प्रकार की आतिशबाज़ी चकित दुनिया के लिए एक डरावना मंजर पैदा कर रही है। जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ( जिन्हे आलोचकों द्वारा एक 'पागल' के रूप में वर्णित किया जाता है), दावा करते हैं- उससे पहले कि वो मुझ पर हाथ डालता, मैंने खामेनेई को खत्म कर दिया। डोनाल्ड ट्रम्प ने आगे दावा किया कि आठ युद्धों को 'शांत' करने के बाद, उन्होंने एक ऐसे क्षेत्र में नौवां शुरू किया है, जो दशकों से उबल रहा है। उसने ऐसे शेखी बघारी, जैसे कि यह स्कूल के मैदान में कुछ बिगड़ैल बच्चों द्वारा खेला जा रहा काउबॉय बनाम इंडियन्स का खेल हो।



### बुरी तरह हिल गया दुबई

दुबई इस संघर्ष के दौरान बुरी तरह हिल गया है। इसे अक्सर धरती पर सबसे सुरक्षित जगह कहा जाता है। एक इंटरनेशनल, स्थिर जगह जिसने दशकों से भारतीयों को अपनी ओर खींचा है, और इसे मुंबई या दिल्ली का सबअर्ब माना जाता है, क्योंकि यहां के कई अमीर देसी लोगों ने इसे अपना दूसरा घर बना लिया है। जैसे ही पॉश जुमेराह (शाहरुख खान जैसे लोगों का घर वाला क्षेत्र) के ऊपर आसमान में इधर-उधर ड्रोन उड़ते नजर आए, पैनिक बटन दबने लगे। दुबई नाम के चुंबकीय शहर से प्यार करने वाले सभी लोग, अचानक संपर्क में थे, क्या तुम ठीक हो? हर कोई जानना चाहता था। जब एयरस्पेस को अनिश्चित काल के लिए बंद करने और एयरपोर्ट को हफ़्तों के लिए बंद करने की बातें चल रही थीं, तब शेखों और उनके बड़े लोगों ने स्थिति को पूरी तरह से संभाल लिया, अलग-थलग महलों और ऑफिसों में बैठकर नहीं, बल्कि मॉल और कॉफी शॉप में जाकर, लोगों से मिलकर और सामना करने के लिए अपनी तैयारी दिखाकर। किसी भी मुसीबत का शांति से सामना करें। सभी फंसे हुए यात्रियों का खर्च उठाने का ऑफर एक और मास्टर स्ट्रोक था। बढ़ते संकट के लिए प्रैक्टिकल और नपा-तुला तरीका घबराए हुए लोकल लोगों का भरोसा लौटाता है, और वे अपने रूटीन में वापस आ जाते हैं... आगे क्या होगा, यह कोई नहीं जानता। हममें से ज़्यादातर लोग बस हैरान और नाराज़ हैं! हम जानते हैं कि आगे चलकर हम पर एक ऐसी लड़ाई का बहुत बुरा असर पड़ेगा जिसका हमसे कोई लेना-देना नहीं है।

### अमेरिकियों पर कोई असर नहीं

2008 में हिलेरी क्लिंटन का अमेरिकी लोगों से किया वादा याद करने लायक है, जब उन्होंने कहा था- मैं चाहती हूँ कि ईरानियों को पता चले कि अगर मैं प्रेसिडेंट बनी, तो हम ईरान पर हमला करेंगे। लेकिन तब कोई 'वेनेजुएला मॉडल' नहीं था। यह ट्रंप की एक खोज है। एक ऐसा मकसद जिसके नतीजे शक वाले हों। बेमिसाल डोनाल्ड ट्रंप के शब्दों में- हमने ज़्यादातर कैंडिडेट को बाहर कर दिया, वे सब मर चुके हैं, उन्होंने साफ़-साफ़ शेखी बघारी। उन्होंने, अपने असली ट्रंप स्टाइल में कहा- यह मेरे अलावा कोई और नहीं कर सकता था। तो क्या हुआ, जो शांति के लिए नोबेल नहीं मिला। लेकिन तेल अवीव में एक मूर्ति तो पक्की है। डोनाल्ड ट्रंप को मिड-टर्म चुनाव जीतने और प्रेसिडेंट के तौर पर तीसरे टर्म के लिए लॉबिंग करने की ज़रूरत है। सऊदी और इज़राइली उनके इस सपने को दिल खोलकर पूरा कर रहे हैं। इस सबसे अमेरिका में आम आदमी को कोई फ़र्क नहीं पड़ता, उनके यहां फ्यूल की कीमतें आसमान छूती नहीं हैं और घमंडी जिंदगी बिना रुके चलती रहती है। वहीं, बाकी दुनिया परेशान, गुस्से में रहती है। तेल ही सब कुछ है। डोनाल्ड ट्रंप ने यह बात सालों पहले समझ ली थी। जब दुनिया इन सब बातों से परेशान है, तो जेफरी एपस्टीन की किसे परवाह है? वह चैप्टर हमेशा के लिए बंद हो गया है!

### संदिग्ध लगने लगी ट्रैफिक लाइटें

यहां मुंबई में बैठकर मैं बस इतना जानती हूं कि ट्रैफिक लाइट के साथ मेरा रिश्ता हमेशा के लिए बदल गया है। जब से मैंने ईरान के सबसे शक्तिशाली नेता अयातुल्ला खामेनेई को खत्म करने की यूएस-इजरायल योजना के पीछे की रणनीति के बारे में पढ़ा है, मैंने पड़ोस की हर स्ट्रीट लाइट पर शक करना शुरू कर दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल ने खामेनेई, उनके परिवार और उनके सुरक्षा स्टाफ की आवाजाही पर नज़र रखने के लिए तेहरान के ट्रैफिक कैमरों को हैक करने में सालों बिताए। यह महत्वपूर्ण जानकारी थी जिसके परिणामस्वरूप पिछले शनिवार को लक्षित हमला हुआ। एक इजराइली खुफिया अधिकारी के शब्दों को पढ़ना काफी परेशान करने वाला था जिसने कहा- इसे मोबाइल फोन नेटवर्क तक पहुंच के साथ जोड़ें, हमारी सड़कों पर भी 24*7 निगरानी की जाती है... ट्रैफिक कैमरे हर पैदल यात्री और वाहन पर नज़र रखते हैं। यह हमारी 'सुरक्षा' के लिए हैं, लेकिन...। अब तक, भारत ने नाटकीय बयान जारी न करके और 'तटस्थता' की झलक बनाए रखते हुए, मध्य पूर्व के गंतव्यों में फंसे और डरे हुए भारतीय नागरिकों की कुशलतापूर्वक देखभाल करके सराहनीय 'संयम' और 'परिपक्वता' प्रदर्शन किया है। जो लोग वापस लौटे हैं उनमें से अधिकांश हमारी सरकार के कुशल संचालन की प्रशंसा करते थक नहीं रहे। यह शांत नेतृत्व का सर्वश्रेष्ठ रूप है।



# रिस्की हो सकता है- अभी खरीदें, बाद में चुकाएं

शॉपिंग के ऐसे मॉडल भी हैं जो बड़ी चीज़ों पर फोकस करते हैं, जिनमें आम तौर पर इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, घर का सामान, स्पोर्ट्स का सामान और ट्रैवल शामिल होते हैं, जिन्हें आठ से नौ महीने में चुकाना होता है।

● सत्यजीत दास ●

फिनटेक कंपनियां अभी खरीदें, बाद में चुकाएं या घरेलू प्रोडक्ट्स के साथ कंज्यूमर फाइनेंसिंग को टारगेट कर रही हैं, जिन्हें पॉइंट-ऑफ-सेल फाइनेंसिंग भी कहा जाता है। इनका आसान आइडिया यह है कि जब आप कुछ भी खरीदते हैं, तो आप तुरंत पूरी कीमत नहीं देते, बल्कि आमतौर पर छह से आठ हफ़्तों में किश्तों में देते हैं। यह लेअवेज़ का एक रूपांतर है जहां आप खरीद कीमत को कवर करने के लिए कई पेमेंट करते थे। फ़र्क यह है कि बीएनपीएल (बाय नाउ पे लेटर) के तहत, आपको आइटम आज ही मिल जाता है, न कि पूरा पेमेंट करने तक इंतज़ार करना पड़ता है। यह क्रेडिट कार्ड या लोन से की जाने वाली खरीदारी जैसा ही है, जिससे पेमेंट को समय के साथ बांटा जा सकता है।

सबसे बड़ा सेगमेंट इंटीग्रेटेड बीएनपीएल शॉपिंग ऐप जैसे क्लार्ना, लेज़ीपे, सिंपल और अमेज़न पे लेटर हैं जो कम कीमत की खरीदारी, जैसे कि आमतौर पर किराने का सामान, खाना और कपड़े, को पूरा करते हैं। इसके जैसे ऐप भी हैं जो बड़ी चीज़ों, जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक्स, फ़र्नीचर, घर का सामान, स्पोर्ट्स का सामान और ट्रैवल पर ध्यान देते हैं, जिन्हें आठ से नौ महीने में चुकाना होता है।

### 300 बिलियन से ज़्यादा का मार्केट

बीएनपीएल अब दुनिया भर में 300 बिलियन से ज़्यादा का है, जबकि एक दशक पहले यह लगभग 2 बिलियन था। यह भारत में भी तेज़ी से बढ़ रहा है। इसका सबसे बड़ा आकर्षण पॉइंट ऑफ़ परचेज़ पर उपलब्धता, ऐप के ज़रिए इस्तेमाल में आसानी, प्रोडक्ट-इंडिपेंडेंट फ़ाइनेंसिंग, सीमित चेक के साथ क्रेडिट और ऐसा लगता है कि कोई ब्याज़ शुल्क नहीं है। लागत सेलर द्वारा कवर की जाती है, जो मर्चेंट फ़ीस और सेल वैल्यू पर डिस्काउंट देता है।

### क्रेडिट लॉस का रिस्क

सबसे बड़ा संभावित रिस्क क्रेडिट लॉस है। किसी व्यक्ति की चुकाने की क्षमता का असेसमेंट बहुत मुश्किल नहीं है। पारंपरिक समय लेने वाले क्रेडिट प्रोसेस के विपरीत, यह आम तौर पर ऑटोमेटेड होता है, जो पब्लिक जानकारी और यहां तक कि सोशल मीडिया पर आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजन पर तेजी से निर्भर करता है। एडवांस्ड टेक्नोलॉजिकल क्षमताएं, खास मर्चेंट अंडरराइटिंग और कंज्यूमर-फ्रॉड फ्री मॉडल के दावे मार्केटिंग का दिखावा हैं।

हालांकि डेटा कम है, लेकिन उपलब्ध जानकारी बताती है कि ज्यादातर बीएनपीएल बॉरोअर्स रिस्की होते हैं। उनके क्रेडिट स्कोर कम होते हैं, बचत कम होती है और क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर डेट जैसे दूसरे अनसिक्योर्ड डेट का लेवल काफी होता है। इंडस्ट्री का तर्क है कि डिफॉल्ट कम रहे हैं और क्रेडिट कार्ड या अनसिक्योर्ड पर्सनल फाइनेंस जैसे दूसरे समान तरीकों से भी कम रहे हैं। कम लॉस का एक संभावित कारण एक अच्छा बिजनेस साइकिल है।

फिनटेक प्रमोटर्स का तर्क है कि वे क्रेडिट को डेमोक्रेटाइज कर रहे हैं और ज़्यादा कॉम्पिटिशन को बढ़ावा दे रहे हैं। लेकिन यह तरीका खराब, शिकारी और रिस्की है। बीएनपीएल का एक मतलब सभी शामिल पार्टियों के लिए 'अभी खरीदो, बाद में नुकसान' भी हो सकता है।

### कीमत बढ़ाकर कॉस्ट रिकवर

कॉस्ट रिकवर करने का एकमात्र तरीका उन चीज़ों की कीमत बढ़ाना है जहाँ हालात इजाज़त देते हैं। क्योंकि आप खास तौर पर बीएनपीएल खरीदारों को टारगेट नहीं कर सकते। सभी कस्टमर, जिनमें वे भी शामिल हैं जो फ़ाइनेंसिंग सर्विस का इस्तेमाल नहीं करते हैं, उन्हें पेमेंट करना होगा, जिससे क्रेडिट पर खरीदारों को असल में सब्सिडी मिलती है। बीएनपीएल फ़र्म लेट पेमेंट फ़ीस भी लेती हैं, जो एक बड़ी पेनल्टी हो सकती है।

# आखिर भारत का मूल नाम क्या है?

● देवदत्त पटनायक ●

भारत के नाम और इतिहास को समझें तो इसके अनगिनत नाम हैं, लेकिन इसकी कोई एक निश्चित उत्पत्ति कथा नहीं है। आधुनिक राष्ट्रवाद के लिए यह बात थोड़ी असहज हो सकती है, क्योंकि वह एक स्पष्ट और एकल उद्गम को प्राथमिकता देता है। सच कहीं अधिक सूक्ष्म और आकर्षक है। भारत को किसी एक विशिष्ट क्षण में खोजा और स्थायी रूप से 'लेबल' नहीं किया गया था। इसके बजाय, यह एक ऐसा 'विचार' है जिसे व्यापारियों, पुजारियों, राजाओं, आक्रमणकारियों, तीर्थयात्रियों और मानचित्रकारों ने धीरे-धीरे जोड़ा है। सभी ने इस भूमि को अपनी जरूरतों के अनुसार देखा और वैसा ही नाम दिया।

### शुरुआती बाहरी लोग और 'मेलुहा'

भारत के नाम को लेकर सबसे शुरुआती बाहरी लोगों पर विचार करें तो मेसोपोटामिया के ग्रंथों में 'मेलुहा' का उल्लेख मिलता है। उस दौरान यह एक दूरस्थ पूर्वी बंदरगाह जो मोतियों, लकड़ी और असामान्य जानवरों से समृद्ध था। हम यह मान लेते हैं कि यह सिंधु क्षेत्र को संदर्भित करता है, संभवतः हड़प्पा के तटीय शहरों में से एक हो सकता है। हालांकि हम पूरी तरह निश्चित नहीं हो सकते। 'मेलुहा' खुद के द्वारा दिया गया नाम नहीं है। यह एक व्यापारी का दिया हुआ 'लेबल' है, जो व्यापारिक मार्गों और समुद्री कल्पनाओं से उपजा है। यह दर्शाता है कि विश्व इतिहास में भारत का प्रवेश शुरू में एक राष्ट्र के रूप में नहीं, बल्कि एक व्यापारिक गंतव्य के रूप में हुआ था।

भारत नाम अधिक आत्मीय और स्वदेशी लगता है, फिर भी यह परतों में लिपटा है। 'भरत' नाम शुरू में एक वैदिक कबीले को संदर्भित करता था, जो पुरातन काल के कई कबीलों में से एक था।

### ऊंचे पहाड़ों के पार वाली जमीन

अक्कादियन लोग भारत के लिए 'परुपारेसन' शब्द का उपयोग करते थे, जिसका अर्थ 'ऊंचे पहाड़ों के पार की भूमि' है। मतलब ये कि इतनी ऊंची कि बाज भी वहां तक न पहुंच सकें। यह भूगोल को व्यक्त करने का एक विस्मयकारी तरीका है। यहां भारत नदियों या राजाओं से परिभाषित नहीं है, बल्कि उस असीम दूरी से है, जहां भाषा लड़खड़ा कर काव्य बन जाती है। हिंदूकुश अभी तक कोई सीमा नहीं थी, बल्कि ज्ञात भूमि की सीमाओं को परिभाषित करने वाली एक बाधा थी।

### 'भारत' की परतें

'भारत' नाम अधिक आत्मीय और स्वदेशी लगता है, फिर भी यह परतों में लिपटा है। 'भरत' नाम शुरू में एक वैदिक कबीले को संदर्भित करता था, जोकि हिंदूकुश के कई कबीलों में से एक था। समय के साथ स्मृति ने कबीले को एक राजा में, राजा को एक पूर्वज में और पूर्वज को एक प्रतीक में बदल दिया। महाभारत के समय तक, भरत केवल एक वंश नहीं, बल्कि एक नैतिक अवधारणा बन चुका था लेकिन उस दौरान भी 'भारत' पूरे भारत को समाहित नहीं करता था। 100 ईसा पूर्व के आसपास, खारवेल के शिलालेखों में 'भारत' मुख्य रूप से गंगा बेसिन को दर्शाता है, जिसे दक्षिण की 'द्रविड़' या 'द्रमिल' भूमि से स्पष्ट रूप से अलग बताया गया है। भारत का विस्तार धीरे-धीरे हुआ, यह जैविक नहीं था, बल्कि शक्ति के माध्यम से बढ़ा था।




### ब्राह्मांडीय भारत क्या है?

वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त नाम यानी 'हिंदू' और 'इंडिया', भारतीय मूल के नहीं हैं। ये 'सिंधु' से निकले हैं, जो कि वह नदी है जो फारसियों और यूनानियों के लिए ज्ञात दुनिया की पूर्वी सीमा थी। 'हिंदू' एक फारसी उच्चारण है, जबकि 'इंडोस' एक ग्रीक व्याख्या है। दोनों ही एक जटिल भूमि को सिर्फ एक नदी सीमा तक सीमित कर देते हैं। 500 ईसा पूर्व के बाद, ये नाम प्रचलित हुए क्योंकि साम्राज्यों को सरल लेबल की आवश्यकता होती है। 1000 ईस्वी के बाद उपमहाद्वीप के भीतर 'हिंदू' ने एक नया अर्थ प्राप्त किया। यह 'हिंदू धर्म' को 'तुरुष्क धर्म' से अलग करने का एक तरीका बन गया, जो कि भूगोल के बजाय पहचान का प्रतीक बन गया। एक नदी से उत्पन्न शब्द धार्मिक विमर्श के एक चिह्न में बदल गया। इसके बाद जिक्र 'जंबूद्वीप' का भी है। इसका उपयोग तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व के अशोक के शिलालेखों में किया गया। इतना ही नहीं, जैन व बौद्ध ग्रंथों में इसकी गूंज मिलती है। यह राजनीतिक भारत नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय भारत है। इस भूमि का नाम 'जंबू' (जामुन) के पेड़ के नाम पर रखा गया है, जो उर्वरता, मिठास और नैतिक व्यवस्था का सुझाव देता है। जंबूद्वीप सीमाओं से नहीं, बल्कि मिथकों के समुद्रों से घिरा है। यह भारत को मानचित्र के केंद्र में नहीं, बल्कि एक नैतिक ब्रह्मांड के केंद्र में रखता है।

### आर्यावर्त के जरिए परिवर्तन

'आर्यावर्त' एक और परिवर्तन को दर्शाता है। 200 ईसा पूर्व के आसपास के प्रारंभिक धर्मशास्त्र ग्रंथ, आर्यावर्त को यमुना-गंगा दोआब तक सीमित रखते हैं। यह एक राष्ट्र नहीं, बल्कि एक अनुष्ठानिक हृदयस्थल है, जहां विशिष्ट लोगों की उपस्थिति के कारण विशिष्ट नियम लागू होते हैं। दो शताब्दियों बाद इसी शब्द का नाटकीय रूप से विस्तार हुआ। अधिकांश प्रारंभिक धर्मसूत्र आर्यावर्त को हिमालय और विंध्य के बीच की भूमि के रूप में परिभाषित करते हैं। बाद के कानूनी पाठ, विष्णु स्मृति ने इस सीमा को तोड़ दिया और दक्षिणापथ के बड़े हिस्सों को 'म्लेच्छ भूमि' के बजाय सांस्कृतिक रूप से 'आर्यावर्त' माना। इस प्रकार आर्यावर्त हिमालय और समुद्र के बीच की पूरी भूमि बन गया, जिसे जातीयता या भाषा से नहीं, बल्कि ब्राह्मणों को दिए जाने वाले सम्मान के स्तर से परिभाषित किया गया।

### बहुलता की कहानी का सार क्या है?

इस सब से जो उभरता है, वह एक सरल सत्य है कि भारत का कभी भी एक नाम नहीं रहा क्योंकि यह कभी भी एक इकाई नहीं रहा है। यह एक बंदरगाह और एक तीर्थ स्थल रहा है, एक नदी और एक अनुष्ठानिक स्थान, एक व्यापार क्षेत्र और एक नैतिक क्षेत्र रहा है। हर नाम भूमि से ज्यादा नाम रखने वाले के बारे में बताता है। व्यापारी बंदरगाह देखते हैं। पुजारी पवित्रता के क्षेत्र देखते हैं, राजा साम्राज्य की कल्पना करते हैं और दार्शनिक अर्थों में महाद्वीप देखते हैं। भारत के 'मूल नाम' को खोजने की व्याकुलता गलत है। यहां कोई एकल उत्पत्ति नहीं है, केवल परतें हैं। एक सच्चे नाम पर जोर देना इतिहास को छोटा करना है। भारत इसीलिए टिका हुआ है क्योंकि इसने कई नामों को एक साथ रहने, बहस करने, ओवरलैप करने और एक-दूसरे का खंडन करने की अनुमति दी है। नामों की यह बहुलता भ्रम नहीं है, बल्कि यही इस कहानी का सार है।

# हिरदेनगर में श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन




### कथा में पहुंचे प्रभारी मंत्री, मंडला सांसद, कैबिनेट मंत्री

**जागरण मंडला।** ग्राम पंचायत हिरदेनगर में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के गृह ग्राम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के छठवें दिन महारास लीला एवं भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का अत्यंत भावपूर्ण प्रसंग सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंडला जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मंच पर पहुंचकर कथा वाचक परम पूज्य संत प्रवर सिया बल्लभदास वेदांती जी महाराज (अयोध्या धाम) का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। अयोध्या धाम से पधारे संत प्रवर सिया बल्लभदास वेदांती जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं केवल धार्मिक कथाएं नहीं बल्कि मानव जीवन को धर्म, प्रेम और भक्ति का मार्ग दिखाने वाली दिव्य प्रेरणा हैं। महाराज श्री ने महारास और श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें प्रेम, समर्पण और धर्म के पालन की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य अपने जीवन में भक्ति और सदाचार को अपनाता है तो उसका जीवन सफल हो जाता है।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को आध्यात्मिक मार्ग की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम भी है, जहां लोग एक साथ बैठकर धर्म, संस्कृति और संस्कारों की बात करते हैं। मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें धर्म और आध्यात्म से जुड़ी हुई हैं। श्रीमद् भागवत कथा जैसे आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष को इस भव्य धार्मिक आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसी कथाएं नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करती हैं। वहीं कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि भागवत कथा के माध्यम से समाज में भक्ति, प्रेम और सद्भावना का संदेश प्रसारित होता है। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा सुनने से मन को शांति मिलती है और जीवन में सकारात्मकता आती है। इस अवसर पर महाराज श्री द्वारा मंच से उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति रही, जिन्होंने श्रद्धा भाव से कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कथा का कार्यक्रम प्रतिदिन श्रद्धा और भक्ति के साथ जारी है, जिसमें आसपास के गांवों सहित दूर-दूर से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

# भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई मां कर्मा देवी जयंती, साहू समाज ने निकाला भव्य चल समारोह



**जागरण मंडला।** घुघरी भक्ति और शक्ति की प्रतीक शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती आज घुघरी क्षेत्र में साहू समाज द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाई गई। प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी समाज के लोगों ने एकजुट होकर माता की आराधना की और नगर में शोभायात्रा निकाली।

### त्यागी चौक से हुआ पूजन का शुभारंभ

कार्यक्रम का मुख्य केंद्र त्यागी चौक रहा, जहाँ सुबह से ही समाज के लोग एकत्रित होने लगे थे। यहाँ विधि-विधान के साथ मां कर्मा देवी का पूजन-अर्चन और आरती की गई। श्रद्धालुओं ने माता से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

### बैंड-बाजे की धुन पर थिरके श्रद्धालु

पूजन के पश्चात भव्य चल समारोह निकाला गया। बैंड-बाजे और भक्ति गीतों की धुन पर युवा, महिलाएं और बुजुर्ग नाचते-गाते हुए नजर आए। पूरा वातावरण %मां कर्मा देवी की जय के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

### नगर भ्रमण कर किया गया स्वागत

यह भव्य जुलूस त्यागी चौक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरा। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस दौरान साहू समाज की एकजुटता और संस्कृति की झलक साफ देखने को मिली। समाज के वरिष्ठ जनों ने मां कर्मा देवी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# डॉ. मनोज चौधरी बने जीवनदाता, बिना ऑपरेशन निकाला बच्ची के गले में फंसा पाँच रुपये का सिक्का

**छतरपुर।** जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर मनोज चौधरी एक बार फिर जीवनदाता साबित हुए हैं। उन्होंने पाँच साल की बच्ची के गले में फंसा पाँच रुपये का सिक्का बिना ऑपरेशन के सफलतापूर्वक निकालकर उसकी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार ग्राम दीनू निवासी सुरेन्द्र चढ़ार की पाँच वर्षीय पुत्री मोनिका चढ़ार मोबाइल चलाते समय मुंह में रखा पाँच रुपये का सिक्का निगल गई। सिक्का गले में फंस जाने के कारण बच्ची को खाना खाने, पानी पीने और सांस लेने में काफी परेशानी होने लगी। परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल छतरपुर लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में डॉक्टर मनोज चौधरी ने बच्ची की स्थिति को देखते हुए सावधानीपूर्वक बिना ऑपरेशन के उसके गले में फंसा सिक्का निकाल दिया। उपचार के बाद बच्ची पूरी तरह सुरक्षित है और अब सामान्य रूप से हंस-खेल रही है। डॉक्टर मनोज चौधरी ने बताया कि समय रहते बच्ची को अस्पताल लाया गया, जिससे बिना ऑपरेशन के ही सिक्का निकालना संभव हो पाया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि छोटे बच्चों को मोबाइल या खेलते समय सिक्के जैसी छोटी वस्तुएं मुंह में रखने से रोकें, क्योंकि इससे गंभीर खतरा हो सकता है।

# पति से परेशान महिला ने खाया जहर जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती



**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 अयोध्या बस्ती महोबा रोड की रहने वाली एक युवती ने ससुराल पक्ष से मिल रही प्रताडऩा से तंग आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। इस घटना के बाद महिला की हालत बेहद गंभीर हो गई है और उसे जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गीता साहू (25) पुत्री मनोज साहू, निवासी अयोध्या बस्ती ने रविवार सुबह करीब 9 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए आईसीयू में शिफ्ट कर उपचार शुरू किया। महिला वर्तमान में आईसीयू में भर्ती है और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

महिला के पिता मोहन साहू ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि गीता की शादी लगभग 5 वर्ष पूर्व रमेश साहू पुत्र बाबूलाल साहू, निवासी वार्ड नंबर 1 बड़ा मलहरा, थाने के पीछे से हुई थी। शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले बेटी को लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। इस संबंध में पहले भी कोतवाली थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज की जा चुकी है।

घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली टीआई अरविंद दांगी पुलिस टीम के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद लंबे समय से चल रहा था और इस संबंध में पुलिस में मामला भी दर्ज हुआ था, लेकिन बाद में दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया था। अब महिला द्वारा जहर खाने की घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस के साये में बंटे सिलेंडर : किल्लत के डर से सड़कों पर उतरे हजारों उपभोक्ता




**नौगांव।** नौगांव शहर में गैस की किल्लत की फैली एक अफवाह और एक हफ्ते से रुकी होम डिलीवरी ने शनिवार को विस्फोटक स्थिति पैदा कर दी। स्टेडियम के पीछे स्थित बुंदेलखंड गैस एजेंसी पर सुबह 9 बजे से ही उपभोक्ताओं का ऐसा हुजूम उमड़ा कि प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। देखते ही देखते एजेंसी के बाहर आधा किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं और स्थिति बिगड़ती देख मौके पर भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। पुलिस की मौजूदगी में जैसे-तैसे सिलेंडरों का वितरण शुरू हुआ, लेकिन अव्यवस्थाओं को लेकर उपभोक्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर नजर आया।

### साइबर अटैक और होम डिलीवरी के नाम पर परेशानी का खेल

उपभोक्ताओं का आरोप है कि पिछले एक सप्ताह से न तो गैस की होम डिलीवरी हो रही है और न ही ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल काम कर रहा है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने 8 दिन पहले बुकिंग कराई थी, लेकिन सिलेंडर नहीं मिला, जिसके कारण अब उन्हें चूल्हा फूंकने को मजबूर होना पड़ रहा है। शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 10 हजार कनेक्शनों का भार इसी एजेंसी पर है, जहाँ प्रतिदिन 350 सिलेंडरों की खपत है। बुकिंग सिस्टम फेल होने और डिलीवरी न होने से लोगों के मन में यह डर बैठ गया कि गैस का स्टॉक खत्म हो गया है, जिससे लोग एडवांस सिलेंडर लेने के लिए भी कतारों में लग गए।

### प्रशासनिक फेलियर : ड्यूटी पर तैनात अधिकारी लापता

एक तरफ जहाँ हजारों उपभोक्ता धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे, वहीं जिला प्रशासन की बड़ी लापरवाही भी उजागर हुई। गैस वितरण की व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए प्रशासन ने जिस अधिकारी अजय रैकवार की ड्यूटी लगाई थी, वे पूरे समय मौके से नदारद रहे।

# सिंधी लजीज व्यंजनों के साथ फूड फेस्टिवल का हुआ आयोजन

### हर उम्र के सदस्यों ने लगाए लजीज़ व्यंजनों के स्टॉल, बड़ी संख्या में शामिल हुए सामाजिक जन




**जागरण मंडला।** चेटीचंड महोत्सव के प्रारंभिक आयोजन की श्रृंखला में सिंधी सामाजिक की महिलाओं, बालिकाओं के द्वारा नगर के स्थानीय हाल में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसमें चटपटे लजीज व्यंजनों को शामिल किया गया। महिलाओं ने अपनी पाक कला एवं अनुभव के आधार पर एक से एक व्यंजनों के स्टॉल लगाए,फूड फेस्टिवल का सामाजिक जनों ने भरपूर आनंद लिया। आयोजन की शुरूआत पूज्य सिंधी पंचायत,मातृशक्ति संगठन एवं समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा भगवान झूलेलाल पर दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके बाद बड़ी संख्या में सामाजिक परिवारों के सदस्य शामिल हुए और आनंद मेले का लुत्फ उठाया। आनंद मेले में पारंपरिक सिंधी लजीज व्यंजनों को विशेष तौर पर शामिल किया गया,आयोजन की खास बात रही कि इसमें समाज के हर उम्र के सदस्यों ने स्टॉल में उत्साह से सहभागिता की। बच्चों एवं बड़ों के पसंदीदा व्यंजन होने के कारण आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में सामाजिक मातृशक्ति संगठन के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# महाराजा यूनिवर्सिटी में मानव अधिकार सुरक्षा प्रकोष्ठ का कार्यक्रम

**छतरपुर।** शहर स्थित महाराजा यूनिवर्सिटी में मानव अधिकार सुरक्षा प्रकोष्ठ (एचआरपीसी) के तत्वावधान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को प्रोत्साहित करना तथा उनके योगदान को सम्मानित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, सामाजिक सेवा, जागरूकता और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने वाली कई महिलाओं को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं का मनोबल बढ़ता है और अन्य महिलाओं को भी समाज सेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# चाचा को स्टेशन छोड़ने गया भतीजा हुआ लापता

### सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे एसपी कार्यालय, बाइक सहित तलाश में जुटी पुलिस

**छतरपुर।**जिले के सिंहपुर डुमरा रेलवे स्टेशन से एक युवक के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। ग्राम बरा निवासी 22 वर्षीय जितेंद्र पटेल उर्फ जीतू पुत्र देशराज पटेल शुक्रवार 13 मार्च की सुबह करीब 4:40 बजे अपने चाचा को रेलवे स्टेशन छोडऩे गए थे। इसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने बताया कि जितेंद्र अपने साथ काले रंग की टीवीएस रेडियन मोटरसाइकिल लेकर गए थे, जो अभी तक नहीं मिली है। युवक के गायब होने से परिवार में हड़कंप मच गया है। शनिवार को सैकड़ों ग्रामीणों और परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर युवक की तलाश कराने की मांग की और आवेदन सौंपा। प्रार्थी देशराज पटेल ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि उनका बेटा जितेंद्र पटेल उर्फ जीतू शुक्रवार से लापता है। उन्होंने पुलिस से गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश कर सुरक्षित घर वापस लाने की गुहार लगाई।

इस दौरान ओबीसी महासभा प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार पटेल, रामकृपाल पटेल, घासीराम पटेल सहित परिजन मौजूद रहे। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू करने की बात कही है। पुलिस टीम युवक और मोटरसाइकिल की तलाश में जुटी हुई है। परिवार और ग्रामीणों में युवक के सुरक्षित मिलने की दुआएं हो रही हैं।

# रबी फसल उपार्जन की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली समीक्षा बैठक



**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में आगामी रबी फसल उपार्जन को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में अनुभाग स्तरीय उपार्जन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एसडीएम श्री ठाकुर ने शासन द्वारा निर्धारित उपार्जन नीति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन की पूरी प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी और सुव्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर केवल स्तर की गुणवत्तापूर्ण फसल ही खरीदी जाए।किसानों की सहूलियत को प्राथमिकता देते हुए एसडीएम ने निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी उपार्जन केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए शीतल पेयजल और बैठने के लिए छायादार स्थान, केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाने, तौल मशीनें और अन्य आवश्यक संसाधन और किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार नैनपुर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सहकारिता निरीक्षक, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सहित नागरिक आपूर्ति निगम और मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंदा, एक की मौत, दो गंभीर



**जागरण, कटनी।** पन्ना-कटनी मुख्य मार्ग पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा शाहनगर थाना क्षेत्र के केन नदी के पास हुआ जहाँ गड्ढों से बचने की कोशिश में एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया।

### गड्ढों से बचने के चक्कर में रॉन्ग साइड आया ट्रक

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर गहरा गड्ढे होने के कारण वाहन चलाना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। घटना के समय ट्रक चालक गड्ढे से बचने की कोशिश कर रहा था तभी वाहन अचानक अनियंत्रित होकर गलत दिशा में आ गया और सामने से आ रही बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। एक युवक ट्रक के नीचे बुरी तरह फंस गया था जिसे पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया।

### सीमेंट प्लांट में कार्यरत थे तीनों युवक

हादसे का शिकार हुए तीनों युवक पड़ोसी जिले कटनी के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों की पहचान इस प्रकार हुई है जिसमें भारत केवट 22 वर्ष निवासी ग्राम पिपरा, थाना विजयराघवगढ़ राजकुमार केवट 24 वर्ष निवासी ग्राम पिपरा, अमित केवट 28 वर्ष निवासी ग्राम पिपरा शामिल है। जानकारी के अनुसार ये तीनों एक सीमेंट प्लांट में काम करते थे और रविवार की छुट्टी होने के कारण बाइक से अपने घर जा रहे थे।

### राहगीरों ने की मदद, कटनी जिला अस्पताल रेफर

हादसे के तुरंत बाद वन रक्षक आशीष पांडेय, राजकमल पांडेय और अन्य राहगीरों ने सक्रियता दिखाते हुए घायलों की मदद की। सूचना मिलते ही शाहनगर पुलिस मौके पर पहुँची और स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर पहुँचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया है।

# नगर में गैस की किल्लत, आम नागरिक परेशान



**जागरण गोहपारू।** नगर में कमर्शियल गैस की सप्लाई पर रोक लगाए जाने के बाद नगर में होटल एवं चायट्ठनाश्ते के व्यापारी पिछले एक सप्ताह से बड़ी चिंता में है। कमर्शियल गैस सिलेंडर ना मिल पाने के कारण दुकानदार अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं की तलाश जुटाने में लगे हुए हैं। उनकी रोजी रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। मिली जानकारी अनुसार कोतमा क्षेत्र में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए चिलचिलाती धूप में खड़े होकर गैस की लाइन में लगना पड रहा है। जबकि वहीं कोतमा नगर में खुलेआम नगर के रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड,गांधी चौक सहित अन्य जगहों पर छोटे दुकानदारों के द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा है। इस संदर्भ खाद्य विभाग को जानकारी होने के बाद भी खाद्य विभाग एवं प्रशासन द्वारा नगर में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे आम उपभोक्तओ में नाराजगी बनी हुई हैं। सूत्रों के अनुसार कलाबाजारियों के द्वारा घरेलू सिलेंडरों को महंगे दामों में बेचा जा रहा है।

नगर में पिछले कई दिनों से गैस वितरण की गाड़ी घर पहुंच सेवा बंद कर दी गई है जिससे उपभोक्ताओं को पर्ची लेकर 6 किलोमीटर दूर लहसूई जाना पड़ता है ।

रविवार को भी पूरे दिन गैस के लिए ऑफिस में भीड़ भाड़ बनी रही। लोग पर्ची कटाने के बाद भीषण गर्मी में गोदाम तक जाने को विवश हो रहे हैं।

नगर के होटल संचालक अमित जैन का कहना है कि कमर्शियल गैस पर पूरी तरह रोक लगने से परेशानी हो रही है। गैस समाप्त होने वाला है। अन्य ईंधन जैसे डीजल भट्टी, लकड़ी की व्यवस्थाओं की तैयारी की जा रही है। शासन से मांग है कि पूर्व की भांति कमर्शियल केरोसीन उपलब्ध कराना प्रारंभ करना चाहिए।

रेस्टोरेंट संचालक दुर्गेश ने बताया कि गैस ना मिलने से भारी समस्या आने लगी है। लकड़ी और कोयले जैसे अन्य ईंधनों से काम चलाना पड़ेगा। जिसमें समय और लागत दोनों ज्यादा आएगी। दृष्टि धूल धुआं का सामना करना पड़ेगा।

व्यापारी ओम नारायण ताम्रकार ने बताया कि एक सप्ताह से इंडक्शन की बिक्री होने लगी है। प्रतिदिन 2 से 3 ग्राहक रेट पूछने आ रहे हैं। बाजार में इंडक्शन की मांग लगातार बढ़ रही है।

भालूमाड़ा निवासी शकुंतला यादव पिछले 4 दिनों से 8 किलीमीटर दूर से आकर गैस कार्यालय के चक्कर काट रही है। पहले बुकिंग के लिए परेशानी होती रही अब केवाईसी कराने के बाद गैस मिलने की बात कही जा रही।

**गैस न मिलने से कई घरो में चूल्हा जलाने की नौबत आ गई है :** कलाबाजारी काट रहे चांदी- एक ओर गैस के लिए जमकर मारामारी चल रही है। वहीं दूसरी ओर नगर के बीच बाजार स्टेशन चौक, गांधी चौक, बस स्टैंड सहित अन्य जगहों में खुलेआम होटलों एवं नाश्ते, चाय की दुकानों पर घरेलू गैस का उपयोग होते आसानी से देखा जा सकता है।

खुलेआम घरेलू गैस का कॉमर्शियल उपयोग होने के बाद भी खाद्य विभाग एवं स्थानीय प्रशासन कार्यवाही करने मैदान में नजर नहीं आ रहा है। पिछले कई दिनों से नगर में गैस को लेकर मारामारी देखने को मिल रही है। उसके बाद भी कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी एवं प्रशासनिक टीम के क्षेत्र में भ्रमण एवं निरीक्षण नहीं किया जा रहा है।

# आयुध निर्माणी विद्यालय में पाठ्यक्रम तब्दीली को लेकर ज्ञापन सौंपा



**कटनी।** आयुध निर्माणी विद्यालय को 2026-27 से सीबीएसई पाठ्यक्रमानुरूप संचालित करने के निर्णय को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति के द्वारा एक ज्ञापन सौंपते हुए उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने की अपेक्षा की गई है। गौरतलब है कि आयुध निर्माणी कटनी के पूर्वी परिक्षेत्र में वर्षों से संचालित उच्चतर माध्यमिक शाला को चालू सत्र तक माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल से सम्बद्धता थी तथा मूलतः यह विद्यालय हिंदी माध्यम से संचालित होता आ रहा है और तो और इस विद्यालय से अब तक हजारों हजार विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है।

इसी आयुध निर्माणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को सत्र 2026-27 से सीबीएसई पाठ्यक्रम द्वारा संचालित किए जाने का एकतरफा निर्णय लिया जा चुका है। अपने इसी एकपक्षीय थोपे गए निर्णय को पूरी तरह से अमलीजामा पहनाने की श्रृंख्ला में आयुध निदेशालय कोलकाता समन्वय एवं सेवाएँ के निर्देशानुसार फील्ड यूनिट जबलपुर के उच्च अधिकारियों द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के माता पिता, अभिभावकों के साथ गत दिवस एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की सूचना मिलते ही संयुक्त संघर्ष समिति आयुध निर्माणी कटनी महासचिव संजय तिवारी ने इस विषय में अनेक अभिभावकों से मुलाकात करके उनका अभिमत लेने के बाद संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक बुलाई। इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने म.प्र.बोर्ड के सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालन में परिवर्तन के गुण दोष, हानि लाभ, पक्ष-विपक्ष का बेहतर मूल्यांकन करने के उपरांत आयुध निदेशालय कोलकाता को एक ज्ञापन प्रेषित किया है। सौंपें गये ज्ञापन में उन्होंने जहाँ एक ओर इस परिवर्तन के पक्ष में लाभ बताए वहीं इस परिवर्तन के विपक्ष को अधिक प्रभावशाली बताया है। संघर्ष समिति द्वारा ज्ञापन में सबसे अहम बोर्ड परिवर्तन के कारण फीस में वृद्धि को रेखांकित किया गया है क्योंकि अब तक इस विद्यालय में शिक्षा लगभग निःशुल्क थी। फीस वृद्धि से निम्न वर्ग के अभिभावकों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा तथा इस वर्ग के बच्चों की शिक्षा से वंचित रह जाने की संभावना बढ़ेगी। इसके अलावा अंग्रेजी माध्यम में अचानक परिवर्तन होने से अध्ययनरत बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही यह भी कहा गया है कि यह परिवर्तन क्षेत्रीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं हिंदी भाषा के प्रचार को कम करता है तथा बोर्ड परिवर्तन से दाखिला प्रक्रिया भी ऑनलाइन हो सकती है। इसके कारण आसपास के बच्चों को विद्यालय में दाखिला लेना बेहद कठिन हो जाएगा। संघर्ष समिति के संजय तिवारी, शिवजी प्रताप सिंह, विष्णुकांत तिवारी, मनीष तिवारी, फिरोज अहमद, सत्यनारायण लोहार आदि ने अपेक्षा की है किए संबंधित सक्षम प्राधिकारियों द्वारा ज्ञापन में उठाए गये विविध पहलुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए पाठ्यक्रम को अमल में लाने के पूर्व अवश्य ही विचार किया जाएगा।

# आयुध निर्माणी में कार्यवेक्षक सम्मेलन का समापन




**कटनी।** एमसीएम से चार्जमेन पद पर पदोन्नति, तकनीकी सीएमए एलडीसी सीएम के नोशनल प्रमोशन एवं नोशनल इंक्रीमेंट, 6500 ग्रेड पे तथा 1.86 का फिटमेंट फैक्टर सहित भविष्य में केंद्रीय कर्मचारियों के लिए ऑप्शन जैसे वृहद मुद्दों पर सार्थकतापूर्ण विचारमंथन के बाद होली मिलन के साथ ही आयुध निर्माणी कार्यवेक्षक सम्मेलन का समापन हुआ। सम्मेलन में पहुंचे पदाधिकारियों के द्वारा कार्यवेक्षकों के विभिन्न प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान किया गया।

आयुध निर्माणी कटनी के पूर्वी क्षेत्र स्थित बैचलर मैस मे आयोजित कार्यवेक्षक संघ का सम्मेलन एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन गत 14 मार्च शनिवार को किया गया। इसमें जबलपुर जोन से पधारे एआईएएनजीओस के पदाधिकारियों में जेसीएम तृतीय अजय यादव, सत्येंद्र प्रताप सिंह आयुध निर्माणी खमरिया, अध्यक्ष अजय चौहान जबलपुर जोन अध्यक्ष, डी.सी पांडे जबलपुर जोन सचिव, अमित श्रीवास्तव राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अजय कुमार पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, के कुंडू पूर्व अध्यक्ष, मधुसूदन दहिया सचिव आयुध निर्माणी जबलपुर, धर्मेंद्र व्यास उपाध्यक्ष आयुध निर्माणी जबलपुर ने स्वागतोपरांत सिलेसिलेवार ढंग से आयुध निर्माणियों के कार्यवेक्षकों समेत विभिन्न कैडर की उपयोगिता तथा सभी के लिए जरूरी मुद्दों पर प्रकाश डाला।

अतिथियों ने सम्मेलन में मौजूद सभी कार्वेक्षकों के उपरोक्त मुद्दों के अलावा विभिन्न प्रश्नों का बड़ी ही साफगोई एवं बोधगम्यता शैली में जवाब देते हुए उनकी प्रत्येक शंकाओं का समाधान किया एवं बताया किए वर्तमान में आयुध निर्माणियों में जो भी कैडर विविध बैकलॉग में शेष हैं वह एक तरह से क्रीमी लेयर हैं और हमारा सामना पिछले कुछ वर्षों से जब से निगमीकरण प्रक्रिया को अपनाया गया है तो वर्तमान परिवेश में खुले बाजार की इस प्रतियोगिता में हम लगातार खरे भी उतर रहे हैं तथा अनेक निर्माणियां आज लाभ की स्थितियों में हैं।

आयोजित सम्मेलन के साथ ही होली मिलन में कटनी इकाई अध्यक्ष उमाशंकर एवं सचिव प्रकाश सिंह गौतम के अलावा जितेंद्र राहंगडाले, अखिलेश यादव, मनोज पटेल, संजय ईश्वर, कमलेश राय, नितिन श्रीवास्तव, आशीष गौतम, नीतीश विश्वास, डी.एन.सिंह, सत्य प्रकाश यादव, रामाशंकर त्रिपाठी, भूपेंद्र ठाकुर, मकरध्वज पटेल, महेश सेन, दीपक बिचपुरिया, सुशील श्रीवास्तव, विनोद कुमार महतो, हरी लाल रैदास, वेद प्रकाश यादव, सौरभ क्लीयरेंस, हरि सिंह, अजीत सिंह, एस के सिंह, सुमंत शील, महेंद्र साहू, लिंगराजू नायडू, रेजीनॉल्ड जेकबए, एस जे पीटर, जीवन दत्त तिवारी, विजय यादव, उदित झा, राजेश रोशन, अमर, राजेश बोके, ललित शर्मा, नरेंद्र कुमार, दशरथ गोटिया, प्रीतिश विश्वास, अजय कुमार बैन, जवाहरलाल मेघवानी, पवनेंद्र मुछाल, पंकज कुमार, तारकनाथ पाल, सुग्रीव प्रसाद, पिंटू कुमार, सुमित कुमार, उत्तम कुमार, संदीप त्रिपाठी, प्रेमलाल, राजकुमार पांडे, ज्ञानचंद सहित विशिष्ट अतिथि सुधीर शुक्ला, उमेश विश्वकर्मा, दारा सिंह विरदी, माधव सिंह, आशीष खरे आदि सभी कार्यवेक्षकों की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# सिंधी पारिवारिक वॉकाथन 2.0 उत्साहपूर्वक संपन्न

**कटनी।** भगवान श्री झूलेलाल जी के पावन जन्मोत्सव चेटीचंड्र महोत्सव के उपलक्ष्य में सिंधु नौजवान मंडल कटनी के तत्वाधान में आयोजित सिंधी पारिवारिक सांजीवद 2.0 रविवार को उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सिंधु झूलेलाल मंगलम नई बस्ती से हुआ जिसमें बड़ी संख्या में सिंधी समाज के परिवारों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठजनों ने भाग लेकर एकता और स्वास्थ्य का संदेश दिया। वॉकाथन के दौरान प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लेकर सिंधी एकता का परिचय दिया। महिलाओं ने सिंधु सनातन की प्रतीक केसरिया दुपट्टा व टोपी धारण कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान जयकारों और उल्लासपूर्ण माहौल के बीच समाज की एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पंजीकृत प्रतिभागियों को कैप एवं आकर्षक उपहार प्रदान किए गए तथा सभी ने भगवान श्री झूलेलाल जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सिंधु नौजवान मंडल के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समस्त समाजबंधुओं, संस्थाओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा समाज के सभी लोगों से अपील की कि वे चेटीचंड्र महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले आगामी धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रमों को सफल बनाएं।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## दुकान किराये पर देना है

सिरमौर चौक, रीवा (Golden Medical Hall के बगल में) 16×25 (लगभग 400 sq.ft.) की दुकान किराये पर देना है। प्राथमिकता : मेडिकल से संबंधित कार्य जैसे मेडिकल स्टोर, सोनोग्राफी, क्लिनिक आदि। संपर्क करें : 9109372827, 7024369247

R.No.85335 (16/3)

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं प्रथम केसरवानी पिता –स्वर्गीय राज किशोर केसरवानी जन्मतिथि –4/8/2006 अंकित है। आधार नंबर 4067 28161292 है। निवास –चाकघाट, तहसील–त्योंथर , पिन कोड 486226,जिला–रीवा (मध्य प्रदेश) प्रथम गुप्ता पिता स्वर्गीय राजकिशोर गुप्ता जन्मतिथि 28/5/2005 निवास–चाकघाट, तहसील त्योंथर, पिनकोड 486226 जिला–रीवा (मध्य प्रदेश) मैं स्वयं एक व्यक्ति हूं जन्म के समय मेरे पिताजी प्रथम गुप्ता के नाम से बुलाया करते थे लेकिन जब मेरा स्कूल में नाम लिखाया गया तब प्रथम केसरवानी पिता स्वर्गीय राजकिशोर केसरवानी जन्म तिथि 4/8/2006 अंकित है मेरे सभी दस्तावेजों जैसे–आधारकार्ड, पैन कार्ड ,ड्राइविंग लाइसेंस, 10वीं की मार्कशीट इत्यादि में प्रथम केसरवानी पिता स्वर्गीय राज किशोर केसरवानी निवास –चाकघाट, तहसील–त्योंथर,पिन कोड 486226,जिला–रीवा (मध्य प्रदेश) है। यदि किसी व्यक्ति को आपत्ती हो तो वह एक सप्ताह के अंदर आपत्ती व्यक्त करें मो.9685430944

## कार्यालय कलेक्टर जिला रीवा एवं पदेन अपरसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

:: अधिसूचना::

पत्र क्र. 2090/भू–अर्जन/2026 — रीवा दिनांक 20.02.2026

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक / लोक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा – 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची खाने के (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11 की उपधारा 2 द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है। साथ ही अधिनियम की धारा 11 (4) के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

अनुसूची

| भूमि का विवरण | | | लगभग क्षेत्रफल | धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक/लोक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| रीवा | सिरमौर | मढ़ा | 1.535हे. | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग क्र. 1 जिला रीवा (म.प्र.) | रीवा मनकहरी मछिया फरहद सड़क निर्माण कार्य हेतु |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) रीवा के कार्यालय में देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(प्रतिभा पाल)
कलेक्टर
जिला रीवा एवं पदेन अपर सचिव
राजस्व विभाग

जी–27328/25

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग अनूपपुर (म.प्र.)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 13/एस.ए.सी./अनूपपुर/2025–26 — अनूपपुर, दिनांक 11/03/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु.राशि (रू.लाखं) | टेण्डर फार्म की राशि | धरोहर की राशि | समय | ऑनलाईन एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2026_PWDRB_489126_1 | अनूपपुर | प्लान मद | धूना आश्रम अमरकंटक से कबीर चबूतरा मार्ग लंबाई 0.30 कि.मी. तक डामरीकृत मार्ग का निर्माण एवं धूना आश्रम से कल्याण सेवा आश्रम गौशाला तक मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 0.70 कि.मी. | प्रथम | 67.87 | 10000/- | 67870/- | 03 माह | मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा |
| 2 | 2026_PWDRB_489127_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | लोक निर्माण विभाग (भ./स.) उपसंभाग अनूपपुर अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य (01.01.2024 से प्रभावशील एस.ओ.आर. के आयटम) | प्रथम | 12.50 | 2000/- | 25000/- | 06 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर |
| 3 | 2026_PWDRB_489128_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | लोक निर्माण विभाग (भ./स.) उपसंभाग अनूपपुर अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य (01.01.2024 से प्रभावशील एस ओ. आर. के आयटम) | प्रथम | 12.50 | 2000/- | 25000/- | 06 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर |
| | | | | कुल योग 03 नग | | 92.87 | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नेलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि दिनांक 11.03.2026(17.30 पी.एम.) से अंतिम तिथि 24.03.2026,(17.30 पी.एम.) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन स्केन कर डाउनलोड किये जावें।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग अनूपपुर (म.प्र.)

जी–27395/25

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)

PHONE No. 07662-406740 E-mail:-dpepjurewa@gmail.com

एन.आई.टी. नं. - 07/2026/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/502 — रीवा, दिनांक:- 06.03.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | संविदाकार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWPIU_489091_1 | कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग रीवा जिला-रीवा के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न कार्यस्थलों में वाह्य विद्युतीकरण के जोनल कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रीवा | 50.00 | 50000.00 | 5000 | 12 माह | "ए" श्रेणी संविदाकार विद्युत |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 10-03-2026 समय 10:00 से दिनांक 26-03-2026 समय 05:30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, रीवा

जी–27390/25

## संक्षिप्त खबरें

### आज से दो परीक्षाओं के फार्म जमा कराएगा बीयू

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विवि ने यूजी के द्वितीय और तृतीय वर्ष के परीक्षा फार्म 16 मार्च से खोलेगा। परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि सात अप्रैल रखी है। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी (होम साइंस), बीए मेनेजमेंट, बीबीए, बीसीए, बीपीईएस के बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी (होम साइंस), बीए मैनेजमेंट, बीबीए, बीसीए, बीपीईएस के द्वितीय और तीसरे वर्ष में प्रवेशरत विद्यार्थी परीक्षा फार्म जमा कर पाएंगे। विद्यार्थी एबीसी आईडी के अभाव में परीक्षा फार्म जमा नहीं कर पाएंगे। विभाग ने हर विद्यार्थी की एबीसी आईडी अनिवार्य कर दी है। विद्यार्थी सामान्य फीस के साथ 16 मार्च से सात अप्रैल तक फार्म जमा कर सकेंगे। वे 300 रुपये विलंब शुल्क के साथ आठ से 10 मार्च तक तथा 11 मार्च से परीक्षा शुरू होने के तीन दिन पहले एक हजार रुपये का विशेष विलंब शुल्क देकर परीक्षा फार्म जमा कर पाएंगे। चार हजार रुपये का विशेष शुल्क देकर परीक्षा शुरू होने के दो दिन पहले तक फार्म जमा कर पाएंगे। बीयू को प्रथम और चौथे वर्ष की भी परीक्षा कराना है। अभी बीयू ने उक्त दोनों वर्ष के परीक्षा फार्म नहीं खोले हैं। प्रथम वर्ष में प्राइवेट विद्यार्थियों के नामांकन भी कराए जाएंगे।

### पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह का निधन

**जागरण, सतना।** सतना जिले के नागौद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और भाजपा नेता यादवेंद्र सिंह का शनिवार दोपहर भोपाल में निधन हो गया। 73 वर्षीय यादवेंद्र डायबिटीज की बीमारी से ग्रस्त थे और भोपाल के चिरायु अस्पताल में उपचाररत थे। रविवार को गृह ग्राम कचनार में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्वर्गीय यादवेंद्र सिंह की बहू प्रतिभा सिंह वर्तमान में नगर परिषद नागौद की अध्यक्ष हैं। वे 2013-18 तक कांग्रेस पार्टी के विधायक रहे। वर्ष 2023 में कांग्रेस से टिकट न मिलने पर उन्होंने बसपा का दामन थामा और चुनाव लड़ा और हार गए। इसके बाद 2024 में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली। हाई डायबिटीज के कारण तीन दिन पहले चिकित्सकों को उनका एक पैर घुटने के नीचे से काटना पड़ा था।

### गोमांस तस्करी केस में असलम चमड़ा की जमानत याचिका खारिज

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गोमांस तस्करी केस में आरोपी असलम कुरैशी उर्फ चमड़ा की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जयदीप मौर्य ने शुक्रवार को अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की जमानत याचिका निरस्त कर दी। सुनवाई के दौरान आरोपी के अधिवक्ता ने कोर्ट से कहा कि असलम कुरैशी निर्दोष है और उसे जमानत दी जानी चाहिए। वहीं शासकीय अधिवक्ता ने मामले की गंभीरता का हवाला देते हुए जमानत आवेदन खारिज करने का अनुरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। मामले में पुलिस की एसआईटी ने जांच पूरी करने के बाद 6 मार्च को आरोपी असलम कुरैशी और उसके ड्रायवर शोएब के खिलाफ करीब 500 पेज का चालान न्यायालय में पेश किया था। दरअसल, 17 दिसंबर 2025 को हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पुलिस मुख्यालय के पास एक कंटेनर पकड़ा था। कंटेनर में करीब 26 टन मांस मुंबई भेजा जा रहा था। आरोप था कि स्लॉटर हाउस में गोवंश का अवैध कत्ल कर चोरी-छिपे मांस बाहर भेजा जा रहा था। पुलिस ने मांस के सैंपल लेकर जांच के लिए मथुरा फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी भेजे थे। रिपोर्ट में गोमांस की पुष्टि होने के बाद 8 जनवरी को जहांगीराबाद थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद नगर निगम ने स्लॉटर हाउस सील कर दिया था। पुलिस ने स्लॉटर हाउस संचालक असलम कुरैशी और उसके ड्रायवर शोएब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# 1000 करोड़ की योजना के जरिए आधुनिक खेती को प्रोत्साहन दे रही सरकारः मुख्यमंत्री

**▸▸ सीएम यादव के स्वागत में एक किमी लंबी आभार रैली निकाली**

**▸▸ बरही परियोजना से 27 गांवों के 11 हजार किसानों को मिलेगा लाभ**

**जागरण, कटनी।** बरही में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने करीब एक हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का जिक्र करते हुए किसानों के लिए कृषि महोत्सव आयोजित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आधुनिक और लाभकारी खेती के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों ने प्रदेश के विकास के लिए पर्याप्त काम नहीं किया। साथ ही उन्होंने बताया कि आवास योजनाओं के लिए फिर से सर्वे कराया जा रहा है और जल्द ही जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शनिवार को कटनी जिले के बरही में भव्य आभार रैली के माध्यम से स्वागत किया गया। बड़ा तालाब से विजयनाथ धाम मंदिर के मेला प्रांगण तक करीब एक किलोमीटर लंबी रैली निकाली गई। बरही के मुख्य बाजार मार्ग से रथ में निकली इस रैली के दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। रैली के दौरान मुख्यमंत्री के साथ रथ में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक और जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी भी मौजूद रहे। किसानों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और प्रबुद्धजनों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। आभार रैली मुख्य मार्ग, चौक बाजार, सुभाष चौक और कमानिया गेट से होकर निकली। इस दौरान 14 स्थानों पर स्टॉल लगाकर विभिन्न संगठनों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इनमें मेडिकल व्यापारी संघ, किराना व्यापारी संघ, सराफा व्यापारी संघ, कपड़ा व्यापारी संघ, वॉलीबॉल स्पोर्ट्स क्लब, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, हार्डवेयर संघ, कसोधन गुप्ता समाज, अधिवक्ता संघ, सेल यूनियन परिवार और नगर के पार्षद शामिल रहे।




### सिंचाई परियोजना के लिए जताया आभार

बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना को 3 फरवरी को राज्य मंत्रिपरिषद से मंजूरी मिलने के बाद लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस परियोजना की लागत करीब 566.92 करोड़ रुपये है। इसके पूरा होने पर बरही और विजयराघवगढ़ तहसील के 27 गांवों की लगभग 20 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी और करीब 11 हजार किसानों के खेतों तक पानी पहुंचेगा। इसके अलावा क्षेत्र में करीब 243 करोड़ रुपये से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन भी प्रस्तावित है।

### वन नेशन, वन हेल्पलाइन से मजबूत हुआ महिला और बाल सुरक्षा तंत्र

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर राज्य सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में महिला सुरक्षा और बाल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए तकनीक आधारित सहायता तंत्र को मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति तब संभव होती है जब महिलाओं और बेटियों को सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर मिलें। राज्य सरकार महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, उनकी सुरक्षा और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं, नवाचारों और तकनीक आधारित सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है, जिससे उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के बेहतर अवसर मिल सकें। महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, जागरूकता कार्यक्रम और त्वरित सहायता तंत्र इसी दिशा में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयास हैं। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए प्रशासनिक तंत्र को अधिक संवेदनशील, जवाबदेह बनाने में कई पहल की गई हैं। महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को आपातकालीन से एकीकृत करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना 31 अगस्त 2023 को की गई।

## एसीएस की नसीहत नहीं रुके घरेलू सिलेंडर की सप्लाई

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में गहराए रसोई गैस सिलेंडरों को दूर करने शासन स्तर पर तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने शनिवार को मंत्रालय मे वरिष्ठ अधिकारियों तथा ऑइल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। अपर मुख्य सचिव शमी ने अधिकारियों और एजेंसियों को समन्वय बनाकर घरेलू उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर की सप्लाई, वितरण व्यवस्था सुचारू बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने गैस कंपनियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को परेशानी न हो और शिकायतों की लगातार समीक्षा की जाए। बैठक में गैस एजेंसियों के संचालन, सिलेंडर वितरण की समयबद्धता और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। एसीएस ने कहाकि पूर्व में ही समस्त जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिए गए है कि यदि कहीं वितरण व्यवस्था में अनियमितता या विलंब की शिकायत मिलती है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। बैठक में बताया गया कि एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी के विरूद्ध भी लगातार कार्यवाही की जा रही है।

**6 सदस्यीय कमेटी गठित :** बैठक में बताया गया कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी तथा घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता के सम्बन्ध में ऑयल कंपनियों से समन्वय के लिए राज्य स्तर पर 6 सदस्यीय समिति भी गठित की गई है। समिति प्रदेश में वाणिज्यिक ओर घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी करेगी।

## अप्रैल में स्कूल खोलने से बच्चों को डिहाईड्रेशन का खतरा

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू होने वाला है। जबकि मार्च में ही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। सुबह से ही तीखी धूप पड़ने लगती है। दोपहर में तो आसमां से आग जैसी बरसने लगती है। गर्मी को प्रदेश कांग्रेस ने स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए नुकसान दायक बताते हुए चिंता जताई है। कांग्रेस का मानना है कि ऐसी गर्मी में स्कूल जाने से छात्रों को डिहाईड्रेशन का खतरा है। बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए शासन-प्रशासन को तत्काल फैसला लेना चाहिए और एक अप्रैल से नया शिक्षण सत्र फिलहाल टालना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने स्कूल एक अप्रैल से न खोलने की मांग करते हुए शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन और स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को पत्र भेजा है। त्रिपाठी का कहना है कि निजी स्कूल फीस के लालच में जल्द सत्र शुरू कर बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। त्रिपाठी ने अपने पत्र में मौसम विभाग की चेतावनी का हवाला भी दिया है, जिसमें चेताया गया है कि अप्रैल और मई के दौरान लू और भीषण गर्म हवाओं का असर और अधिक बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में छोटे बच्चों को स्कूल भेजना उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को तो तेज गर्मी बीमार कर सकती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि फीस वसूली के कारण निजी स्कूल बच्चों को मार्च से ही बुलाने लगते हैं। जबकि अधिकांश सरकारी और कुछ निजी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है। सरकारी स्कूलों में तो बच्चों को गर्मी से बचाने जरूरी सुविधाएं भी नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में तो बिजली और पानी भी नहीं है। इस स्थिति को देखते हुए अप्रैल में शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र को टाला जाए।

**कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री और सीएस को भेजा पत्र, जल्द फैसला लेने की मांग**

## डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्स की मान्यता लेने कॉलेजों को मिलेगी ९९ फीसदी तक छूट

### फीस कम होने से विद्यार्थी डिग्री के साथ कर सकेंगे डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के कालेजों को संबंधित विश्वविद्यालयों से मान्यता लेने लाखों रुपये खर्च करने होते हैं। यह लाखों रुपये विद्यार्थियों से फीस के तौर पर वसूल किए जाते हैं। अब ऐसा नहीं होगा। अब कालेजों को महज एक हजार रुपये के भुगतान पर यूजी-पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में मान्यता दी जाएगी। इससे विद्यार्थियों पर ज्यादा आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा। फीस में राहत मिलने से कालेज ज्यादा कोर्स संचालित भी कर पाएंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आसान बनाने राज्य सरकार कार्य कर रही है। उच्च शिक्षा विभाग ने भी यूजी और पीजी के डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स की फीस में कटौती की है। जहां कोर्स की स्वीकृति देने के लिए विश्वविद्यालय कालेजों से 25 हजार रुपये से एक और सवा लाख रुपये तक की वसूली करते थे अब विवि ये वसूली नहीं कर पाएंगे। उन्हें डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में स्वीकृति महज एक हजार रुपये पर देनी होगी। उन्हें 99 फीसदी तक कोर्स की स्वीकृति लेने के लिए छूट मिल सकेगी। यह निर्णय स्थायी समिति की बैठक में किया गया है। इसमें एसीएस अनुपम राजन के साथ आयुक्त प्रबल सिपास के साथ अन्य विवि के कुलगुरु तक उपस्थित थे।



### कॉलेज कैसे बढ़ाते हैं कोर्स की फीस

विवि द्वारा एक-एक कोर्स की अनुमति देने लाखों रुपये फीस कालेजों से लेते हैं। कालेज संचालक उक्त फीस को बढ़ाकर बताते हैं। कालेज मौजूद सीटों पर अन्य खर्च जोड़कर कोर्स की फीस निर्धारित कर लेते हैं। उसकी पूर्ति करने के लिए वे विद्यार्थियों से ज्यादा फीस वसूलते हैं। वह कितनी फीस ले रहे हैं इसकी जानकारी वे विभाग तक भेजते हैं। मान्यता शुल्क ज्यादा होने के कारण विभाग भी कालेजों की फीस पर कोई आपत्ति नहीं जता पाता। स्वीकृति शुल्क कम होने से विद्यार्थियों पर पड़ने वाला फीस का बोझ कम हो सकेगा।

### रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

विद्यार्थी रोजगारमुखी कोर्स कर अपना रोजगार भी शुरू कर पाएंगे। उक्त डिप्लोमा और सर्टिफिकेट के आधार पर विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए राज्य सरकार लोन देने की व्यवस्था तक कर रही है। बेरोजगार युवाओं को रोजगार तक हासिल हो सकेंगे। हमीदिया प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस में कुछ रोजगारमुखी कोर्स शुरू किए गए हैं, जिसमें वर्तमान सत्र में प्रवेश भी हुए हैं।

> विभाग के निर्देश पर कॉलेज में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए गए हैं। उनमें विद्यार्थी भी रुचि लेकर प्रवेश ले रहे हैं। फीस कम होने से प्रवेश संख्या में तेजी भी आएगी।
> ■ **डॉ अनिल शिवानी,** प्राचार्य हमीदिया प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस

## 395 नगरीय निकाय अध्यक्षों पर लटकी तलवार

**जागरण, भोपाल।** निर्वाचन के बाद राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित करने में राज्य स्तर पर की गई लापरवाही नगर पालिकाओं और परिषदों के अध्यक्षों पर संकट बढ़ा सकती है। अधिसूचना के साथ ही आपराधिक प्रकरणों का रिकॉर्ड अपलोड न होने से 395 नगरीय निकायों के अध्यक्षों का निर्वाचन भी खतरे में आ सकता है। सुप्रीम और हाईकोर्ट के फैसलों के बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग सक्रिय हो गया। विभाग ने अब सभी निकायों से अदालती प्रकरणों का रिकॉर्ड तलब किया है। अदालतों के आदेश से कुछ अध्यक्षों से वित्तीय अधिकार छीने जाने और निर्वाचन शून्य घोषित हो चुके हैं। अदालत के इन आदेशों को देखते हुए नगरीय विकास और आवास विभाग ने सभी नगरीय निकायों को पत्र लिखकर ऐसे मामलों की जानकारी विभाग की गूगल शीट्स पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। सभी संभागीय संयुक्त संचालकों को संचालनालय द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि अध्यक्ष के निर्वाचन में राजपत्र में प्रकाशन संबंधी न्यायालयीन प्रकरणों की जानकारी दी जाना है। इसमें कहा गया है कि नगर पालिका, नगर परिषद अध्यक्षों के चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से किए जाने का प्रावधान है। कुछ स्थानों पर ऐसे प्रकरणों की जानकारी सामने आई है कि जहां अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित अध्यक्ष के निर्वाचन के खिलाफ न्यायालय के समक्ष इस आधार पर याचिकाएं पेश की गई हैं कि अध्यक्ष के निर्वाचन परिणाम की अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित नहीं की गई है। ऐसे निकाय अध्यक्षों के बारे में जानकारी दी जाए जहां के मामले न्यायालय में चल रहे हैं। संचालनालय ने सभी कलेक्टरों, जिला परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण और नगरपालिका, नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भी इस मामले में जानकारी भेजने के लिए कहा है।

**सरकार ने निकायों से मांगा कोर्ट केस का रिकॉर्ड, शून्य हो सकता है निर्वाचन**

### तीन के मामले पहुंच चुके हैं हाईकोर्ट

अध्यक्षों के निर्वाचन की अधिसूचना जारी नहीं होने के बाद पानसेमल, श्योपुर और डबरा के मामले हाईकोर्ट पहुंच चुके हैं। श्योपुर में वित्तीय अधिकार न होने का मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया है और फिर हाईकोर्ट में इसको लेकर सुनवाई हो रही है। इसी तरह डबरा नगर पालिका के मामले में सरकार जवाब नहीं दे रही है। ग्वालियर हाईकोर्ट में फिर 20 मार्च को इसी से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई होने वाली है। राज्य शासन की लापरवाही साबित होने का असर सभी नगर पालिकाओं और परिषदों पर दिखाई दे सकता है।

**ट्राइसिकल वितरण कार्यक्रम में दिव्यांगों से बोले भाजपा विधायक शाक्य**

## भगवान के नाम पर भीख मांगने नहीं दी है ट्रायसाइकिल, समाज हित भी सोचो

**जागरण, गुना।** अपनी बेबाक बयानबाजी के लिए पहचाने जाने वाले गुना से भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य ने फिर भाषण से बवाल खड़ा कर दिया है। दिव्यांगों को ट्राइसिकल वितरण कार्यक्रम में विधायक ने मंच से कहा कि आप लोगों को यह साइकिल मंदिर के बाहर खड़े होकर भगवान के नाम पर 10-10 रुपए भीख मांगने नहीं दी है। इसका इस्तेमाल जीवन में आगे बढ़ने के लिए करें। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद थे। कार्यक्रम सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। इसमें निःशक्त जनों को ट्रायसिकल और दिव्यांग किट बांटे गए। मुख्य अतिथि सिंधिया के अलावा जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और एसपी अंकित सोनी भी मौजूद थे। विधायक शाक्य ने कहाकि सरकार ने दिव्यांगों के लिए ये जो प्रयत्न किया है, वो उनके जीवन में आगे बढ़ने के लिए है। ऐसा न हो कि, हम केवल इसी के लिए घूम रहे हैं कि ट्राइसाइकिल उठाई और मंदिर के आगे, चौराहे पर घूम रहे हैं और हाथ फैला रहे हैं कि दे देना दस रुपए भगवान के नाम पे। यह साइकिल इसके लिए नहीं दी है। उन्होंने दिव्यांगों को नसीहत देते हुए कहाकि सामाजिक हित की भी सोचो। जैसे सरकार हमारे बारे में सोच रही है। वैसे आप लोग भी समाज हित में कुछ करो। बहुत काम है, जिनके जरिए आप सब भी समाज का हित कर सकते हो।



### पहले मैं गूंगा था, अब महाराज भी खुश हो जाते हैं

गुना विधायक ने दिव्यांगों की प्रतिभा का उल्लेख करते हुए खुद का उदाहरण भी दिया। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहाकि परमात्मा कोई एक बुराई पैदा कर देता है तो दूसरी चीज श्रोष्ठता के साथ विकसित हो जाती है। मेरा जब जन्म हुआ तो मैं गूंगा था, जीभ जुड़ी हुई थी। बोलना नहीं जानता था। मगर फिर ऐसा संयोग बन गया कि मैं जब कुछ कहता हूं तो महाराज भी खुश हो जाते हैं। इलेक्टेड हों, सिलेक्टेड हों, चर्चा का विषय बन जाता है। यह सुन सिंधिया भी मुस्कुरा दिए।

**गड़बड़ी** — एमपीपीएससी को गृह विभाग ने नहीं भेजे भर्ती के लिए कैबिनेट में मंजूर हुए पद

## एडीपीओ के 610 पद स्वीकृत पर भर्ती सिर्फ 17 पर

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने गृह विभाग में 17 सहायक जिला अभियोजन अधिकारी (एडीपीओ) की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। जबकि गत वर्ष अगस्त में कैबिनेट की बैठक में 610 पद स्वीकृत किए गए हैं। इसे लेकर विवाद शुरू हो गया है। जब कैबिनेट में पद स्वीकृत हो गए हैं, तो विभाग सभी पदों पर भर्ती क्यों नहीं करा रहा है। वहीं एमपीपीएससी का तर्क है कि विभाग द्वारा दिए गए पदों पर ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। विभाग पदों की बढ़ोतरी कर देता है, तो रिजल्ट समस्तपदों पर किया जाएगा।

एमपीपीएससी 17 एडीपीओ पदों पर भर्ती कराने नौ अप्रैल से 8 मई तक आवेदन जमा कराएगा। सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 26 अगस्त को हुई कैबिनेट बैठक में हर न्यायालय में एक अभियोजक के सिद्धांत पर 610 नवीन पद मंजूर किए गए। इसमें अतिरिक्त लोक अभियोजन अधिकारी के 185 पद, अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी के 255 पद और एडीपीओ के 100 पद और सहायक कर्मचारी के 70 पद सृजित किए जाने का फैसला हुआ था। एडीपीओ के 100 नए पद मंजूर हो चुके हैं, इसके बाद भी केवल 17 पदों की ही भर्ती करने विज्ञापन जारी किया गया है। एमपीपीएससी ने छह वर्ष पूर्व 2021 में एडीपीओ की भर्ती की थी। उक्त भर्ती में भी इतनी सीमित पदों से युवाओं के लिए गहरी निराशा और पीड़ा का कारण बनी है। वर्षों से तैयारी कर रहे हजारों युवाओं के मंसूबों पर ठंडा पानी डाल दिया है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक और युवाओं के साथ अन्यायपूर्ण है। एमपीपीएससी द्वारा जारी 17 एडीपीओ भर्ती को लेकर युवाओं के बीच गंभीर असंतोष और चिंता का माहौल है। एमपीपीएससी की सभी परीक्षाओं में सिलेबस नोटिफिकेशन के साथ जारी किया जाता है, लेकिन उक्त भर्ती का सिलेबस अभी तक जारी नहीं किया गया है। समूचे प्रदेश में मौजूदा स्थिति में एडीपीओ में करीब 300 पद रिक्त बने हुए हैं। मांग की जा रही है कि एमपीपीएससी और गृह विभाग उक्त प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर एडीपीओ भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाए और युवाओं के लिए तय सिलेबस, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करे। एमपीपीएससी का कहना है कि गृह विभाग से जो पद भेजे गए हैं। उन्हीं पर भर्ती प्रक्रिया करने परीक्षा कराने आवेदन जमा कराए जाएंगे। विभाग रिजल्ट जारी होने के पहले पदों की संख्या में बढ़ोतरी कर देता है, तो एमपीपीएससी बढ़े हुए पदों पर रिजल्ट जारी करेगा। इससे दोबारो से परीक्षा कराने की जरुरत भी नहीं होगी।

### 5विभाग को तय करना होगा रोस्टर

सीएम यादव की कैबिनेट में पदों की स्वीकृति की गई है। इसमें पदों का संधारण किया होना शेष है। पदों पर रोस्टर लागू करने में समय लग सकता है। इससे वर्तमान स्थिति में जिन पदों पर स्वीकृत होकर रोस्टर तैयार किया गया है। उनकी भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। नये पदों पर भर्ती करने समय लग सकता है। जैसे ही रोस्टर फाइनल हो जाएगा। उनकी पूर्ति करने के लिए एमपीपीएससी को भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के लिए भेज दिया जाएगा।

### 15 को होंगे फूड सेफ्टी ऑफिसर के इंटरव्यू

आयोग द्वारा फूड सेफ्टी ऑफिसर की भर्ती करने इंटरव्यू 15 अप्रैल से आयोजित होंगे। इसके लिए साक्षात्कार पत्र सात अप्रैल से अपलोड किए जाएंगे। 123 पदों की लिखित परीक्षा का रिजल्ट 21 जनवरी को जारी किया गया था। अब उनके इंटरव्यू किए जाएंगे। इसमें 123 पद में से अनारक्षित के लिए 30, एससी में 17, एसटी कैटेगरी में 28, ओबीसी में 38 व ईडब्ल्यूएस में 10 पद हैं। पूर्व में उक्त भर्ती के लिए 67 पद ही थे। वित्त से मंजूरी मिलने के बाद पदों की 123 हो गई है। इसमें लिखित परीक्षा में 87 फीसदी मूल रिजल्ट में 109 पद है और प्रोविजनल रिजल्ट में 14 पद रखे हुए हैं। मूल रिजल्ट में 382 उम्मीदवार हैं और प्रोविजनल रिजल्ट में 98 उम्मीदवार सफल हुए हैं। एमपीपीएससी 480 उम्मीदवारों का इंटरव्यू लेगा।

> गृह विभाग रिजल्ट जारी होने के पहले और पद भर्ती करने के लिए भेजता है, तो उन्हें शामिल कर रिजल्ट जारी कर दिंया जाएगा।
> ■ **आर पंचभाई,** ओएसडी एमपीपीएससी

## अमेरिकी व्यापार समझौते के खिलाफ 16 को संसद का घेराव करेगी युकां

**जागरण, भोपाल।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को युवा कांग्रेस ने भारतीय हितों का समर्पण बताया है। युकां प्रदेशाध्यक्ष यश घनघोरिया का कहना है कि इस डील ने भारत की संप्रभुता, किसानों व एमएसएमई और राष्ट्रीय सुरक्षा पर सीधा हमला किया है। इस समझौते ने देश के सामने एक गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। सबसे दुखद बात यह है कि इस युद्धविराम की तरह इस व्यापार समझौते की घोषणा भी अमेरिका ने की है। यह कोई व्यापार समझौता नहीं है, यह एक जाल का सौदा है। युवा कांग्रेस इसके खिलाफ लगातार मैदान में आवाज उठाते रहेगी। इसी कड़ी में 16 मार्च को युकां के साथी दिल्ली में एकत्रित होंगे और संसद का घेराव करेंगे। युकां प्रदेशाध्यक्ष ने शनिवार को मीडिया से चर्चा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहाकि कार्पोरेट हित में यह समझौता देश पर थोपा गया है। इस समझौते ने भारतीय किसानों के बाजार विदेशी कंपनियों के लिए खोल दिए गए हैं। छोटे और मध्यम उद्योगों के अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। भारतीय उत्पादों पर 18 फीसदी टैक्स लगाया गया है, जबकि अमेरिकी उत्पादों पर कोई टैक्स नहीं है। युकां प्रदेशाध्यक्ष ने कहाकि 500 बिलियन डॉलर के आयात का दबाव भारत पर डाला जा रहा है। इसी समझौते के कारण देश में तेल और गैस संकट गहराता जा रहा है। हमारे देश की सरकार इतनी घबराई हुई है कि इसके खिलाफ आवाज उठाने पर हमारे 14 साथियों को जेल में डाल दिया गया। बावजूद इसके युकां लगातार आवाज उठाती रहेगी।

# नई रिलीज फाइलों में एपस्टीन के साथ पूर्व-प्रिंस एंड्रयू और पीटर मैंडेलसन

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस के जारी किए गए डॉक्यूमेंट्स में एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर (पहले प्रिंस एंड्रयू, ड्यूक ऑफ यॉर्क) और पीटर मैंडेलसन दोषी सेक्स ऑफेंडर जेफरी एपस्टीन के साथ बैठे हुए दिख रहे हैं। माना जा रहा है कि यह तस्वीर तीनों लोगों को एक साथ दिखाने वाली पहली जानी-मानी तस्वीर है। ऐसा लगता है कि वे एक लकड़ी की टेबल के चारों ओर बैठे हैं और उनके सामने यूएस का झंडा वाला मग है। डॉक्यूमेंट्स में फोटो की तारीख या जगह नहीं बताई गई है। हालांकि, बीबीसी ने बताया कि यह तस्वीर शायद अमेरिका के मार्था वाइनयार्ड में ली गई थी और माना जाता है कि यह 1999 और 2000 के बीच की है, जब एपस्टीन को जेल की सजा नहीं हुई थी और उसे सेक्स ऑफेंडर के तौर पर रजिस्टर नहीं किया गया था। यह फोटो इस साल की शुरुआत में जस्टिस डिपार्टमेंट द्वारा जारी की गई फाइलों के एक बड़े सेट में मिली थी। इसमें लगभग तीन मिलियन पेज के रिकॉर्ड, साथ ही हजारों फोटो और वीडियो शामिल हैं, जिन्हें पब्लिक किया गया है।



**लकड़ी के डेक पर बैठें हैं एंड्रयू-मैंडेलसन**

फोटो में प्रिंस एंड्रयू और मैंडेलसन एपस्टीन के साथ लकड़ी के डेक टेबल पर बैठे दिख रहे हैं। मीटिंग के सही हालात फाइलों में डिटेल में नहीं हैं। यह इमेज एपस्टीन की 'बर्थडे बुक' से जुड़ी एक और फोटो जैसी दिखती है, जिसे 2003 में उनके 50वें जन्मदिन के लिए बनाया गया था। रिव्यू किए गए ईमेल में मैंडेलसन एपस्टीन के असिस्टेंट के साथ एक फोटो की लोकेशन पर बात करते हुए दिख रहे हैं। जुलाई 2013 के एक मैसेज में, मैंडेलसन ने लिखा, 'मुझे लगता है कि यह मार्था का था, जब मैं पहली बार जेफरी से मिला था।'

## एंड्रयू का इनकार

एंड्रयू ने एपस्टीन के संबंध में गलत काम करने से बार-बार इनकार किया है। उसने पहले कहा था कि वह एपस्टीन से पहली बार 1999 में एपस्टीन की एसोसिएट घिसलेन मैक्सवेल के जरिए मिला था। वर्जीनिया गिफ्रे ने एक सिविल केस किया था, जिसमें प्रिंस पर आरोप लगाया गया था कि जब वह टीनएजर थीं, तब उन्होंने उनके साथ सेक्स किया था। यह केस 2022 में बिना किसी लायबिलिटी के सेटल हो गया था। मैंडेलसन ने यह भी कहा है कि उन्हें लगता है कि उन्होंने कोई क्रिमिनल ऑफेंस नहीं किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने कहा है कि उन्होंने उस समय एपस्टीन की बताई बातों को मान लिया था और 2019 में एपस्टीन की मौत के बाद ही उन्हें पूरी जानकारी समझ आई। एपस्टीन की 2019 में न्यूयॉर्क शहर की एक जेल में सेक्स-ट्रैफिकिंग के आरोपों में ट्रायल का इंतजार करते हुए मौत हो गई थी।

## पाक के सैन्य अड्डे पर ड्रोन अटैक, 14 सैनिक मारे गए

**काबुल, जेएनएन।** पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच एक बार फिर हमले शुरू हो गए हैं। दोनों देश एक दूसरे पर ताबड़तोड़ हमले कर रहे हैं। अफगानिस्तानी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि शुक्रवार को उनके एयरफोर्स ने इस्लामाबाद में पाकिस्तान के एक सैन्य ठिकाने पर हमला कर दिया। अफगान रक्षा मंत्रालय ने ये दावा एक्स पर एक पोस्ट में किया है। बता दें कि दोनों के बीच डूरंड लाइन को लेकर विवाद तेज हो गया है। उन्होंने कहा कि हमले में वहां मौजूद पाक सैन्य ठिकाना तबाह हो गया। इस दौरान पाकिस्तान के 14 सैनिक भी शहीद हुए वहीं अन्य 11 घायल हो गए। साथ ही एक बख्तरबंद टैंक और एक अंतरराष्ट्रीय वाहन को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। अफगानी रक्षा मंत्रालय ने कहा, ये कार्रवाई उन्होंने पाकिस्तानी सैन्य शासन द्वारा किए गए अपराधों के जवाब में की।

**पश्चिम एशिया में जंग:** ईरानी विदेश मंत्री अराघची बोले-आम लोगों को नहीं बनाएंगे निशाना

# होर्मुज स्ट्रेट सिर्फ दुश्मनों के लिए बंद: ईरान

**तेहरान, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी जंग अब अपने तीसरे हफ्ते में पहुंच गई है और हालात पल-पल बिगड़ रहे हैं। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का एक बड़ा बयान सामने आया है। अराघची ने साफ कर दिया है कि दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता 'होर्मुज स्ट्रेट' पूरी तरह बंद नहीं है, बल्कि यह सिर्फ 'दुश्मनों और उनके सहयोगियों' के जहाजों और टैंकरों के लिए बंद किया गया है। बाकी देशों के लिए यातायात सामान्य बना हुआ है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, विदेश मंत्री ने भरोसा दिलाया है कि युद्ध के दौरान आम आबादी वाले इलाकों को बचाने के लिए पूरी सावधानी बरती जाएगी, ताकि नागरिकों को कोई नुकसान न पहुंचे। हालांकि, उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर ईरान के तेल डिपो या पावर प्लांट जैसे ऊर्जा केंद्रों को निशाना बनाया गया, तो इसका पहले से कहीं ज्यादा सख्त जवाब दिया जाएगा।

### बगदाद से दुबई तक बढ़ा तनाव

जमीन पर भी हमले तेज हो गए हैं। शनिवार को बगदाद में अमेरिकी दूतावास के अंदर एक हेलीपैड पर मिसाइल गिरी, जिससे हड़कंप मच गया। वहीं, संयुक्त अरब अमीरात में एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया गया, जिसका मलबा एक तेल सुविधा पर जाकर गिरा। इन घटनाओं ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि अगर तेल की सप्लाई रुकती है, तो इसका असर हर देश की जेब पर पड़ेगा। ईरान ने यूएई के उन शहरों को भी दहलाने की धमकी दी है जहां दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे मौजूद हैं। ईरान का कहना है कि जहां-जहां अमेरिकी सेनाएं पनाह ले रही हैं, उन क्षेत्रों को लोग तुरंत खाली कर दें। पश्चिम एशिया के इन बंदरगाहों से ही दुनिया का ज्यादातर व्यापार और तेल की सप्लाई होती है, ऐसे में इन जगहों पर हमले की धमकी ने वैश्विक बाजार में दहशत पैदा कर दी है।



ईरान की राजधानी तेहरान में हमले के बाद मलबे में जिंदगी बचाने की कवायद में बचावकर्मी।

### सऊदी अरब में 5 अमेरिकी जेट्स मार गिराए : ईरान

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर कथित मिसाइल हमले में अमेरिका के 5 रिफ्यूलिंग जेट्स (केसी-135) को नष्ट या क्षतिग्रस्त करने का दावा किया है। वाल स्ट्रीट जर्नल के हवाले से ये खबरें सामने आई हैं, जो क्षेत्र में तनाव को बढ़ा रही हैं। ईरान ने सऊदी अरब में अमेरिकी वायुसेना के 5 एयर रिफ्यूलिंग विमानों को निशाना बनाया है। ये विमान जमीन पर ही क्षतिग्रस्त हुए, लेकिन पूरी तरह नष्ट नहीं हुए। यह घटना ईरान-अमेरिका/इजराइल संघर्ष का हिस्सा है। सोशल मीडिया पर कुछ रिपोर्ट्स में इराक में अमेरिकी विमानों को गिराने की भी बात कही जा रही है। हालांकि, पुष्टि नहीं हुई है।

### यूएई के बंदरगाहों को खाली करने की चेतावनी

जंग के बीच ईरान ने पहली बार यूएई की संपत्तियों को खुलेआम धमकी दी है। ईरान ने चेतावनी देते हुए लोगों से कहा है कि वे दुबई के जेबेल अली बंदरगाह, अबूधाबी के खलीफा बंदरगाह, फुजैरा बंदरगाह जैसे इलाकों को तुरंत खाली कर दें। ईरान का आरोप है कि अमेरिका इन बंदरगाहों, गुप्त ठिकानों का इस्तेमाल ईरान के खारग द्वीप पर हमले के लिए कर रहा है, इसीलिए ईरान ने अब इन जगहों को अपने निशाने पर ले लिया है।

### चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से चर्चा की: ट्रंप


ट्रंप ने मिडिल ईस्ट में ईरान के साथ जारी तनाव को लेकर चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से चर्चा की है। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने शी के साथ फोन कॉल में 'ईरान की स्थिति' पर बात की। चर्चा में तनाव को कम करने, मध्य पूर्व में तेल और गैस की आपूर्ति की सुरक्षा, अमेरिका-चीन व्यापार संबंधों पर भी चर्चा की गई। यूएस, चीन को ईरान पर अपना प्रभाव इस्तेमाल करने दबाव डाल रहा है, क्योंकि चीन ईरान से बड़े पैमाने पर तेल आयात करता है।

### राहत : कतर से 500 भारतीयों ने भरी उड़ान

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधों के बीच कतर से 500 से अधिक भारतीयों को विशेष उड़ानों द्वारा भारत वापस लाया गया है। भारतीय दूतावास ने 11 मार्च को इस निकासी की पुष्टि की और फंसे हुए नागरिकों की मदद के लिए 24/7 हेल्पलाइन सक्रिय की है। कतर एयरवेज सीमित उड़ानें संचालित कर रही है, और आने वाले दिनों में और उड़ानें (जैसे कोच्चि और मुंबई के लिए) निर्धारित की गई हैं। दूतावास ने कतर में फंसे भारतीयों को अज्ञात वस्तुओं, मलबे या टुकड़ों से दूर रहने और सतर्क रहने की सलाह दी है।

**वॉर टनल के अंदर दिखा ड्रोन का बड़ा कलेक्शन:** ईरानी मीडिया ने नया वीडियो फुटेज जारी किया है, जिसमें आईआरजीसी के ड्रोन हथियारों का हिस्सा अंडरग्राउंड टनल के अंदर, खामेनेई के पोस्टरों के नीचे दिखाया गया है। फुटेज में आईआरजीसी द्वारा अमेरिकी और इजराइली ठिकानों के खिलाफ चल रहे मिलिट्री कैंपेन के हिस्से के तौर पर ड्रोन लॉन्च किए जा रहे हैं।

### अब आर-पार के मूड में ट्रंप युद्धपोत भेजने का ऐलान



खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की प्रमुख शक्तियों से होर्मुज स्ट्रेट में अपने नौसैनिक जहाज तैनात करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका किसी भी हाल में इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को खुला रखेगा। ट्रंप ने लिखा कि ईरान की ओर से इस जलमार्ग को बाधित करने की कोशिशों से प्रभावित कई देश अमेरिका के साथ मिलकर यहां युद्धपोत भेजेंगे, ताकि जहाजों की आवाजाही सुरक्षित बनी रहे। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब होर्मुज स्ट्रेट के आसपास तनाव तेजी से बढ़ रहा है। इस वजह से जहाजों की आवाजाही कम हो गई है और कई तेल टैंकर इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से दूरी बना रहे हैं, इससे ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने और खाड़ी क्षेत्र में सैन्य टकराव बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है।

### चीन, फ्रांस, जापान और ब्रिटेन से भी सहयोग की उम्मीद

ट्रंप ने कहा कि ईरान की ओर से इस मार्ग को बंद करने की कोशिशों से प्रभावित कई देश अमेरिका के साथ यहां सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि चीन, फ्रांस जापान, दक्षिण कोरिया और यूनाइटेड किंगडम समेत अन्य देश भी इस क्षेत्र में अपने जहाज भेजेंगे, ताकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज किसी भी देश के लिए खतरा न बने।

### ईरान के तटीय इलाकों पर हमले की चेतावनी

ट्रंप ने सहयोगी देशों से नौसैनिक तैनाती की अपील के साथ चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका सीधे सैन्य कार्रवाई करेगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका पहले ही ईरान की सैन्य क्षमता का बड़ा हिस्सा नष्ट कर चुका है, लेकिन ईरान जलमार्ग को बाधित करने की कोशिश कर सकता है। ट्रंप ने कहा, अमेरिका तटवर्ती इलाकों पर भारी बमबारी कर सकता है।

**कोलकाता: मोदी की रैली से पहले झड़प**

# जंगलराज वालों का काउंटडाउन शुरू: मोदी

## ममता की मंत्री शशि बोलीं-मुझे ईंट मारी गई



**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली से पहले भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं में विवाद हो गया। गिरीश पार्क एरिया में दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर पत्थरबाजी की। पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा। पश्चिम बंगाल में उद्योग, वाणिज्य, उद्यम मंत्री शशि पंजा ने आरोप लगाया कि झड़प के दौरान मुझ पर ईंट मारी गई। भाजपा गुंडा नहीं है, हत्यारी है। मंत्री पंजा का यहीं पर घर है।

कोलकाता में अपने संबोधन कि दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जंगलराज वालों का काउंटडाउन शुरू हो गया है। ये निर्मम वाली सरकार का अंत करीब आ गया है। पीएम ने कहा कि पहले कांग्रेस, फिर कम्यूनिस्ट अब टीएमसी, ये लोग एक के बाद एक आते रहे और अपनी जेब भरते रहे। मोदी ने कहा कि अब समय आ गया है ये हालात बदले, बंगाल के युवाओं को बंगाल में काम मिले, नौजवान बंगाल के विकास का नेतृत्व करे। पीएम मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल पहुंचे। उन्होंने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में 18,680 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया।

### बोले- बंगाल को महान बनाएंगे

पीएम ने कहा, भाजपा बंगाल को महान बनाने के लिए काम करेगी। सही नीतियों और नीयत से राज्य में विकास होगा और किसानों, युवाओं, व्यापारियों और छात्रों को फायदा मिलेगा। राज्य की मौजूदा सरकार केंद्र की योजनाओं को लोगों तक नहीं पहुंचने देती और कटमनी के कारण गरीबों को उनका हक नहीं मिल पाता। बंगाल में युवाओं को न अच्छी शिक्षा मिल रही है और न रोजगार। किसान भी परेशान हैं और कई लोगों को काम के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। राज्य में अपराध बढ़ रहे हैं और महिलाओं के खिलाफ घटनाएं चिंता का विषय हैं। भाजपा सरकार आने पर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। पहले कांग्रेस, फिर वामपंथ और अब टीएमसी ने राज्य पर शासन किया, लेकिन अब बदलाव का समय आ गया है। भाजपा सरकार बनने पर सबका साथ, सबका विकास होगा और सबका हिसाब किया जाएगा।

**फिल्म इंडस्ट्री को लेकर दत्ता का गंभीर दावा**

# शो बिजनेस में कई कलाकारों का इस्तेमाल होता है: तनुश्री



**मुंबई, जेएनएन।** एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री (शोबिज) में नए कलाकारों के शोषण को लेकर गंभीर दावे किए हैं। उन्होंने कहा कि मनोरंजन जगत में कई नए लोगों के साथ शोषण होता है और कुछ को तो देह व्यापार तक धकेल दिया जाता है। एक यूट्यूब चैनल से बातचीत में तनुश्री ने कहा, इंडस्ट्री में आने वाले कई नए लोगों को पहले तारीफों और बड़े वादों से आकर्षित किया जाता है। उन्होंने कहा, 'किसी को कहा जाता है कि आप हीरोइन बनेंगे या बड़े स्टार बनेंगे, लेकिन कई बार यही बातें आगे चलकर एक जाल की शुरुआत बन जाती हैं।' तनुश्री के अनुसार, कई लोग पहले नए कलाकारों की तारीफ करते हैं और फिर उन्हें अलग-अलग लोगों से मिलने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे माहौल में कलाकारों को बहुत संयम और सावधानी के साथ आगे बढ़ना पड़ता है।

### 'यहां लालच का तरीका अलग होता है'

तनुश्री ने कहा कि बचपन में माता-पिता जो सावधान रहने की सीख देते हैं, वह बड़े होने के बाद भी लागू होती है। जैसे बच्चों को अनजान लोगों के साथ न जाने की सलाह दी जाती है, वैसे ही इंडस्ट्री में भी सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि यहां लालच अलग तरीके से दिया जाता है। कई लोग कलाकारों की महत्वाकांक्षा, उम्मीदों और सपनों का इस्तेमाल करते हैं। तनुश्री ने कहा कि वह इन मुद्दों पर इसलिए बोलती हैं ताकि इंडस्ट्री में आने वाले नए लोगों को चेतावनी मिल सके। तनुश्री ने 'आशिक बनाया आपने', 'भागम भाग', 'ढोल', 'गुड बॉय बैड बॉय', 'रिस्क' जैसी कई फिल्मों में काम किया है।

## नीदरलैंड: यहूदी स्कूल के नजदीक जोरदार ब्लास्ट

**एम्सटर्डम, जेएनएन।** नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम के एक रईस रिहायशी इलाके में स्थित यहूदी स्कूल शनिवार तड़के एक जोरदार धमाके से दहल उठा। शहर की मेयर फेमके हल्सेमा ने इस घटना को 'यहूदी समुदाय के खिलाफ जानबूझकर किया गया हमला' करार दिया है। इस हमले के बाद पूरे शहर में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई है। विस्फोट एम्सटर्डम के दक्षिणी हिस्से में स्थित स्कूल में हुआ। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर तुरंत पहुंच गईं, जिससे नुकसान को सीमित रखने में मदद मिली। गनीमत यह रही कि धमाका तड़के हुआ जिससे स्कूल की इमारत को केवल मामूली नुकसान पहुंचा और कोई जनहानि नहीं हुई। मेयर हल्सेमा ने इस हमले की घोर निंदा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि समुदाय को डराने के उद्देश्य से किया गया कृत्य है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। यहूदी संस्थानों के आसपास सुरक्षा पहरा भी कड़ा कर दिया गया है।

# डीयू में जाति देख इंटरव्यू में करते हैं फेल: राहुल

## यूनिवर्सिटी ने कहा-एंट्रेंस टेस्ट से होता है प्रवेश

**लखनऊ, जेएनएन।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के इंटरव्यू में जाति के आधार पर छात्रों को फेल करने का गंभीर आरोप लगाया है। लखनऊ में एक 'संविधान सम्मेलन' में उन्होंने कहा, 'मैं दिल्ली विश्वविद्यालय गया। इंटरव्यू छात्रों को बाहर करने का तरीका है। वे पूछते हैं कि आपकी जाति क्या है, और फिर आप इंटरव्यू में फेल हो जाते हैं।' राहुल का आरोप है कि इंटरव्यू प्रक्रिया का इस्तेमाल दलितों और पिछड़े वर्ग के छात्रों को बाहर करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी निशाना साधते हुए कहा, उनके संगठनों की सूची निकाल लें, वहां आपको एक भी ओबीसी, दलित या आदिवासी नहीं मिलेगा। जाति जनगणना को राष्ट्रीय आवश्यकता बताते हुए राहुल ने कहा कि यह देश की सच्चाई को स्वीकार न करने जैसा है।



**डीयू का पलटवार:** राहुल गांधी के आरोपों पर दिल्ली विश्वविद्यालय ने कड़ी आपत्ति जताई है और उन्हें 'तथ्यों की पुष्टि करने' को कहा है। विश्वविद्यालय ने कहा, अधिकांश यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले पारदर्शी तरीके से सीयूईटी के अंकों के आधार पर होते हैं, न कि इंटरव्यू के आधार पर। विश्वविद्यालय ने इंटरव्यू के जरिए जातिगत भेदभाव के दावों को 'भ्रामक' और 'तथ्यों से रहित' बताया है।

# देश में 'मेड' का सालाना पैकेज करीब 4.8 लाख तक



**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में रोजगार के बदलते हालात के बीच एक दिलचस्प चर्चा सामने आई है। सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट के मुताबिक अब कुछ डोमेस्टिक हेल्पर्स (घरों में काम करने वाली मेड) सालाना करीब 4.8 लाख रुपये तक कमा रही हैं, जो कई शुरुआती स्तर के इंजीनियरों की सैलरी के बराबर या उससे ज्यादा बताई जा रही है। यह चर्चा तब शुरू हुई जब एक सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल साक्षी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखकर घरेलू कामगारों की कमाई के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अब कई छोटे काम और सेवाएं भी अच्छी आय दे रही हैं, क्योंकि आज के समय में स्किल्स की वैल्यू पहले से ज्यादा बढ़ गई है।

### ऐप के जरिए मिल रहा काम

साक्षी ने अपनी पोस्ट में बताया कि कुछ प्लेटफॉर्म और मोबाइल ऐप के जरिए घरेलू कामगारों को आसानी से काम मिल रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि 'स्नैबिट' नाम के एक ऐप पर कुछ मेड को करीब 40 हजार रुपये महीने तक की कमाई हो रही है। इस हिसाब से उनकी सालाना आय लगभग 4.8 लाख रुपये तक पहुंच सकती है।

**मुसीबत** | पीढ़ियों से रह रहे किरायेदार घर छोड़ने को नहीं तैयार

# मालिक ने सीढ़ियां तोड़ीं, बिल्डिंग में फंसे 40 लोग

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां जोड़ासांको इलाके में महात्मा गांधी रोड के पास स्थित 104, मदन मोहन बर्मन स्ट्रीट में एक जर्जर रिहायशी इमारत की सीढ़ियां टूटने से महिलाओं और बच्चों समेत लगभग 40 लोग अंदर फंस गए। स्थानीय निवासियों और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इमारत के नए मालिक ने शुक्रवार को पहली और दूसरी मंजिल को जोड़ने वाली सीढ़ियों को कथित तौर पर जानबूझकर तुड़वा दिया। यह कदम कथित तौर पर उन किरायेदारों को निकालने के लिए उठाया गया, जो पीढ़ियों से वहां रह रहे हैं और घर खाली करने को तैयार नहीं हैं। सीढ़ियां टूटने के कारण इमारत की ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले करीब 40 लोग कैद होकर रह गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और आपदा प्रबंधन समूह की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने सीढ़ियों का उपयोग करके फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया। कोलकाता नगर निगम ने इस 70-80 साल पुरानी इमारत को पहले ही 'खतरनाक' घोषित कर रखा था।



### किरायेदारों का आरोप

किरायेदारों का आरोप है कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना या चेतावनी के इस तरह फंसाया गया, जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता था। वे लंबे समय से वहां रह रहे हैं और संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। वर्तमान में, केएमसी और पुलिस इस मामले की जांच कर रहे हैं कि क्या सीढ़ियां गिराने के लिए कोई कानूनी अनुमति ली गई थी या यह किरायेदारों को जबरन निकालने की साजिश थी।

# सोनम वांगचुक पर से एनएसए हटा, 170 दिन बाद जेल से रिहा



**जोधपुर, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) हटा दिया है। इसके साथ ही करीब 170 दिन बाद उन्हें जोधपुर जेल से रिहा कर दिया गया। गृह मंत्रालय ने शनिवार को यह आदेश जारी किया, जो तुरंत प्रभाव से लागू हो गया। वांगचुक ने एनएसए के तहत अपनी हिरासत की अवधि का लगभग आधा समय पूरा कर लिया था। आदेश जारी होने के बाद शनिवार सुबह करीब 10 बजे उनकी पत्नी गीतांजलि जोधपुर सेंट्रल जेल पहुंचीं। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद वांगचुक दोपहर करीब 1.15 बजे पत्नी के साथ निजी वाहन से जेल से बाहर निकले। सोनम को 26 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया था और बाद में उन्हें लद्दाख से जोधपुर जेल भेज दिया गया था।

# केंद्रीय कोयला मंत्री ने मुरपार भूमिगत खदान के खदान बंदी प्रक्रिया का किया निरीक्षण

**नागपुर।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने अपने प्रवास के दूसरे दिन शनिवार को वेकोलि की मुरपार भूमिगत खदान के खदान बंदी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने मुरपार भूमिगत खदान में खदान बंदी से संबंधित विभिन्न कार्यों एवं उनकी प्रगति का अवलोकन किया। इस खदान में वर्ष 2003 से कोयला उत्पादन प्रारंभ हुआ था तथा वर्ष 2022 में ताडोबा-अंधेरी टाइगर रिजर्व के इको-सेंसिटिव जोन घोषित होने के कारण इस खदान को बंद किया। इस मौके पर श्री रेड्डी ने कहा कि खदान बंदी किसी परियोजना का अंत नहीं, बल्कि सतत विकास की दिशा में एक नई शुरुआत है। खदान बंदी योजनाओं में स्थानीय समुदायों के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहान ने बताया कि खदान महाराष्ट्र राज्य के चंद्रपुर जिले के चिमूर तहसील में स्थित है। इस खदान के स्थापना से अब तक लगभग 9,95,926 टन कोयले का उत्पादन किया। खदान के लिए अंतिम माइन क्लोजर प्लान को वेकोलि बोर्ड द्वारा 19 जनवरी 2026 को स्वीकृति प्रदान की है। खदान में कार्यरत लगभग 426 कर्मचारियों को उमरेर क्षेत्र की अन्य खदानों में पुनः पदस्थापित किया है। पर्यावरण संरक्षण के तहत खदान क्षेत्र की 5 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण का कार्य ट्रॉपिकल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, जबलपुर के सहयोग से जून से सितंबर 2026 के दौरान किया जाएगा।

# कांग्रेस नेता नीरज बड़ागांव ने उज्ज्वला योजना और गैस कालाबाजारी पर उठाए सवाल




पन्ना । रैपुरा क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमत और कालाबाजारी को लेकर कांग्रेस नेता एवं युवा कांग्रेस के जिला महासचिव नीरज बड़ागांव ने सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही उज्ज्वला योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों के घरों में गैस की सुविधा पहुंचाना था, लेकिन आज जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। नीरज बड़ागांव ने आरोप लगाते हुए कहा कि जहां गैस सिलेंडर की सरकारी कीमत करीब 940 रुपये बताई जाती है, वहीं कई जगहों पर यही सिलेंडर 1300 से 1400 रुपये तक ब्लैक में बेचा जा रहा है। गैस की कमी और कालाबाजारी के कारण गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई घरों में हफ्तों से चूल्हा नहीं जल पाया है और लोगों को मजबूरी में फिर से लकड़ी और अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना का प्रचार तो बड़े-बड़े मंचों से किया गया, लेकिन आज आम जनता को गैस सिलेंडर लेने के लिए भटकना पड़ रहा है। गरीब परिवारों के लिए इतनी महंगी गैस खरीदना संभव नहीं है। इससे साफ नजर आता है कि सरकार की योजनाएं कागजों और भाषणों तक ही सीमित रह गई हैं। नीरज बड़ागांव ने सवाल उठाते हुए कहा, क्या यही है उज्ज्वला योजना, जिसमें गरीबों के घरों में उजाला करने के बजाय अंधेरा हो रहा है? उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए और आम जनता को उचित दाम पर गैस उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# जिले के युवक को भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में मिला मौका



पन्ना । जिले की तहसील रैपुरा अंतर्गत ग्राम पिपरिया खुर्द निवासी अजय लोधी को भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में साइड एक्टर के रूप में काम करने का मौका मिला है। यह खबर सामने आते ही ग्रामवासियों और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्राम पिपरिया खुर्द के लिए ही नहीं बल्कि पूरे जिले और प्रदेश के लिए यह गर्व की बात मानी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अजय लोधी की इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को भी अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा मिलेगी। स्थानीय लोगों ने अजय लोधी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और उम्मीद जताई है कि वह आगे भी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# पन्ना में मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ा



पन्ना । प्रदेश में मौसम ने अब करवट पूरी तरह से ले ली है किसानों की फसलों के कट जाने के बाद अब हार,खेतों से मच्छर कीड़े,मकोड़े शहरों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं साथ ही गंदगी नालियों में अधिक हो जाने की वजह से इनमें इनकी बढ़ोतरी भी हो जाती है जिससे नगर वासियों को हमेशा बीमारियों का खतरा बना रहता है नालियों में पढ़ने वाली दवाओं का यदि समय-समय पर उपयोग होता रहे यह खतरा पूरी तरह से कम हो जाता है आज नगर वासियों ने पत्र के माध्यम से स्थानीय नगर निकाय अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए नालियों में दवाओं के छिड़काव की मांग भी रखी है ताकि इन मच्छरों की वजह से आम जनता में बीमारियां बुखार जैसी खतरनाक बीमारी ना फैले और आम जनता मच्छरो से सुरक्षित रहे।

# अवैध शराब परिवहन के मामले में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

पन्ना । जिले में अवैध शराब के निर्माण,भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले की पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में चौकी मोहन्द्रा थाना सिमरिया पुलिस द्वारा अवैध शराब के परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 08 पेटी अवैध शराब सहित एक चार पहिया वाहन जप्त किया गया था। उक्त प्रकरण की विवेचना के दौरान एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 08.03.2026 को चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उनि. दीपक भदौरिया अपने हमराही बल प्र.आर. रवि पाठक, सर्वेन्द्र कुमार एवं चालक अखिल शुक्ला के साथ शासकीय वाहन से कस्बा गस्त पर थे। गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अजय पाल लोधी पिता हरवंश लोधी निवासी बड़खेरा थाना सिमरिया अपनी बलेनो कार क्रमांक स्क्र35ई 5906 से अवैध शराब का परिवहन करते हुए बड़खेरा से ग्राम रीछी की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान हेमराज लोधी के खेत, ग्राम रीछी के पास घेराबंदी की गई। कुछ समय बाद संदिग्ध वाहन आता दिखाई दिया जिसे रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु वाहन चालक तेज गति से वाहन लेकर खेतों की ओर भाग गया। वाहन खेत में जाकर क्षतिग्रस्त होकर बंद हो गया तथा चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था । अपराध थाना सिमरिया में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना में सुनील तिवारी पिता रामासरे तिवारी उम्र 32 वर्ष निवासी खम्हरिया थाना सिमरिया जिला पन्ना की संलिप्तता पाई गई थी,मामले मे मुख्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी शीघ्र की जावेगी सुनील तिवारी पिता रामासरे तिवारी उम्र 32 वर्ष निवासी खम्हरिया थाना सिमरिया जिला पन्ना उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिमरिया योगेन्द्र गायकवार, चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उनि. दीपक भदौरिया,प्र.आर. रवि पाठक, सर्वेन्द्र कुमार, आर. राहुल पटेल तथा चालक आर. अखिल शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा।

# मंगेतर की हत्या करने वाले आरोपी प्रीतम रैकवार को आजीवन कारावास की सजा

जागरण, पन्ना



कार्यालय जिला अभियोजन संचालनालय पन्ना के सहायक मीडिया प्रभारी/ सहा.जि. लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है मृतिका के भाई रोहित ने बताया कि, तनु उर्फ तनिशा ने प्रीतम को घर बुलाया। मम्मी -पापा और हम सभी ने प्रीतम को देखकर पसन्द कर लिया था। इसके बाद प्रीतम के पिता व उसके बड़े भाई आकर तनिशा को पसन्द कर लिये। प्रीतम अक्सर पन्ना हमारे घर बेनीसागर मोहल्ला में आता जाता रहता था। आने जाने के दौरान तनु उर्फ तनिशा की मम्मी से प्रीतम ने बताया था कि तनु किसी लडके से बात करती है मेरी बात नहीं मान रही है। दिनांक 16 मार्च को तनिशा का भाई रोहित सुबह करीब 9 बजे होण्डा एजेन्सी के बगल से निकला तो प्रीतम उसे देखकर मुंह छुपाते हुए केन्द्रीय विद्यालय तरफ चला गया। इसके बाद रोहित दोपहर करीब 1.30 बजे वापस घर आया और बाहर का दरवाजा खोलकर बहन तनिशा को आवाज दिया, तनिशा के न बोलने पर रोहित ने दादी के कमरे मे जाकर दादी से पूंछा कि तनिशा कहां है तब दादी ने बताया कि करीब 12.00 बजे मैं आंगन में बैठी थी तभी प्रीतम आया और तनू को बुलाया, तनु छत से नीचे आयी, फिर तनु और प्रीतम दोनो कमरे के अंदर चले गये, मैं जाकर अपने कमरे में लेट गयी। करीब एक घंटा के बाद तनू एवं प्रीतम के लडने झगडने की आवाज आयी थी। इसके बाद रोहित ने फिर से तनू के कमरे के दरवाजा मे जाकर तनू को आवाज दिया कोई आवाज नही आयी, तब उसने दरवाजे पर जोर से लात मारी तो दरवाजा मे लगी अंदर की सिटकनी टूट जाने से दरवाजा खुल गया। फिर वह कमरे के अंदर गया तो देखा कि बहन तनू पलंग पर चित्त हालत मे लेटी थी, बोल नही रही थी, प्रीतम घबडाया हुआ एक तरफ कोने मे खड़ा था, उसे इस हाल में देखकर रोहित को शंका हुई तब वह कमरे से निकलकर बाहर का दरवाजा बंद करने लगा तभी एक तरफ कोने मे खड़ा था, उसे इस हाल में देखकर रोहित को शंका हुई तब वह कमरे से निकलकर बाहर का दरवाजा बंद करने लगा तभी प्रीतम तनू के कमरे से निकलकर सीढ़ियों से छत मे चढ गया और छत से कूदकर भाग गया। फिर मैने तनिशा को देखा तब तनिशा की सांस नही चल रही थी, गले में लाल घेरा का निशान बना था, तब रोहित ने अपनी मम्मी को फोन से घटना की जानकारी दिया मम्मी ने कहा कि पहले तनू को इलाज के लिये अस्पताल लेकर जाओ। जहाँ पर डॉक ?टर के द्वारा तनु को मृत घोषित कर दिया गया था। थाना कोतवाली पन्ना में अपराध पंजीबद्ध किया गया व उक्त अपराध के संबंध में गहन तरीके से अन्वेषण किया गया एवं आरोपी प्रीतम रैकवार के मेमोरेण्डम लेखबद्ध किया गया जिसमें उसने बताया कि मैन तनिशा का दुपट्टा उसकी गर्दन में लपेटकर उसकी हत्या कर दी इसके बाद संपूर्ण विवेचना पश्चात धारा 302 भादसं0 के अन्तर्गत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

उक्त प्रकरण को शासन द्वारा सनसनीखेज एवं चिन्हित की श्रेणी में रखा गया। न्यायालय सुरेन्द्र मेश्राम, प्रथम अति0 सत्र न्यायाधीश पन्ना, जिला पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी वरिष्ठ सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री श्रीराम यादव के द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी- प्रीतम पिता रेखनलाल रैकवार (कश्यप), उम्र 21 वर्ष निवासी बम्हौरी थाना सिमरिया जिला पन्ना म0प्र0 के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी- प्रीतम पिता रेखनलाल रैकवार (कश्यप), को भादसं. की धारा 302 में आजीवन कारा बास की सजा से दंडित किया गया।

# 09 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात से गिरफ्तार कर भेजा जेल



जागरण, पन्ना । पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशानुसार पन्ना जिले में स्थाई, साक्षी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना बृजपुर पुलिस टीम द्वारा वर्षों से फरार एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकियों में थाना एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में अधिक से अधिक वारंटों की तामीली हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी क्रम में थाना प्रभारी बृजपुर उप निरीक्षक शक्ति प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पन्ना के प्रकरण क्रमांक 59/18 में 09 वर्ष से फरार वारण्टी मानवेन्द्र पाल पिता रामनाथ, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम सट्टी जिला कानपुर देहात (उ.प्र.) को उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । मामले में वारण्टी के विरुद्ध थाना बृजपुर के अपराध क्रमांक 155/17 में मध्यप्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4/9, 6/9 तथा पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 में न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था । आरोपी करीब 09 वर्षों से फरार चल रहा था और पुलिस से बचने के लिए लगातार स्थान बदलता रहा । पुलिस टीम द्वारा वारण्टी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है । उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर उप निरीक्षक शक्ति प्रकाश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक प्रदीप हरदेनिया, आरक्षक अमर सिंह, दिलीप शर्मा, चौकी सिविल लाइन आरक्षक रामगोपाल शुक्ला तथा पुलिस साइबर सेल पन्ना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


# अंदर स्कूटी, बाहर कार स्कूल भवन बना गैराज

जागरण, रीवा। शासकीय नुमाइंदे ही सरकारी भवनों का दुरुपयोग करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे, कहीं स्कूल भवनों में चारा भूसा रखा जा रहा है तो कहीं भूमि दानदाता का कब्जा है, वहीं शिक्षक भी इस मनमानी में भागीदारी करने लगे हैं जिसका उदाहरण देखा जा सकता है प्राथमिक कन्या शाला बोदाबाग में। यहां के स्कूल भवन को शिक्षकों ने ही वाहन खड़ा करने का गैराज बना रखा है। स्कूल भवन के अंदर स्कूटी खड़ी थी तो सामने कार पार्क की हुई थी। बोदा बाग कन्या शाला में बाउंड्री नहीं बनी है, यहां पढ़ाने वाले शिक्षकों द्वारा जिस कमरे में कक्षा लगाई जाती है, वहां पर ब्लैक बोर्ड के सामने स्कूटी खड़ी कर रखी थी। जबकि स्कूल भवन के सामने बरामदे में कार पार्क की हुई थी। स्कूल की बाउंड्री नहीं बनी हुई है। जबकि यहां कार के साथ स्कूटी भी खड़ी की जा सकती थी, किन्तु स्कूटी कक्ष में खड़ी कर उसके पीछे वाले कमरे में बच्चों को बैठा रखा था।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जगदीश स्वामी मंदिर के पास मचाया कोहराम खड़ी स्कॉर्पियो से टकराकर ब्यूटी पार्लर के पिलर में घुसा

जागरण, पवई । पवई नगर के व्यस्ततम क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक अनियंत्रित ट्रैक्टर अस्पताल और जगदीश स्वामी मंदिर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तेज रफ्तार में आ रहा ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक स्कॉर्पियो वाहन से टकरा गया और इसके बाद पास स्थित एक ब्यूटी पार्लर के पिलर से टकराकर रुक गया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई और मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैक्टर अमानगंज की एक एजेंसी से ग्राम झुकेही डिलीवरी के लिए भेजा जा रहा था। बताया जा रहा है कि चालक ने ट्रैक्टर को एजेंसी में रात भर तैयार किया था और सुबह उसे लेकर झुकेही के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में अचानक चालक को नींद आ जाने के कारण वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया। दुर्घटना स्थल अस्पताल और जगदीश स्वामी मंदिर से लगभग 20 मीटर की दूरी पर स्थित है, जहां दिन भर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि उस समय सड़क पर अधिक भीड़ होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रैक्टर की टक्कर से स्कॉर्पियो वाहन को नुकसान पहुंचा है, वहीं ब्यूटी पार्लर के पिलर में भी क्षति आई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और स्थिति का जायजा लिया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। बाद में क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को मौके से निकलवाकर अमानगंज भिजवाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर के इस व्यस्त मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही और तेज रफ्तार अक्सर हादसों का कारण बनती है।

# विनय वर्मा का असिस्टेंट इंजीनियर में हुआ चयन



पन्ना ।विनय वर्मा ने में असिस्टेंट इंजीनियर (सिविल) बनकर जिले का मान बढ़ाया है। पन्ना जिले के होनहार सेवानिवृत एवं लोकप्रिय टीआई बेनी प्रसाद अहिरवार के पुत्र विनय का चयन मध्य प्रदेश पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड में असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है । पहली पोस्टिंग जबलपुर के बरगी स्थित %रानी अवंतीबाई सागर हाइड्रल पावर स्टेशन% में हुई है। विनय के परिवार में लगभग सभी लोग प्रशासनिक पदों पर है ।बड़े भाई शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और संयुक्त कलेक्टर बहन प्रियंका वर्मा के बाद, विनय की इस उपलब्धि ने परिवार की जनसेवा की परंपरा को और मजबूती दी है। इसके अलावा विनय के जीजाजी मुकेश मौर्य पन्ना में जिला आबकारी अधिकारी के पद पर है, दूसरे जीजाजी विशाल सोन छत्तीसगढ़ में उप पुलिस अधीक्षक है । भाभी सीमा वर्मा जिला रोजगार अधिकारी के पद पर सेवारत है । जबकि छोटा भाई नितेश वर्मा तहसील अजयगढ़ पटवारी पद पर कार्यरत है ।

# आबकारी विभाग: अब छोटे समूहों में होंगे शराब के ठेके



जागरण, पन्ना । मध्य प्रदेश सरकार की नई आबकारी नीति वर्ष 2026-27 के अनुरूप पूरे मध्य प्रदेश में शराब दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया ई टेंडर कम ऑक्शन के ऑनलाइन माध्यम से चल रही है । अब तक तीन चरण हो चुके है, मगर सरकार की मंशा अनुरूप शराब दुकानों का निष्पादन नहीं हो पाया । आबकारी आयुक्त दो बार जिला आबकारी अधिकारियों को भोपाल बुला चुके है । मगर अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाए है । पन्ना जिले में प्रारंभ में कुल 39 शराब दुकानों के 10 समूह बनाए गए थे। प्रथम चरण में तीन बैच में ई टेंडर कम ऑक्शन की प्रक्रिया की गई । जिसमें सिर्फ चार समूह बृजपुर, शाहनगर, अमानगंज और धरमपुर का निष्पादन हुआ है । जो पूरे जिले के आबकारी राजस्व का लगभग 40 प्रतिशत है ।दूसरे चरण में शेष 22 दुकानों को छह समूहों में बांटा गया । जिस पर कोई टेंडर नहीं प्राप्त हुए । फिर तीसरे चरण में समूहों को पुनर्गठित किया गया और 22 दुकानों को पांच समूहों में बांटा गया । फिर भी कोई टेंडर प्राप्त नहीं हुआ । जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य ने बताया कि आबकारी आयुक्त से प्राप्त निर्देशों के आधार पर जिला निष्पादन समिति के माध्यम से शेष 22 मदिरा दुकानों को 09 छोटे समूहों में पुनः वर्गीकृत किया गया है। पवई समूह में शराब दुकान पवई, कृष्णगढ़ और मुड़वारी शामिल है। जिसका आरक्षित मूल्य 27 करोड़ 14 लाख 54 हजार 821 रुपए है । देवेंद्र नगर समूह में शराब दुकान समूह देवेंद्र नगर और सुंदरा जिसका कुल आरक्षित मूल्य 15 करोड़ 79 लाख 82 हजार 185 रुपए है । सलेहा समूह में शराब दुकान सलेहा, सुपंथा और पटना तमोली जिसका कुल आरक्षित मूल्य 15 करोड़ 96 लाख 42 हजार 270 रुपए है। गुनौर समूह में शराब दुकान गुनौर और बराछ जिसका कुल आरक्षित मूल्य 19 करोड़ 36 लाख 70 हजार 787 रुपए है । अजयगढ़ समूह में शराब दुकान अजयगढ़ और सिंहपुर शामिल है । जिसका आरक्षित मूल्य 15 करोड़ 79 लाख 82 हजार 185 रुपए है । बरियारपुर समूह में शराब दुकान बरियारपुर, बनहरी और मडला शामिल है, जिसका आरक्षित मूल्य 6 करोड़ 98 लाख 77 हजार 350 रुपए है । अमझीरिया समूह में शराब दुकान अमझिरिया, ककरहटी और सकरिया शामिल है, जिसका आरक्षित मूल्य 9 करोड़ 25 लाख 88 हजार 18 रुपए है । रैपुरा समूह में शराब दुकान रैपुरा और बघवार कला शामिल है, जिसका आरक्षित मूल्य 14 करोड़ 24 लाख 84 हजार 831 रुपए है ।

# पुलिस द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र में अशोका होटल के सामने कट्टे से हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले 02 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो देशी कट्टा, 02 कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल जब्त



जागरण, पन्ना । पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार कार्यवाहियाँ की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली पन्ना पुलिस ने अशोका होटल के सामने कट्टे से हवाई फायर कर दहशत फैलाने की घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामले में फरियादी विवेक शुक्ला पिता गोविन्द प्रसाद शुक्ला, उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम पनगरा थाना सिंहपुर जिला सतना, हाल मैनेजर अशोका होटल पन्ना द्वारा थाना कोतवाली पन्ना में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 08.03.2026 को रात करीब 11:00 बजे मैं होटल का मेन गेट बंद कर गेस्ट रूम में चला गया था । इसी दौरान तेज आवाज सुनाई देने पर बाहर जाकर देखा तो तीन युवक मुँह पर कपड़ा बाँधे खड़े थे, जिनमें से दो के हाथ में कट्टा था । आरोपियों द्वारा गाली-गलौज करते हुए होटल के गेट एवं आसमान की ओर 4-5 राउंड फायर किये तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गये। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 180/26 धारा 296(बी), 125, 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (ब्हृस्) के अंतर्गत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा मामले की संपूर्ण जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व एसडीओपी पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया तथा साइबर सेल की तकनीकी सहायता से संदेह के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई । मामले में पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा 02 संदेही व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई जिनके द्वारा अपने नाम पता पुलिस टीम को बताये गये घटना के संबंध में कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर संदेहियों द्वारा बताया गया कि पूर्व में अशोका होटल के मालिक एवं होटल कर्मचारियों द्वारा उनके विरुद्ध हरिजन एक्ट की रिपोर्ट की गई थी, जिसकी रंजिश के चलते हमने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया । आरोपियों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चारपहिया वाहन से पन्ना आकर रूपसी ढाबा के पास वाहन खड़ा किया और फिर अपाचे मोटरसाइकिल से अशोका होटल पहुंचकर कट्टों से हवाई फायर कर दहशत फैलाने की घटना को अंजाम दिया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से दो नग देशी कट्टा (315 बोर), दो नग जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल जप्त की गई है ।

**गिरफ्तार आरोपी :** सुनील यादव पिता प्रताप सिंह यादव, उम्र 30 वर्ष, निवासी डोभा थाना कोतवाली जिला पन्ना (म.प्र.), दीपक सिंह राजपूत पिता नारायण सिंह राजपूत, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम इटवाकला थाना कोतवाली पन्ना जिला पन्ना (म.प्र.) पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 नग देशी कट्टा (315 बोर) कीमती लगभग 10,000 रूपये , 02 नग जिंदा कारतूस कीमती लगभग 400 रूपये एवं 01अपाचे मोटरसाइकिल क्रमांक स्क्र35ष्ट9622 कीमती लगभग 90,000 रूपये सहित कुल मशरूका कीमती करीब 01 लाख 400 रूपये का जप्त किया गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, उप निरीक्षक कमल विक्रम पाठक, प्रधान आरक्षक वृषकेतु रावत, संतोष तोमर, आइमात सेन, अशोक सिंह, आरक्षक संदीप तिवारी, सत्यनारायण अग्निहोत्री, राहुल सूर्यवंशी, प्रसंग मिश्रा, सुजीत यादव, बृजगोपाल बागरी तथा पुलिस साइबर सेल पन्ना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सोशल मीडिया पर महिला की निजी तस्वीरें वायरल कर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



जागरण, पन्ना । पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशानुसार जिले में महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना बृजपुर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर महिला की निजी तस्वीरें वायरल कर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में फरियादिया द्वारा थाना बृजपुर में रिपोर्ट की गई कि एक व्यक्ति ने पूर्व परिचय का अनुचित लाभ उठाकर मेरी निजी तस्वीरें अपने मोबाइल में प्राप्त कर ली थीं । इसके बाद उक्त व्यक्ति मुझसे अनैतिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा, मेरे द्वारा अनैतिक संबंध से मना करने पर वह मेरी निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने लगा एवं मुझे बदनाम करने की नीयत से एक फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर मेरी निजी तस्वीरें उक्त इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दी गई । साथ ही मेरे परिजनों और पति को भी निजी तस्वीरे भेजी गई । फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना बृजपुर में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 49/26 धारा 351(3), 75, 79 भारतीय न्याय संहिता (ब्हृस्) तथा धारा 67 आईटी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया । थाना प्रभारी बृजपुर उनि शक्ति प्रकाश पाण्डेय द्वारा घटना की संपूर्ण जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लिया गया । मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बृजपुर उप निरीक्षक शक्ति प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया ।

# सिंगरौली पुलिस की नाइट कॉम्बिंग गश्त, 232 बदमाशों पर कार्रवाई



## 14 स्थाई वारंटी गिरफ्तार, 94 गिरफ्तारी वारंट तामील अपराधियों में दहशत

जागरण वैढ़न

जिले में कानून.व्यवस्था मजबूत करने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने बीती रात व्यापक नाइट कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। इस दौरान जिलेभर में 232 बदमाशों और आरोपियों पर कार्रवाई की गई।जिले के सभी अनुभागीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अलग.अलग क्षेत्रों में सघन गश्त की। अभियान के दौरान 14 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया जो लंबे समय से फरार थे। इसके अलावा 94 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया जिन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। वहीं 64 निगरानी बदमाशों और 60 गुंडा बदमाशों की जांच भी की गई। पुलिस टीमों ने प्रमुख बाजारों बस स्टैंड रेलवे स्टेशन हाईवे और संवेदनशील इलाकों में गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। साथ ही बैंकों और एटीएम परिसरों का औचक निरीक्षण भी किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में दहशत का माहौल है जबकि आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# मानव सेवा का अनूठा उदाहरण : आर.डी. द्विवेदी के 75वें जन्मदिन पर हिंडाल्को, महान में 75 यूनिट रक्तदान





**जागरण, सिंगरौली।** रेड क्रॉस ब्लड बैंक सोसायटी के डायरेक्टर आर.डी. द्विवेदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर हिंडालको – महान अस्पताल में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सेवा और मानवता को समर्पित इस आयोजन में कुल 75 रक्तदानियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी योगदान दिया। रक्तदान शिविर में हिंडालको – महान के द्वय इकाई प्रमुख एस. सेंथिल नाथ, लिनु पंचमन, एच.आर. हेड डॉ. विवेकानंद मिश्रा, सीएमओ डॉ. आशेष शरण, सुदीप्ता नायक और सुब्रत पाढ़ी सहित कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वयं रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस दौरान कार्यक्रम का सबसे प्रेरक क्षण वह रहा जब डॉ. विवेकानंद मिश्रा और उनकी धर्मपत्नी श्रद्धा मिश्रा ने एक साथ रक्तदान कर समाज को मानवीय सेवा का सशक्त संदेश दिया। दंपत्ति द्वारा किया गया यह रक्तदान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के लिए विशेष प्रेरणा का केंद्र बना। कई लोगों ने इसे परिवार स्तर पर समाज सेवा की मिसाल बताते हुए सराहना की। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले एस. सेंथिल नाथ, लिनु पंचमन और डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवनदान साबित हो सकता है, इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक जागरूकता के माध्यम से यदि अधिक लोग रक्तदान के लिए प्रेरित होंगे तो अस्पतालों में रक्त की कमी की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है। रक्तदान शिविर के सफल संचालन में हिंडालको – महान अस्पताल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीएमओ डॉ. आशेष शरण और डॉ. दीप्ति शरण (चीफ कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट) के मार्गदर्शन में अस्पताल के स्टाफ ने पूरी व्यवस्था संभाली। अस्पताल टीम में योगेश, हरजीत, पंकज, सनत, अरविंद और प्रभात के साथ सिस्टर आरती, सिस्टर शुषमा और सिस्टर आशा ने शिविर के संचालन में सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने रेड क्रॉस ब्लड बैंक सोसायटी के डायरेक्टर आर.डी. द्विवेदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। साथ ही इस सेवा कार्य को समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

# शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर के प्राचीन गेट पर पेयजल संकट

## पानी कनेक्शन पुनर्स्थापना पर उठे सवाल



**जागरण, शक्तिनगर।** स्थानीय शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर के प्राचीन प्रवेश द्वार पर तीर्थ यात्रियों के लिए पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। जानकारी के अनुसार परियोजना निर्माण काल से ही एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना द्वारा मंदिर परिसर के प्राचीन पारंपरिक गेट पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया था। वर्तमान में परियोजना विस्तार कार्य के चलते समीप स्थित जेएमई कॉलोनी को हटाए जाने के बाद मंदिर का उक्त पानी कनेक्शन बंद कर दिया गया है। इसके कारण मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं तीर्थ यात्रियों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मंदिर के प्राधिकृत पुजारी हेमंत मिश्रा द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना प्रबंधन एवं जिला प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर पानी का कनेक्शन पुनर्स्थापित कराने की मांग की गई थी। आरोप है कि मामले में स्थानीय स्तर पर प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में तथ्यों को सही ढंग से प्रस्तुत नहीं किया गया। बताया जाता है कि इस प्रकरण को लेकर जनहित के तहत उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग में अपील दायर की गई थी। जिस पर मुख्य राज्य सूचना आयुक्त डॉ.राजकुमार विश्वकर्मा की न्यायपीठ ने आपत्ति के निस्तारण हेतु तहसीलदार दुद्धी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जवाब प्रस्तुत करने के लिए तलब किया है।

# सम्पतिया से नहीं संभल रहा सिंगरौली: आप प्रदेश सचिव



**जागरण, वैढ़न ।** मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं डीएमफ योजना अंतर्गत लगभग 200 से ऊपर हैंडपंप उत्खनन अकेले चितरंगी विधानसभा मे पीएचई विभाग के द्वारा करा दिया गया है लेकिन आज दिनांक तक उसमें हैंडपंप सेट एवं पाइप नहीं लगाया जा सका है जिसकी वजह से उसकी उपयोगिता शून्य दिख रही है उक्त बयान आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिमन्यु देव सिंह चंदेल ने जारी किया श्री चंदेल ने कहा यह उस जिले की स्थिति है जिस जिले के प्रभारी मंत्री स्वय पीएचई विभाग का जिम्मेदारी लिए हुए बैठी हैं आखिर मुख्यमंत्री आधो संरचना एवं एमडीएमएफ की राशि कहां खुर्द बुर्द कर दी गई है इसका जवाब प्रभारी मंत्री को देना चाहिए कहीं ऐसा तो नहीं कि भाजपा के एक नेता के द्वारा संपत्तियों के ऊपर हजार करोड़ घोटाले का जो आरोप लगाया गया था कहीं वह सच्चाई के नजदीक तो नहीं है यह जांच का विषय होना चाहिए मार्च महीने में चितरंगी के दूरस्थ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति निर्मित हो चुकी है यदि इसी तरह चलता रहा तो अप्रैल मई जून महीने में भयावह भीषण जल संकट निर्मित हो सकता है प्रभारी मंत्री के द्वारा जिस तरह से प्रबंध समिति की बैठक भोपाल में आयोजित की गई थी उससे तो लगता है कि प्रभारी मंत्री को जनता एवं मीडिया के सवालों का सामना न करना पड़े इसलिए भोपाल में सिंगरौली प्रबंध समिति की बैठक आयोजित करती हैं उन्होंने कहा कि प्रभारी मंत्री जी आने वाले भीषण संकट से बचने का कोई समय रहते निदान नहीं करती तो आम आदमी पार्टी उनके खिलाफ आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

# एमपी ट्रांसको में ट्रांसमिशन प्रोटेक्शन सिस्टम पर कार्यशाला आयोजित



**जागरण, वैढ़न ।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एमपी ट्रांसको के परीक्षण संभाग सिंगरौली के संभागीय कार्यालय में रिले प्रोटेक्शन सामान्य परिचय विषय पर एक उपयोगी प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य ट्रांसमिशन सिस्टम की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा संबंधित अधिकारियों.कर्मचारियों की तकनीकी जानकारी को अद्यतन करना था। कार्यक्रम का आयोजन कार्यपालन अभियंता बिजक कुमार प्रिये के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण सत्र में श्री विशाल भालाधरे सहायक अभियंता.परीक्षण सहित अन्य विशेषज्ञों ने रिले प्रोटेक्शन प्रणाली उसके संचालन महत्व तथा ट्रांसमिशन सिस्टम की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर संभाग के सभी सहायक अभियंता सबस्टेशन कनिष्ठ अभियंता सबस्टेशन सबस्टेशन प्रभारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे और कार्यशाला में भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। विशेषज्ञों ने बताया कि रिले प्रोटेक्शन प्रणाली विद्युत ट्रांसमिशन नेटवर्क की सुरक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और इससे संभावित विद्युत व्यवधानों एवं तकनीकी जोखिमों को समय रहते नियंत्रित किया जा सकता है।

# कर्मचारियों का सकारात्मक व्यवहार ही विश्वविद्यालय की असली पूंजी है



**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण जीव विज्ञान विभाग द्वारा गैर शिक्षण कर्मचारियों के लिए आयोजित सात दिवसीय लाइफ स्किल्स वर्कशॉप ऑन बिहेवियरल स्किल्स का शनिवार को समापन हुआ। समापन सत्र की अध्यक्षता कुलसचिव प्रो.सुरेंद्र सिंह परिहार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. आरपी. जोशी उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष एवं कार्यशाला संयोजक डॉ. अतुल कुमार तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। कुलसचिव ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों का सकारात्मक व्यवहार ही विश्वविद्यालय की असली पूंजी है। डॉ. राहुल पांडे, डॉ. पुष्पराज सिंह और बुद्धसेन पटेल ने भी व्यवहारिक कौशल और संस्कारों के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कुलसचिव द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रमाणपत्र प्राप्त करने वालों में डॉ. बुद्धसेन पटेल, डॉ. राहुल पांडे, डॉ. पुष्पराज सिंह, रजनीश कुमार शुक्ला, अनुज कुमार पटेल, चंद्र प्रकाश यादव, प्रशांत शुक्ला, योगेश्वर प्रसाद वर्मा, आशीष कुमार वर्मा, भूपेंद्र शेखर शुक्ला, राधिका प्रसाद पटेल, हर्षवर्धन सिंह, संगीता कोल शामिल हैं।

# लाडली लक्ष्मी मार्ग पर डला कचरा भी जलाया



**जागरण, रीवा।** शहर के मध्य स्थित मानस भवन के समीप बने कचरा डंप पाइंट में डंप कचरे में गत गुरुवार रात आग लगा दी गई, जबकि यहां डला कचरा उठवाकर पहड़िया प्लांट भिजवाना था किन्तु ऐसा न कर कचरे को जलाकर यहीं निपटा दिया गया। शुक्रवार को लाडली लक्ष्मी पथ पर डाला गया कचरा भी जला दिया गया, जो शनिवार सुबह तक सुलगता रहा। लाडली लक्ष्मी पथ पर कचरा डंप पॉइंट नहीं बना है फिर यहां पर लंबे समय से कचरा डाला जा रहा है और उसे उठवाने की बजाय कचरे को आए दिन यहां जला दिया गया है। जहां कचरा फेंका जाता है उसी के सामने केन्द्रीय विद्यालय की नर्सरी है, एक बार तो कचरा जलाने के दौरान नर्सरी के अंदर तक आग पहुंच गई थी, बड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया, लेकिन यहां कचरा जलाना बंद नहीं हुआ। निगम के सूत्रों की मानें तो जिस ठेकेदार को कचरा उठाने का जिम्मा मिला है, उसका भुगतान समय-समय पर किया जा रहा है, जबकि शहर के वार्डों सहित जगह-जगह कचरा पड़ा रहता है, पहड़िया भेजा जाने वाला कचरा यहीं पर जलाकर नष्ट किया जा रहा है।

# विविधता में एकता और नई शिक्षा नीति पर विद्वानों का हुआ विमर्श

## टीआरएस कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का शुभारम्भ

### समाजशास्त्र विभाग का आयोजन




**रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 14-15 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का शुभारम्भ शनिवार को किया गया। संगोष्ठी का विषय 'भारतीय समाज में विविधता में एकता- राष्ट्रीय शिक्षा नीति, राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता' रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय समाज की बहुलतावादी संरचना, शिक्षा नीति की भूमिका तथा सामाजिक समरसता के आयामों पर विद्वानों के बीच गंभीर अकादमिक विमर्श को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का आयोजन प्रातः 11 बजे किया गया। सत्र के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा विभाग, रीवा संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. आर. पी. सिंह रहे। मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष सक्सेना उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सी.एम.पी. कॉलेज, प्रयागराज की प्राध्यापक डॉ. विजय लक्ष्मी सक्सेना उपस्थित रहीं। संगोष्ठी के संयोजक समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अखिलेश शुक्ल तथा सह-संयोजक डॉ. महानंद द्विवेदी रहे। इसअवसर पर आई.एस.बी.एन. युक्त संदर्भ पुस्तक का विमोचन किया गया। प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने अपने स्वागत उद्बोधन में विषय प्रवेश कराया। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. अखिलेश शुक्ल ने संगोष्ठी के उद्देश्य का वाचन करते हुए बताया कि भारतीय समाज में भाषा, धर्म, संस्कृति और परंपराओं की विविधता के बावजूद राष्ट्रीय एकता की भावना सदैव मजबूत रही है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य इन्हीं आयामों का समाजशास्त्रीय विश्लेषण करना तथा नई शिक्षा नीति के संदर्भ में सामाजिक समरसता के प्रश्नों पर विचार करना है। उद्घाटन सत्र के पश्चात संगोष्ठी के द्वितीय अकादमिक सत्र में विशेष वक्ता प्रोफेसर विजय लक्ष्मी प्रयागराज थीं। सत्र की अध्यक्षता डॉ. रचना श्रीवास्तव ने की एवं प्रतिवेदक डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव एवं डॉ. स्वाती शुक्ला थीं। इस सत्र में डॉ. अलका मिश्रा, पूजा तिवारी, डॉ. शाहेदा सिद्दीकी ने शोध पत्र का वाचन किया। इसके बाद तृतीय अकादमिक सत्र की अध्यक्षता डॉ. महानन्द द्विवेदी तथा प्रतिवेदक डॉ. मनीषा द्विवेदी एवं डॉ. फरजाना बानो थीं। इस सत्र में डॉ. सतीष कुमार द्विवेदी, चन्द्रभान सिंह, अयोध्या सिंह, देव कृष्ण तिवारी, वर्षा मोगरे आदि ने शोध पत्र का वाचन किया।

### समरस समाज के निर्माण का आह्वान

मुख्य वक्ता डॉ. आशीष सक्सेना ने अपने की-नोट ऐड्रेस में कहा कि भारत की सामाजिक संरचना बहुलतावादी है, जहाँ विभिन्न समुदाय, भाषाएँ और संस्कृतियाँ मिलकर एक साझा राष्ट्रीय पहचान का निर्माण करती हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्य अतिथि डॉ. आर. पी. सिंह नेकहा कि उच्च शिक्षा संस्थान केवल ज्ञान के केंद्र नहीं बल्कि सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय मूल्यों के संवाहक भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को समाज की विविधताओं को समझते हुए समरस समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. शाहेदा सिद्दीकी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव द्वारा किया गया।



## बीसीसीआई नमन पुरस्कार: मंधाना 5वीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और गिल दूसरी बार पॉली उमरीगर अवॉर्ड विजेता

# पहली बार एक साथ पांच विश्व कप विजेता टीमों का सम्मान

जेएनएन, नई दिल्ली

भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को आयोजित बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 समारोह में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) चुना गया। गिल ने प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर पुरस्कार' जीता, जबकि मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल का यह दूसरा 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय क्रिकेट में उनके बेहतरीन योगदान को देखते हुए दिया गया। वहीं यह पहली बार है जब आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली भारत की सभी पांचों टीमों को सम्मानित किया गया। शेफाली वर्मा को 2024-25 घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला सीनियर वनडे क्रिकेटर, ईरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू), हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर और आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवर की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

गिल के लिए 2025 का साल बेहद शानदार रहा और उन्होंने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों में खुद को टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज में से एक के तौर पर स्थापित किया। इंग्लैंड दौरे पर कप्तान गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम की अगुआई करते हुए 10 पारियों में 75.40 के औसत से कुल 754 रन बनाए, जिससे वह सीरीज में सबसे च्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। इसमें चार शतक और 269 रन का उनका सर्वोच्च स्कोर भी शामिल था। पिछले साल भारत की 'चैंपियंस ट्रॉफी' जीत में भी गिल ने अहम भूमिका निभाई थी। इस टूर्नामेंट में उन्होंने दुनिया के नंबर एक वनडे बल्लेबाज के तौर पर प्रवेश किया था। बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पहले मैच में उन्होंने नाबाद 101 रन बनाए और पूरे टूर्नामेंट में कुल 188 रन बनाकर अपना अभियान समाप्त किया।

मंधाना ने 2025 का समापन कुल 1,703 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ किया। इसमें वनडे में 1,362 रन शामिल हैं, जो किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाए गए सबसे च्यादा रन हैं। ऐसा करके मंधाना महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में एक ही कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली बल्लेबाज़ बन गईं। भारत को अपना पहला महिला विश्व कप खिताब दिलाने में भी मंधाना ने अहम योगदान दिया। उन्होंने नौ मैचों में कुल 434 रन बनाए और टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे च्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। पूरे टूर्नामेंट में सबसे च्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वह दूसरे स्थान पर रहीं। विश्व कप से पहले बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 गेंदों में शतक जड़कर किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज वनडे शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया और इस तरह उन्होंने विराट कोहली के 52 गेंदों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

- यह पहली बार है जब आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाली भारत की सभी पांचों टीमों को सम्मानित किया गया।
- चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और टी-20 विश्व कप 2026 जीतने वाली सीनियर पुरुष टीम,
- महिला वनडे विश्व कप 2025 जीतने वाली सीनियर महिला टीम
- 2026 में विश्व कप जीतने वाली अंडर-19 पुरुष टीम
- 2025 में विश्व कप जीतने वाली अंडर-19 महिला टीम

### मप्र के यशवर्धन भी सम्मानित

अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी (एलीट ग्रुप) में सर्वाधिक विकेट लेने वाले मप्र के गेंदबाज यशवर्धन सिंह चौहान को जगमोहन दालमिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड


रोजर बिन्नी


राहुल द्रविड़


मिताली राज







## खेल एक नजर

### फुटबॉल: 31 को भारत-हांगकांग के बीच एशियाई कप क्वालिफाइंग मैच

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालिफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालिफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालिफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है। क्वालिफायर के संदर्भ में यह मैच भले ही औपचारिकता मात्र हो, लेकिन फीफा रैंकिंग के अंक दांव पर लगे होने के कारण इस मैच का महत्व बना हुआ है। यह 10 साल में पहली बार होगा जब भारतीय टीम कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मैच खेलेगी।

### एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप: भारतीय ट्रिपल जम्पर सेल्वा प्रभु ने जीता रजत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने शनिवार को 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी करियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कन्सास स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेलते हुए राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड भी बनाया।





### वेस्टइंडीज टीम के खिलाड़ी स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने बताया कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य अब सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। उन्हें पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यात्रा में आई रुकावटों की वजह से भारत में रुकना पड़ा था। वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्व कप में अपना आखिरी मैच एक मार्च को कोलकाता में खेला था।

# प्रीमियर लीग में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बने 16 साल के डोमैन

## आर्सेनल ने एवर्टन को 2-0 से परास्त किया




जेएनएन, लंदन

आर्सेनल के 16 वर्षीय विंगर मैक्स डोमैन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। उन्होंने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम की 2-0 की जीत में स्टॉपेज टाइम में गोल किया। डोमैन ने अपने हाफ के बीच में गेंद को अपने कब्जे में लिया। वह एवर्टन के दो खिलाड़ियों को चकमा देकर आगे बढ़े और फिर गोल दाग दिया। उन्होंने 16 साल और 73 दिन की उम्र में यह गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया। प्रीमियर लीग में यह उनका केवल तीसरा मैच था। डोमैन ने एवर्टन के पूर्व खिलाड़ी जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2005 में 16 साल और 270 दिन की उम्र में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ गोल किया था। आर्सेनल ने इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के 30 मैच में 61 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। एक अन्य मैच में न्यूकैसल ने चेल्सी को 1-0 से हराया।


डोमैन ने पिछले साल नवंबर में सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में खेलने का रिकॉर्ड बनाया था। जब उन्होंने स्लाविया प्राग के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा था, तब उनकी उम्र 15 साल और 308 दिन थी। डोमैन अब भी स्कूल में पढ़ रहे हैं।

**प्रीमियर लीग के सबसे कम उम्र के गोल स्कोररों की सूची**

| खिलाड़ी | उम्र | साल | टीम | विरुद्ध |
|---|---|---|---|---|
| मैक्स डोमैन | 16 वर्ष, 73 दिन | 2026 | आर्सेनल | एवर्टन |
| जेम्स वॉन | 16 वर्ष, 270 दिन | 2005 | एवर्टन | क्रिस्टल पैलेस |
| जेम्स मिलनर | 16 वर्ष, 356 दिन | 2002 | लीड्स | सुंदरलैंड |
| वायने रूनी | 16 साल, 360 दिन | 2002 | एवर्टन | आर्सेनल |
| रियो न्गुमोहा | 16 वर्ष, 361 दिन | 2025 | न्यूकैसल | सेलिवरपूल |

### एल्चे पर जीत से बार्सिलोना के करीब पहुंचा रियाल मैड्रिड

**बार्सिलोना, जेएनएन।** फेडेरिको वाल्वरडे ने तीन मैचों में पांचवां गोल दागकर शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे रियाल मैड्रिड एल्चे को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है। उरुग्वे के मिडफील्डर वाल्वरडे ने हाफ टाइम से ठीक पहले दाएं पैर से घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। वाल्वरडे ने इससे पहले चैंपियंस लीग के अंतिम 16 के पहले चरण के मैच में रियाल मैड्रिड की मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई थी। उससे पहले उन्होंने लालिगा के पिछले दौर में सेल्टा विगो के खिलाफ 2-1 से जीत में भी गोल किया था। इस जीत से रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 66 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना के 27 मैच में 67 अंक हैं।



# न्यूजीलैंड का 10वां सबसे छोटा स्कोर दक्षिण अफ्रीका ने जीता पहला टी-20



**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड), जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे चार खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 14.3 ओवर में 91 रन पर समेटने के बाद पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच सात विकेट से जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन की 48 गेंद में नाबाद 45 रन की पारी की बदौलत 20 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 93 रन बनाकर जीत दर्ज की। पदार्पण कर रहे डियान फोरेस्टर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। एस्टरहुइजेन ने 17वें ओवर में काइल जेमीसन पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। न्यूजीलैंड की विश्व कप टीम के आठ सदस्य इस सीरीज का हिस्सा नहीं हैं, जिसमें फाइनल में भारत के खिलाफ 96 रन से शिकस्त झेलने वाली टीम के शीर्ष छह बल्लेबाज भी शामिल हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए और अंततः टी-20 में अपने 10वें सबसे कम स्कोर पर सिमट गई, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा सबसे कम स्कोर है। गेराल्ड कोएट्जी (14 रन पर दो विकेट) ने न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (01) और टॉम लैथम (07) को पवेलियन भेजा, जबकि ओटनील बार्टमैन (22 रन पर दो विकेट) ने टिम रोबिनसन (06) और निक कैली (02) की पारी का अंत किया। बेवन जैकब्स (10) इसके बाद रनआउट हुए, जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 36 रन हो गया। प्लेयर ऑफ द मैच कोबानी मोकोएना (26 रन पर तीन विकेट) ने न्यूजीलैंड के निचले क्रम को समेटा। जिमी नीशाम (26) और मिचेल सेंटनर (15) ने सातवें विकेट के लिए 26 रन जोड़े जो पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही।

### फ्यूचर्स कप: चंद्रिका को स्वर्ण, भारत ने पांच पदक से अभियान खत्म किया

**बैंकॉक, जेएनएन।** भारत ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में अपना अभियान पांच पदक के साथ खत्म किया, जिसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल है। युवा ओलंपिक वजन वर्ग में मुकाबला करते हुए भारत की अंडर-19 पुरुष और महिला टीमों ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया। इस अभियान की अगुआई चंद्रिका पुजारी ने की, जिन्होंने महिलाओं के 51 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की मार्दोनोवा नाजोकत को सर्वसम्मत फैसले से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन भारतीय मुक्केबाजों ने अपने वजन वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बाद रजत पदक जीते। गुंजन (48 किग्रा) इंग्लैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी से 5-0 के फैसले से हार गईं, जबकि जॉयश्री देवी (54 किग्रा) कड़े मुकाबले के बाद अमेरिका की एक मुक्केबाज से 1-4 से पराजित हो गईं।




## मैदान से हटकर

### 12 करोड़ की फेरारी में महिका को घुमाने निकले हार्दिक पंड्या

भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अक्सर अपनी निजी जिंदगी के कारण सुर्खियों में रहते हैं। हाल के दिनों में वे गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा के साथ रिलेशनशिप को लेकर छाए हुए हैं। टी-20 विश्व कप 2026 का खिताब जीतने के बाद हार्दिक ने ब्रॉडकास्टर से बातचीत कर माहिका के बारे में खुलकर बातचीत की थी। उन्होंने तो माहिका को अपनी मिसेज भी कह दिया। हार्दिक ने कहा कि जब से वो मेरी जिंदगी में आई है, तब से सिर्फ जीत मिल रही है।





मैदान के बाहर रॉयल जिंदगी जीने के लिए मशहूर हार्दिक ने एक और शानदार कार खरीदी है। उन्होंने 12 करोड़ रुपए की फेरारी 12 सिलिंड्री खरीदी है। खबरों के मुताबिक, हार्दिक के पास पहले से रोल्स रॉयस फैंटम, ऑडी ए6, रेंज रोवर वोग, लैम्बोर्गिनी उरुस एसई और मर्सिडीज बेंज जैसी गाड़ियां हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में हार्दिक को गर्लफ्रेंड माहिका के साथ इस शानदार गाड़ी में सवार होकर ड्राइव करते हुए देखा जा सकता है। काली रंग की फरारी में हार्दिक और माहिका एक दूसरे को देखकर मुस्कुराते नजर आए। (जेएनएन)

## मर्सीडीज के एंटोनेली फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बने


**शंघाई, जेएनएन।** किमी एंटोनेली ने रविवार को हुई चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए जीत हासिल की, जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए। इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कु.छ समय के लिए फेरारी के लुइस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई, लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुइस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। कम उम्र में ग्रां प्री जीतने वाले एकमात्र ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन हैं, जिन्होंने 2016 में जब अपनी पहली जीत हासिल की थी तब उनकी उम्र 18 साल थी। फॉर्मूला वन और उसकी संचालन संस्था फिया ने कहा है कि ईरान युद्ध से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण अप्रैल में बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली ग्रां प्री रेस नहीं होंगी। एफवन रेस 12 को बहरीन में और 19 अप्रैल को सऊदी अरब के जेद्दा में होनी थी।





## इंडियन वेल्स: विश्व नंबर एक कार्लोस अल्काराज को हराकर मेदवेदेव फाइनल में, खिताबी भिड़ंत सिनर से

जेएनएन, इंडियन वेल्स (अमेरिका)

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्काराज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्काराज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्काराज और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया।





मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्काराज पर पहली जीत है। सिनर ने ज्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का जवेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत शामिल है।

**टेलर-कैटरीना की जोड़ी बनी चैंपियन**

महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में गुइडो एंड्रेओजी और मैनुअल गिनार्ड ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटीन वाचेरोट को 7-6 (3), 6-3 से पराजित किया।

## पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**कराची, जेएनएन।** भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। सरफराज की कप्तानी में पाकिस्तान ने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी और 2006 का अंडर-19 विश्व कप अपने नाम किया। सरफराज ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि सरफराज के संन्यास लेने की औपचारिक घोषणा के बाद अब पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है। पीसीबी ने ऑलराउंडर अजहर महमूद का अनुबंध समाप्त कर दिया था, जिसके बाद से टेस्ट टीम के मुख्य कोच का पद खाली पड़ा है। महमूद ने पिछले साल टेस्ट टीम के अंतरिम मुख्य कोच के रूप में कार्य किया था। मई में 39 वर्ष के होने वाले सरफराज को हाल में पाकिस्तान अंडर-19 और शाहीन टीमों का मेंटोर (मार्गदर्शक) और मैनेजर नियुक्त किया गया था। सरफराज ने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल अक्टूबर ने खेला था।



- सरफराज ने 2007 से 2023 के बीच पाकिस्तान की तरफ से 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने तीनों प्रारूप में 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी भी की है।

### देव-कुलदीप कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने पांचवीं इंडियन ओपन जंप्स प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बेंगलुरु में आयोजित प्रतियोगिता में अकादमी के आदित्य रघुवंशी ने पुरुष हाई जंप स्पर्धा में 2.13 मीटर की शानदार छलांग लगाकर रजत पदक हासिल किया। वहीं पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में अकादमी के देव कुमार मीणा और कुलदीप कुमार ने 5.25 मीटर की शानदार छलांग लगाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई किया। 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स 23 जुलाई से 2 अगस्त स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित होंगे।

## जेएन भाया टी-20: ग्वालियर को हराकर रीवा बना चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** रीवा की टीम ने फाइनल में ग्वालियर को 60 रन से हराकर जेएन भाया ट्रॉफी सीनियर मेंस टी-20 टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रीवा ने 7 विकेट खोकर 244 रन बनाए। रोहित गुप्ता (35 गेंदों में 72 रन), सागर पी. सिंह बघेल (22 गेंदों में 51 रन) और अनंत वर्मा (24 गेंदों में 46 रन) तेज पारियां खेलीं। जवाब में ग्वालियर की टीम 19.2 ओवर में 184 रन पर सिमट गई। अमन भदौरिया ने 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि अमन यादव ने 45 और वेदांश व्यास ने 24 रन बनाए। रीवा के त्रिपुरेश सिंह ने 4 विकेट हासिल किए। ओमकारनाथ सिंह को दो ओर अधीर पी. सिंह को एक सफलता मिली। प्लेयर ऑफ द मैच रोहित रहे। विजेता, उपविजेता टीम और खिलाड़ियों को बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, एमपीसीए ऑब्जर्वर नितिन श्रीवास्तव, सेज ग्रुप के एमडी करण खुराना और बीडीसीए के मानद सचिव शांति कुमार जैन और उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुशील सिंह ठाकुर ने पुरस्कृत किया।



## प्रस्तावित दरों पर आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई

**सतना।** जिला पंजीयक एवं जिला मूल्यांकन समिति सतना द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित गाइडलाइन दरों के संबंध में आपत्तियां और सुझाव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में वृद्धि कर दी गई है। जिला पंजीयक डॉ. कीर्ति सिंह बघेल ने बताया कि पूर्व में यह तिथि 10 मार्च निर्धारित की गई थी जिसे अब बढ़ाकर 17 मार्च कर दिया गया है। इच्छुक नागरिक संस्थाएं तथा संबंधित पक्ष कार्यालयीन समय में अपने आपत्ति एवं सुझाव 17 मार्च को शाम साढ़े5 बजे तक जिला पंजीयक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## संघर्षशील जननेता का अवसान : सुरेंद्र शर्मा

**सतना।** जदयू नेता और अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने पूर्व विधायक यादवेन्द्र सिंह के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वो एक शानदार जननेता थे जिन्होंने हमेशा शोषितो वंचितों के लिए शोषण और अन्याय के खिलाफ सड़क से सदन तक आवाज बुलंद की जनहित के तमाम मुद्दों पर संघर्ष किया निश्चित ही उनका निधन एक बड़ी अपूर्तिनीय क्षति तो है ही एक संघर्षशील जननेता का अवसान भी है जिन्हें उनके व्यवहार कुशलता और संघर्ष के साथ दिये योगदान के लिए हमेशा आदर और सम्मान के साथ याद किया जाएगा ।

# मेडिकल कैम्प प्रिज्म जानसन : मलगॉव में मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न

### 207 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, प्रिज्म जानसन ने लगाया था मेडिकल कैम्प



**जागरण सतना**

प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ग्राम मलगॉव मे रविवार को बृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस शिविर में आये हुये 207 मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श भी प्रदान किया गया। साथ ही दवाइयां भी वितरित की गईं। इस शिविर में विशेष रूप से महिलाओं बुजुर्गों और बच्चों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

इस अवसर पर डॉक्टर डीडी मिश्रा ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकर द्वारा 14 से 15 वर्षकी बच्चियों के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जिला प्रशासन द्वारा विशेष कैंप लगा करके टीका कारण कराया जा रहा है इस टीकाकरण में आप सभीलोग भाग लेकर बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाए। जिला प्रशासन के इस महा अभियान को सफल बनाएं डीजीएम सीएसआर एंड पीआर देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। नि शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जगतनारायण त्रिपाठी उपसरपंच अध्यक्ष रामबली साकेत समाजसेवी विशिष्ट अतिथिगण कृष्णपाल सिंह पूर्व सरपंच नरेंद्र सिंह तिवारी अशोक द्विवेदी और प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड से डॉ मनीष कुमार सिन्हा हेड एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर डॉ डी डी मिश्रा वीपी मेडिकल सर्विसेज एवं डी के सिंह जीएम माइंस व उपस्थित चिकित्सकों द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण करके किया गया।

इस अवसर पर श्री मिश्रा ने प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि आज के शिविर में डॉ डीडी मिश्रा हड्डीरोग विशेषज्ञ डॉ शेफाली जैन मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ अपर्णा अग्रवाल स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ सतीश त्रिपाठी दंत रोग विशेषज्ञ और डॉ नीरज सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये डॉ मनीष कुमार सिन्हा हेड एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर ने कहा कि इस स्वास्थ्य शिविर से हमारे ग्रामवासियों को निश्चित रूप से उन विशेषज्ञों का लाभ मिलेगा, जिनके लिये हमे जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता है। नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर हम गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी रामबाली साकेत ने कहा कि यह केवल एक चिकित्सा शिविर नहीं, बल्कि समाज सेवा और मानवता के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है और ऐसे प्रयास न केवल लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं बल्कि जागरूकता भी फैलाते हैं। कार्यक्रम के अंत में श्री डी. के. सिंह जीएम माइंस ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिविर में हड्डी रोग के 58 नेत्र रोग के 35 दंत रोग के 30 मेडिसिन के 44 और स्त्री रोग से संबंधित 40 मरीजों का परीक्षण किया गया और उपचार किया गया। इसके अलावा 20 रोगियों के ब्लड शुगर की जांच भी की गई। इस चिकित्सा शिविर में ग्राम पंचायत मलगॉव से सुशील द्विवेदी रामकुमार मल्लाह गोरेलाल प्रजापति मुन्ना द्विवेदी रामखेलावन श्रीमती शांती शर्मा एवं प्रिज्म जॉनसन से देवेन्द्र मिश्रा विजय मिश्रा प्रकाश पाण्डेय संदीप तिवारी अनंदी लाल संजय सिंह परिहार के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। आयोजन का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ और स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की।

# वन कर्मचारी वेतन एवं सेवा विवाद निराकरण समिति का कर्मचारी मंच ने किया गठन

**जागरण सतना।** मध्यप्रदेश के वन कर्मचारियों के सामने आज सिर्फ़ 5680 - 1900 वेतनमान का मुद्दा नहीं बल्कि पूरे सेवा-जीवन से जुड़े अनेक विवाद खड़े हैं।

ट्रांसफर-पोस्टिंग मनमाने ढंग से हो रहे है कहीं वेतन-वृद्धि विना कारण के रोकी जा रही है तो कहीं वेतन निर्धारण भत्तों विभागीय जांच पदोन्नति वसूली और पेंशन तक के मामलों में अनिश्चितता है। इन्हीं सब चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच वन विभाग ने बैठक मैं निर्णय लेकर मध्य प्रदेश कर्मचारी वेतन एवं सेवा विवाद निराकरण समिति का गठन किया गया है ताकि वन कर्मचारी अपनी सेवा-समस्याओं को भावनात्मक नाराज़गी से नहीं बल्कि तथ्य दस्तावेज़ और कानून के आधार पर समिति के समक्ष प्रस्तुत करें है। जिला अध्यक्ष नरेंद्र प्यासी ने बताया है कि समिति 5680 के मुद्दे के साथ-साथ मुख्य विषयों पर मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव अपर मुख्य सचिव वन मुख्य वन संरक्षक रीवा जिला कलेक्टर वन मंडला अधिकारी सतना ज्ञापन सौपकर निराकरण करने की मांग करेगा। श्री पयासी ने बताया कि नियुक्ति प्रोबेशन पुष्टि और सेवा-पुस्तिका की प्रविष्टियाँ ट्रांसफर पोस्टिंग अटैचमेंट और कैंसलेशन के विवाद वेतन वेतन-वृद्धि रोकना वेतन निर्धारण और भत्तों की विसंगतियाँ विभागीय जांच निलंबन दंड पदोन्नति और वरिष्ठता सम्बन्धी मामले में वसूली पेंशन व रिटायरमेंट लाभों से जुड़े विषय प्रमुखता के आधार पर प्रशासन एवं शासन के समक्ष मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच वन विभाग रखेगा। मंच सरकार से मांग करेंगा कि आदेशों सर्विस बुक वेतन-पर्ची नोटिस आदि तत्काल निराकरण किए जाएं कर्मचारी मंच विधिक सहायता के माध्यम से वन कर्मचारी के न्यायालय आदेशों का लाभ शासन से दिलाने की सार्थक कार्यवाही करेगा ।

# पीएचई के कार्यपालन यंत्री सहित 25 को नोटिस

### सीएम हेल्प लाइन में लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कलेक्टर ने की कार्यवाही


कार्यालय कलेक्टर (लोक सेवा प्रबंधन) जिला-सतना (म.प्र.)

**जागरण सतना।** सीएम हेल्प लाइन में आने वाली शिकायतों को निराकृत करने में लापरवाही करने वाले पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री स्वेतांक चौरसिया सहित 25 अधिकारी कर्मचारियों को कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाब तलब किया है । उल्लेखनीय है कि कार्यपालन यंत्री श्री चौरसिया की लचर कार्यशैली के चलते शिकायतों का निराकरण ठीक ढंग से नही हो पाया । कुछ यही हाल डीएसओ का भी रहा जिसके चलते डीएसओ को भी कारण बताओ नोटिस जारी की गई है । वही जेएसओ चित्रकूट जेएसओ उचेहरा जेएसओ मझगवां जेएसओ सोहावल को नोटिस जारी किया गया। बिजली विभाग के कनिष्ठ यंत्री चित्रकूट जैतवारा बाबूपुर सिंहपुर जैतवारा कोठी को नोटिस जारी किया गया। इतना ही नही सहायक श्रमायुक्त सहायक यंत्री नगर निगम तहसीलदार नागौद मझगवां रामपुर कोठी सतना शहर को नोटिस जारी की गई है। एनएचएम के डीपीएम बीआरसीसी रामपुर बीपीएम मझगवां कोठी उचेहरा नागौद को भी कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

# विश्व उपभोक्ता दिवस पर कलेक्ट्रेट में हुई जागरुकता कार्यशाला



### अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन ने निभाई महत्वपूर्ण सहभागिता

**जागरण सतना।** विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के तत्वाधान में जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में उपभोक्ता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन जिला सतना ने महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य श्रीमती विद्या पांडे के मुख्य आतिथ्य एसडीएम लक्ष्य राम जांगड़े की अध्यक्षता एवं डीएसओ सम्यक जैन के विशिष्ट आतिथ्य में अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिला अध्यक्ष बृजेश गर्ग सोनू नापतोल विभाग के अधिकारी दीपक गौड़ जेएसओ भागवत द्वेवेदी धर्मेंद्र सिंह के साथ-साथ खाद्य औषधि विभाग सहकारिता विभाग जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों एवं अन्य उपभोक्ता जागरूकता संगठन तथा आम उपभोक्ताओं की मौजूदगी में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी विभागों के सदस्यों ने अपने-अपने विभाग की जानकारी प्रदान की मुख्य अतिथि श्रीमती विद्या पांडे ने उपभोक्ताओं के सुख संरक्षण एवं उनके अधिकार और उन्हें न्याय दिलाए जाने के लिए उपभोक्ता आयोग लगातार कार्य कर रहा है और उसकी सहायता उपभोक्ता ले सकता है इसकी जानकारी विस्तार से लोगों को बताया कार्यक्रम का संचालन कर रहे अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिला अध्यक्ष बृजेश गर्ग सोनू ने उपभोक्ताओं के अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी विस्तार से बताई कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ और अतिथियों को विभाग द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंत में एसडीएम लक्ष्य राम जांगड़े ने सभी का आभार व्यक्त किया एसडीओ सम्यक जैन ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पूर्व राज्य मंत्री की द्वितीय पुण्यतिथि पर हुआ फल वितरण



**जागरण सतना।** पूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन स्वर्गीय हर्ष नारायण सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर रामपुर बघेलान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया साथ ही श्री सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमें मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी उप यंत्री विश्वजीत कुशवाहा पवन गौतम धीरेंद्र सिंह धीरू शिवमोहन सिंह लाला दिलीप सोनी टोनी जितेंद्र सिंह सुंदर केसरवानी सुखेंद्र तिवारी विक्रम सिंह आशीष सिंह इटमा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे और पूर्व राज्य मंत्री श्री सिंह को याद किया।

## कलेक्टर गाइडलाइन्स की बढ़ी दरें वापस हो : बालेश

**जागरण सतना।** रामपुर बाघेलान जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष बालेश त्रिपाठी ने संपत्तियों के पंजीयन हेतु बढ़ी हुई कलेक्टर गाइडलाइंस को पूरी तरह से वापस लिए जाने की मांग करते हुए कहा कि इस भीषण महंगाई से जूझ रहे लोगों को विगत वर्षों में की गई वृद्धि ही पर्वताकर लग रही थी वहीं 2026-27 के लिए प्रस्तावित की गई दरों में वृद्धि जो पहले से ही बड़े-बड़े महानगरों के गाइडलाइंस को भी पार कर चुकी है वह व्यवहारिक दृष्टिकोण से सर्वथा अनुचित व अकाल्पनिक है।

## सांदीपनि विद्यालय बगहा के तीन छात्रों को मिलेगी प्रतिवर्ष 12 हजार छात्रवृत्ति

**जागरण सतना।** शासकीय सांदीपनि उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक विनय कनौजिया ने बताया की नेशनल मींस कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा 2025 में शासकीय सांदीपनि उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बगहा सतना के तीन छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि से विद्यालयों के साथ-साथ क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। संस्था प्राचार्य रघुवंश प्रसाद मिश्रा के संरक्षण और प्र प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार गर्ग के नेतृत्व में छात्रा रितिका पाठक कृतिका त्रिपाठी छात्र मुदित नारायण तीन सफल हुए हैं और परीक्षा उत्तीर्ण की। उनकी सफलता पर विद्यालय परिवार ने छात्रों को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की कामना किये है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा प्रायोजित योजना के अंतर्गत परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रतिमाह एक हजार यानी प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।




























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com